24 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 06

छठ पूजा से पहले लाभुकों के खाते में मंईयां योजना की आयेगी दो किस्त




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## बिहार चुनाव : चाचा से आगे निकला भतीजा

# महागठबंधन का सीएम फेस तेजस्वी यादव

## मुझ पर फिर से भरोसा जताया गया है, नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकेंगे: तेजस्वी

- उप मुख्यमंत्री का चेहरा मुकेश सहनी
- पिछड़ा या अल्पसंख्यक समुदाय से एक और उप मुख्यमंत्री हो सकता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में डैमेज कंट्रोल करने आये राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने साफ कह दिया कि तेजस्वी यादव हमारे सीएम का चेहरा होंगे और मुकेश सहनी उप मुख्यमंत्री। कांग्रेस नेता ने गुरुवार को यहां महागठबंधन की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो उपमुख्यमंत्री और भी लोग बनाये जायेंगे, जो पिछड़ा समुदाय से होंगे। लगभग 50 मिनट चली प्रेस कांफ्रेंस में राजद, कांग्रेस, वीआइपी समेत सात दलों के 14 नेता शामिल हुए। इसमें सभी दलों के नेताओं को बोलने मौका दिया गया। सभी ने महागठबंधन में एकजुटता की बात कही। बताते चलें कि महागठबंधन में सात घटक दल शामिल हैं। राजद, कांग्रेस, सीपीआइ (माले), सीपीएम, सीपीआइ, वीआइपी और आइपी (गुप्ता) की पार्टी।




### एनडीए बताये, कौन बनेगा सीएम फेस

गहलोत ने कहा कि हमारे नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताये कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा। एलान के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझ पर फिर से भरोसा जताया गया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़ कर फेंकेंगे।

**सोशल इंजीनियरिंग से किलेबंदी करेगा महागठबंधन:** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का एमवाइ समीकरण, निषाद जाति के वोटों का तड़का, दलितों का आकर्षण, कुल मिलाकर महागठबंधन ने सोशल इंजीनियरिंग कर किलेबंदी करने की कोशिश की है। इसे रफ्तार देने के लिए यादव से मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव और निषाद जाति से मुकेश सहनी को आगे कर इन जातियों को महागठबंधन की उम्मीद से जोड़ना है। साथ ही इसके मुस्लिम और दलित में भी उप मुख्यमंत्री की बात कर कांग्रेस से अपने आधार वोट दलित और मुस्लिम मतों को कांग्रेस की तरफ खींचना भी है। इस प्रयास का रंग भविष्य में क्या आयेगा, वह तो परिणाम ही बतायेगा। अशोक गहलोत की इस घोषणा ने उन तमाम जातियों का ध्यान महागठबंधन की तरफ आकर्षित करने का काम तो किया ही है।

**28 को जारी होगा घोषणापत्र:** महागठबंधन 28 अक्टूबर को घोषणापत्र जारी करेगा। इसके बाद राहुल गांधी और तेजस्वी यादव बिहार में एक साथ रैली करेंगे। उधर, एनडीए ने अभी तक मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं की है। फिलहाल भाजपा ने केवल इतना कहा है कि चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। 'चाचा-भतीजा' के इस दौड़ में भतीजा फिलहाल एक कदम आगे है।

### ... तो फिर से बिहार में जंगलराज लौटेगा: नित्यानंद राय




पटना (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी यादव महागठबंधन के द्वारा मुख्यमंत्री के उम्मीदवार तो हो सकते हैं, लेकिन बिहार की जनता उन्हें कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बनने देगी। अगर गलती से भी तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार बन गयी, तो फिर से बिहार में जंगलराज का दौर वापस लौट आयेगा। फिर से दिन दहारे हत्या, लूट, बलात्कार शुरू हो जायेंगी। बिहार फिर से 1990 से 2005 के दौर में वापस चला जायेगा।

### जंगल राज अगर लौटेगा तो तेजस्वी सीएम बनेंगे: पीके



पटना (आजाद सिपाही)। जनसुराज पार्टी प्रमुख प्रशांत किशोर ने तेजस्वी के सीएम और मुकेश सहनी के डिप्टी सीएम उम्मीदवार घोषित होने पर तंज कसा है, उन्होंने कहा कि यह सबको पहले से ही पता है कि लालू यादव का जंगलराज अगर लौटेगा तो तेजस्वी सीएम बनेंगे।

# रांची में सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे मुख्य अतिथि, करेंगे उद्घाटन

दक्षिण एशिया के छह देशों के 300 एथलीट लेंगे भाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार से चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सैफ) की शुरुआत हो रही है। इस प्रतियोगिता में दक्षिण एशिया के छह देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका के शीर्ष एथलीट हिस्सा लेंगे। भारत के 70 से अधिक एथलीटों की टीम 37 स्पर्धाओं में पदक की चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता में छह देशों के 300 एथलीट भाग ले रहे हैं। इस इवेंट को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। आयोजन स्थल में दर्शकों का प्रवेश पूरी तरह से फ्री है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सैफ खेल में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वह शाम छह बजे आयोजन का उद्घाटन करेंगे। बताते चलें कि बुधवार को मंत्री सुदिव्य कुमार, मनोज कुमार, शेखर जमुआर और मधुकांत पाठक ने मुख्यमंत्री को उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया था।




**उद्घाटन-समापन समारोह में झारखंडी झलक दिखेगी:** उद्घाटन और समापन समारोह के लिए 500 कलाकारों की टीम तैयार है। कार्यक्रम में झारखंड की संस्कृति और लोक परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। अधिकारियों के मुताबिक सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप की गयी हैं। डॉ मधुकांत पाठक ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका के 300 एथलीट और 150 तकनीकी अधिकारी हिस्सा लेंगे। भारत की 81 सदस्यीय टीम 37 स्वर्ण पदक स्पर्धाओं में भाग लेगी। भारत स्प्रिंट, मिडिल-डिस्टेंस, जंप, थ्रो और रिले इवेंट्स में टीम उतारेगा।

### ऐसा रहा है सैफ गेम में भारत का प्रदर्शन

दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स में भारत परंपरागत रूप से अग्रणी रहा है। पिछली चैंपियनशिप 2008 में कोच्चि में आयोजित हुई थी, जिसमें भारत ने 57 पदक जीते थे। जिसमें 24 स्वर्ण, 19 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। इस बार भी भारत इतिहास रचने को तैयार है।

### महिला वर्ग से पदक की उम्मीद

इधर, महिला वर्ग में साक्षी चव्हाण (200 मीटर) और अमनदीप कौर (800 मीटर) ट्रैक इवेंट्स की अगुवाई करेंगी। लंबी दूरी में सीमा (5000 मीटर) भारत की प्रमुख दावेदार हैं। युवा प्रतिभाएं रीत राठौर (हाई जंप) और भावनी यादव (लांग जंप) भारत की नयी शक्ति का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस बार महिला वर्ग से भी पदक की बड़ी उम्मीद है।

### अगले सीजेआइ होंगे जस्टिस सूर्यकांत

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को पद से मुक्त हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम का अनुरोध करने वाला पत्र शुक्रवार तक भेज दिया जायेगा। ऐसी संभावना है कि जस्टिस सूर्यकांत को देश का अगला सीजेआइ बनाया जायेगा।

# मेराल के सरकारी गोदाम से राशन गबन का आरोपी जनसेवक गिरफ्तार

दीपक कुमार चंचल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

4 मार्च को मेराल थाना में दर्ज हुई थी प्राथमिकी

बलराम शर्मा

**गढ़वा/मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले की मेराल थाना पुलिस ने प्रखंड परिसर स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम से 2765.84 क्विंटल राशन गबन के आरोपी तत्कालीन सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक दीपक कुमार चंचल को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। दीपक को गढ़वा के जोबरइया स्थित उनके नया आवास से गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार 4 मार्च को मेराल सीओ सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी यशवंत नायक ने प्रखंड परिसर स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम से 2765.84 क्विंटल राशन गबन को लेकर एजीएम पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। उनके आवेदन पर मेराल थाना में एजीएम सह जनसेवक दीपक कुमार चंचल को गिरफ्तार किया गया है।



**राशन गबन का मामला न्यायालय में है लंबित:** बताते चलें कि मेराल के सरकारी गोदाम से राशन गबन का मामला न्यायालय में लंबित है। इसमें सीओ यशवंत नायक द्वारा सरकारी गोदाम से 2765.84 क्विंटल चावल गबन के मामले में 34 रुपये प्रति किलो के हिसाब से कुल 94.03 लाख रुपये की वसूली का भी मामला दायर किया गया है।

### राशन गबन का मामला ऐसे हुआ उजागर

मेराल के सरकारी गोदाम का प्रभार अदला-बदली के दौरान करीब 3450 क्विंटल अनाज कम होने की सूचना पर तत्कालीन जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय द्वारा 21 फरवरी को गोदाम की जांच की गयी। जिसमें 2765.84 क्विंटल अनाज गायब होने की सूचना तत्कालीन उपायुक्त को दी गयी।

### तत्कालीन डीसी के निर्देश पर हुई थी एफआइआर

गढ़वा के तत्कालीन डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सीओ सह प्रभारी एमओ यशवंत नायक द्वारा मेराल के तत्कालीन सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक दीपक चंचल रक राशन गबन करने के आरोप में 4 मार्च 2025 को मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# राज्यों को एसआइआर की तैयारी का चुनाव आयोग ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीइओ) को अपने-अपने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग ने इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल मैनेजमेंट में सीइओ के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन दिवस पर ये निर्देश जारी किये। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की उपस्थिति में की। सम्मेलन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में पिछले एसआइआर के अनुसार वर्तमान मतदाताओं का मिलान करने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को पहले जारी किये गये निर्देशों पर हुई प्रगति का आकलन किया। आयोग ने चुनावी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ भी व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। यह सम्मेलन 10 सितंबर, 2025 को आयोजित एसआइआर तैयारी सम्मेलन के फॉलोअप के रूप में आयोजित किया गया। इस दौरान सभी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों ने पिछले पूर्ण एसआइआर के अनुसार अपने-अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में मतदाताओं की संख्या, अंतिम एसआइआर की अर्हता तिथि और मतदाता सूची पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। बता दें कि विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले बिहार में एसआइआर का आयोजन किया गया था। बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। बिहार में 2020 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा और जेडीयू के नेतृत्व वाले एनडीए ने 125 सीटें हासिल कीं, जबकि राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने 110 सीटें जीतीं। अन्य दलों ने आठ सीटें जीतीं। राजद 75 विधानसभा सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी रही। भाजपा ने 74 सीटें और जेडीयू ने 43 सीटें जीतीं।




## चैनपुर सीएचसी में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली मामला

# उपायुक्त के निर्देश पर 108 एंबुलेंस चालक बर्खास्त

नर्स पर भी गिरेगी निलंबन की गाज, भेजा गया कारण बताओ नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/चैनपुर।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने आयी महिलाओं से अवैध वसूली का गंभीर मामले में 108 एंबुलेंस के चालक को बर्खास्त कर दिया गया। वहीं, नर्स पर भी जल्द ही गाज गिरेगी। विभाग ने इस दिशा में कदम उठाते हुए औरोपित नर्स को कारण बताओ नोटिस भेजा है।

बताते चलें कि 'आजाद सिपाही' अखबार ने गुरुवार के अंक में खबर (प्रसव के नाम पर अवैध वसूली) को प्रमुखता से छापा था। इसमें प्रसूता ने एंबुलेंस चालक, कर्मी और नर्स पर अवैध रूप से राशि वसूली का आरोप लगाया था। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने तत्काल संज्ञान लिया और जांच के निर्देश दिये।

**बंद कमरे में जांच, मीडिया से दूरी :** उपायुक्त के आदेश के बाद एसइएमओ डॉ धनुराज सुब्रह्मरू के नेतृत्व में एक जांच टीम चैनपुर सीएचसी पहुंची। टीम में स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम विनय नायक और लिपिक मनीष साहू भी शामिल थे। एसइएमओ ने पीड़िता अनीता कुजूर और संबंधित आशा कार्यकर्ता से बंद कमरे में पूछताछ की। जांच के बाद अधिकारियों ने मीडिया के सामने केवल इतना कहा कि रिपोर्ट गुमला सीएस को सौंप दी जायेगी। वही आगे कुछ कहेंगे।

### 'आजाद सिपाही' अखबार ने गुरुवार के अंक में खबर को प्रमुखता से छापा था



प्रसव के नाम पर अवैध वसूली

एंबुलेंसकर्मी और नर्स पर पैसे ऐंठने का गंभीर आरोप

बच्चों को खिलाने के लिए भी पैसे नहीं थे, फिर मांगा गया पैसा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला/चैनपुर। चैनपुर अनुमंडल अस्पताल में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर विवादों का केंद्र बन गया है। सरकारी दावों के विपरीत केंद्र पर प्रसव के लिए आने-वाली गरीब गर्भवती महिलाओं से अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि 108 एंबुलेंस सेवा से लेकर अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों तक, प्रसव के नाम पर उनसे खुलेआम पैसे ऐंठ रहे हैं।

एंबुलेंसकर्मी और नर्स दोनों ने वसूले 500-500 रुपये : ताजा मामला दत्तरा गांव निवासी अनीता कुजूर से जुड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक अनीता को प्रसव पीड़ा होने पर चैनपुर 108 एंबुलेंस (गाड़ी संख्या जेएच-01-सीजी-8653) से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पीड़िता का आरोप है कि एंबुलेंस के चालक और उपचालक ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने के एवज में 500 रुपये की वसूली की। वहीं, अस्पताल में प्रसव के बाद वहां मौजूद एक नर्स द्वारा उनसे अतिरिक्त 500 रुपये वसूलने का आरोप लगाया। अनीता ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर आयीं थीं। उनके पास बच्चों को कुछ खिलाने तक के लिए पैसे नहीं थे। महिला की इस दयनीय स्थिति को देखकर चैनपुर के एक स्थानीय युवक शिवम कुमार ने मानवता दिखाते हुए उन्हें 500 रुपये की आर्थिक मदद की।

'मिठाई खाने' के नाम पर भी मांगे पैसे: ऐसा ही एक अन्य मामला कुरुमगाड़ निवासी आशा देवी के साथ भी हुआ। आशा देवी ने बताया कि प्रसव होने के बाद अस्पताल की नर्सों द्वारा 'मिठाई खाने' के नाम पर उनसे 200 रुपये की मांग की गयी और पैसे लिये गये।

संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई हो: मेरी लकड़ा

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि चैनपुर क्षेत्र में इस तरह का रवैया बहुत ही निंदनीय है। यह बिल्कुल नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारियों और संलिप्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये।

मामले की जांच कर होगी कार्रवाई : एसीएमओ

मामले की जानकारी मिलने पर एसीएमओ सह चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धनुराज सुब्रहारु ने कहा कि लोगों के द्वारा इस तरह की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति इसमें संलिप्त पाया जायेगा, उसके ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रसव या एंबुलेंस के लिए किसी भी प्रकार का पैसा नहीं लगता है। ग्रामीणों से अपील की कि वे इस तरह का कोई पैसा किसी को न दें।

### जांच में शिकायत की हुई पुष्टि

प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में महिला द्वारा लगाये गये आरोप की पुष्टि हुई। इसके बाद 108 एंबुलेंस के दोषी चालक को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। उस पर केस भी दर्ज किया गया है। इसके साथ ही प्रसव वार्ड में कार्यरत संबंधित नर्स को भी दोषी पाया गया। उसके भी निलंबन की प्रक्रिया शुरू की गयी है। फिलहाल नर्स को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है।

### भ्रष्टाचार पर उपायुक्त का कड़ा रुख

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जनसेवा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं की जायेगी। स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने गुमला के सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाये। साथ ही, इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एक नियमित और सशक्त निगरानी तंत्र स्थापित करने का भी आदेश दिया है।






# असली लीडर वही, जो फ्रंट से लीड करे, ना कि युद्ध शुरू होने से पहले पैर पीछे खींच ले

## पहले दहाड़े, फिर पलटे, डर या चालाकी, या फिर जमीनी सच्चाई को भांपा, आखिर क्यों चुनाव नहीं लड़ रहे पीके

## बदलाव की आस जगाते-जगाते खुद ही उलझ गये पीके, कहीं पॉलिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट का ज्ञान आड़े तो नहीं आया

## तीन साल लगातार बिहार में पसीना बहाने के बाद, असली तस्वीर से रूबरू हो गये प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही विशेष

वह 2014 की गर्मियों का वक्त था, जब देश में आम चुनाव की गहमा-गहमी थी। यूपीए के 10 साल के शासन का अंत हो चुका था और भाजपा के नेतृत्व में नयी सरकार ने कामकाज संभाल लिया था। उस चुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय पार्टी के देश भर में फैले कार्यकर्ताओं को नहीं देकर एक ऐसे शख्स को दिया गया, जो कहीं से राजनीति में नहीं था। वह शख्स था प्रशांत किशोर, जिसे लोग पीके के नाम से जानते हैं। इस शख्स को भारतीय राजनीति के नये कॉरपोरेट अवतार के रूप में स्थापित कर दिया गया। समय का चक्र चलता रहा और भाजपा से पीके का रिश्ता टूट गया। पीके ने भाजपा के बाद कांग्रेस और फिर नीतीश कुमार के जदयू का दामन पकड़ा। 2015 में संयोग ऐसा बना कि नीतीश की सत्ता में वापसी हो गयी और इसके साथ ही पीके का सिक्का भी चल निकला। भारत की राजनीति में एक नये शब्द पॉलिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट का उदय हुआ और पीके को देश का पहला पॉलिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट कहा जाने लगा। खुद प्रशांत किशोर को लगा कि अब राजनीति उनके बिना नहीं हो सकती है। नीतीश ने पार्टी के भीतर पनपे असंतोष को नजरअंदाज कर पीके को वह सब कुछ दिया, जिसकी कल्पना दशकों तक पार्टी का झंडा ढोनेवाला भी नहीं कर सकता। समय का चक्र फिर भी नहीं थमा और भारतीय राजनीति का यह नया अवतार दिल्ली, लखनऊ और पटना से आगे जाने की रणनीति पर काम करने लगा। उसने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी से संपर्क साधा। सौदा तय हो गया और पीके का नया पता कोलकाता बन गया। कई मुद्दों पर नीतीश और ममता के बीच मतभेद के कारण पीके को संतुलन बनाये रखने में परेशानी महसूस होने लगी, तो उन्होंने नीतीश से अलग होने का मन बना लिया, ताकि बंगाल में उनकी नयी दुकान चमक सके। सीएए के रूप में उन्हें अवसर मिला और वह नीतीश का विरोध करने लगे। उन्हें शायद यकीन था कि नीतीश भी दूसरे नेताओं की तरह उनके आगे हाथ जोड़ेंगे और गिड़गिड़ायेंगे, लेकिन यहीं वे चूक गये। उन्हें बिहार की राजनीति की समझ तो थी, लेकिन इसकी संवेदनशीलता को आंकने में उनसे गलती हो गयी। नीतीश ने उनको उनकी हैसियत बता दी। इसके बाद पीके की राजनीतिक महत्वाकांक्षा उफान मारने लगी। उन्होंने तीन साल पहले बिहार के चंपारण से पदयात्रा शुरू की और एक नये राजनीतिक संगठन जन सुराज की स्थापना की। इस नये संगठन ने बिहार को बदलने की बात कह कर लोगों को अपने साथ जोड़ा और पीके इसके अघोषित सर्वेसर्वा बन गये। उन्होंने अकेले सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की और इस तरह प्रशांत किशोर एक बार फिर चर्चा में हैं। बेशक वह बेहद प्रतिभाशाली हैं, तकनीकी रूप से रणनीति बनाने में माहिर हैं, लेकिन राजनीति में केवल यही दो चीज मुख्य नहीं है। प्रशांत किशोर ने पहले भाजपा के लिए काम किया, फिर जदयू के लिए काम किया और दोनों पार्टियों ने चुनाव जीता, तो इसका मतलब यह कतई नहीं है कि पीके हर चुनाव में सफलता की गारंटी दे सकते हैं। लेकिन पीके से यही चूक हुई कि वह खुद को राजनीतिक दलों और यहां तक कि भारतीय राजनीति से खुद को ऊपर समझ बैठे। राजनीतिक हलकों में यह सवाल तब भी उठा था और अब भी उठ रहा है कि शुद्ध रूप से अपनी दुकान चमकाने के लिए भारत आये प्रशांत किशोर को इतनी अहमियत क्यों मिली। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि प्रशांत किशोर एक व्यवसायी हैं और राजनीति उनके लिए अपनी दुकान का साइन बोर्ड मात्र है। इस साइन बोर्ड पर वह दलों का चुनाव चिह्न लगाते हैं और अब स्कूल बैग का चिह्न लगाये हुए हैं। क्या है पीके की राजनीति का चेहरा, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

### पहले दहाड़ा फिर तर्क देते फिर रहे

प्रशांत किशोर अब तक चुनाव जितवाते थे, लेकिन पहली बार अब वह चुनाव मैदान में हैं। खुद नहीं लड़ रहे, लेकिन उनकी पार्टी जन सुराज ने 243 कैंडिडेट मैदान में उतारे हैं। नेताओं से उनकी नाराजगी तो थी ही, आजकल मीडिया से भी रूठे-रूठे से हैं। बतौर प्रशांत किशोर, मेरे लड़ने की बात सुनकर तेजस्वी यादव दूसरी सीट ढूंढ़ने लगे। उनकी हालत भी राहुल गांधी की तरह होगी। राघोपुर उनका गढ़ है। उनके मां-बाप की सीट है। राघोपुर छोड़कर कहीं और से लड़े, तो इसका मतलब उन्होंने हार स्वीकार कर ली। ये शब्द 11 अक्टूबर को प्रशांत किशोर ने राघोपुर में राजद नेता तेजस्वी यादव को ललकारते हुए कही थी। लेकिन उसके चार दिन ही 15 अक्टूबर को प्रशांत किशोर ने ही खुद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने खुद चुनाव नहीं लड़ने का एलान कर दिया। या यूं कहा जाये कि जन सुराज के प्रमुख सेनापति ने अपने कदम पीछे खींच लिये। उनका तर्क था कि पार्टी ने तय किया है कि वह चुनाव नहीं लड़ें। उनका कहना था कि पार्टी का फैसला है कि उनके पास पहले से जो काम है, उसको अगर वह पूरे तरीके से कर लें, तो काफी है।

### 150 से ज्यादा सीटें जीतनी है, इसलिए चुनाव नहीं लड़ रहे पीके

पीके का कहना है कि अगर मैं राघोपुर चुनाव लड़ने जाता, तो वहां मेरे 3-4 दिन खर्च होने थे। यह समय मैं पार्टी के दूसरे नेताओं के लिए प्रचार में लगाना चाहता हूं। जन सुराज पार्टी के कैंडिडेट में से दो सौ से ज्यादा लोग पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रशांत किशोर के भरोसे पर चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरा ये था कि पार्टी फोरम पर ये बात भी हुई कि हम जाति और धर्म की राजनीति से अलग जो नैरेटिव बना रहे हैं, उस पर फिर से सवाल उठेंगे। विरोधी कहेंगे कि देखिए, प्रशांत किशोर एक विशेष जाति के नेता को हराने के लिए राघोपुर आये हैं। इन दोनों बातों पर बहुत गंभीरता से विचार किया गया, चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि नेट-नेट (कुल मिलाकर) अपना चुनाव लड़ने की बजाय, जन सुराज के जो 243 साथी मैदान में हैं, उन्हें जिताने में मदद करना बेहतर रहेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि यह निर्णय किसी राजनीतिक रणनीति के तहत नहीं, बल्कि जनहित को ध्यान में रखकर लिया गया है। हमारा लक्ष्य 150 सीटें जीतना है, इससे कम हुई, तो हम उसे हार मानेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर वह चुनाव लड़ेंगे तो पूरी पार्टी और संगठन का जोर उस सीट पर लगेगा। इससे दूसरी सीटें प्रभावित होंगी।

### चुनाव नहीं लड़ने की तर्कों में कितना दम

लेकिन पीके यानी प्रशांत किशोर के चुनाव नहीं लड़ने की तर्कों में बहुत दम तो नजर नहीं आता है। अगर खुद ही पार्टी का प्रमुख सेनापति अपने कदम पीछे ले लेगा, तो उससे बाकी के प्रत्याशी हतोत्साहित तो होंगे ही। लीडर का काम होता है कि वह जंग के मैदान में आगे सीना तान कर खड़ा रहे, न कि अपने कदम पीछे ले ले। माना कि प्रशांत किशोर के तर्क को सीधे खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इस बात में सत्यता है कि जन सुराज में प्रशांत किशोर के अलावा कोई दूसरा नेता पब्लिक फेस नहीं है। लेकिन प्रशांत किशोर के चुनाव नहीं लड़ने से बिहार के मतदाताओं में थोड़ी मायूसी तो जरूर है, खासकर जो पीके की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे थे। उन्होंने बिहार में करीब तीन साल तक खूब पसीना बहाया है। गांव-गांव घूमे, अपनी विचारधारा को रखा। लोग भी जुड़े। भरोसा भी जताया। लेकिन एन वक्त पर चुनाव नहीं लड़ने के फैसले ने उनके किये कराये पर पानी तो फेरा ही है। भले पीके को इसका आभास अभी नहीं हो, लेकिन चुनावी परिणाम आने के बाद शायद हो। उदाहरण के तौर पर लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के बाद राजद के सबसे बड़े लीडर तेजस्वी यादव हैं। फिलहाल लालू-राबड़ी चुनावी कैंपेन से दूर रहते हैं। इस वक्त पार्टी के इकलौते प्रचारक तेजस्वी यादव ही हैं। 2020 विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव ने 247 रैलियां और चार रोड शो किये थे। इसके बावजूद वह राघोपुर से विधानसभा चुनाव लड़े और जीते। माना कि उनका संगठन बहुत पुराना है, लेकिन तेजस्वी उस वक्त तो सक्रिय राजनीति का दांव-पेंच तो सीख ही रहे थे। उन्होंने ने तो कदम पीछे नहीं लिये थे।



### कदम पीछे खींचने के कई कारण

वैसे राजनीति के जानकारों की मानें तो प्रशांत के कदम पीछे खींचने के कई कारण हो सकते हैं। जन सुराज तीन साल पहले बनी पार्टी है। अभी संगठन धीरे-धीरे जमीन पर उतर रहा है। प्रशांत किशोर पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हैं। पार्टी पहली बार चुनावी मैदान में है। पहले चुनाव में प्रशांत किशोर अगर उतरेंगे, तो मीडिया का अट्रैक्शन तो भरपूर मिलता, लेकिन हारने पर दिक्कत होती। पार्टी के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगेगा। प्रशांत किशोर चुनावी रणनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। राघोपुर वह खुद जमीनी फीडबैक लेने गये। हो सकता है उन्हें पॉजिटिव रिस्पांस नहीं मिला हो। पूर्व में ऐसा भी देखा गया है कि कोई भी पार्टी पहले ही चुनाव में अपने फेस को दांव लगाने से बचती है। प्रशांत किशोर अगर चुनाव लड़ते तो उन्हें स्वाभाविक तौर पर मुख्यमंत्री का दावेदार मान लिया जाता। बिहार में मंडल की राजनीति हावी है। प्रशांत किशोर ब्राह्मण समाज से आते हैं। उनके लड़ने से लड़ाई अगड़ा बनाम पिछड़ा भी होने का डर था। शायद इससे उनकी मुहिम के कमजोर पड़ने का खतरा था। प्रशांत किशोर तो रणनीतिक एक्सपर्ट हैं, उन्हें यह बातें समझ में आ रही होंगी। तभी उनके टिकट बंटवारे में इसकी झलक साफ दिख रही है।

### पप्पू यादव भी साफ हो गये थे

राजद से अलग होकर पप्पू यादव ने 2015 में जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) बनायी। 2019 लोकसभा चुनाव में पार्टी पहली बार उतरी। एक भी सीट नहीं जीती। पप्पू यादव खुद हार गये। वहीं 2020 विधानसभा चुनाव में पार्टी 148 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन सभी सीटें हार गयी। खुद पप्पू यादव भी हार गये। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का विलय 24 मार्च 2024 को कांग्रेस में कर दिया।

### पुष्पम प्रिया का भी उदाहरण सामने है

2020 विधानसभा चुनाव से पहले पूरे तामझाम के साथ पुष्पम प्रिया चौधरी ने अपनी पार्टी द प्लुरल्स पार्टी को लांच किया था। पार्टी 102 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत सकी। पुष्पम प्रिया खुद दो जगह बांकीपुर और बिस्फी से चुनाव लड़ा था, लेकिन एक पर भी वह जीत न सकीं। नतीजा 2025 में भी पुष्पम प्रिया की पार्टी चुनाव तो लड़ रही है, लेकिन चर्चा से गायब है। पुष्पम प्रिय, प्रशांत किशोर की तरह ही व्यवस्था परिवर्तन की बातें करती थीं।

वास्तव में पीके का उदय भारतीय राजनीति के उस युग के अंत का प्रतीक था, जिसके केंद्र में आदर्श, विचारधारा, कार्यकर्ता और जनता नाम की चीज हुआ करती थी। अब जबकि पीके चुनाव लड़ने की घोषणा से कदम पीछे खींच चुके हैं और बिहार के चुनाव को त्रिकोणीय बनाने का उनका दावा भी फेल होता नजर आ रहा है, यह उम्मीद तो बंध ही गयी है कि राजनीति पुरानी लीक पर लौट आयेगी। उस पुरानी लीक पर, जिसमें कार्यकर्ता होते थे, जनता होती थी और नीतियों-आदर्शों और विचारधारा की बात होती थी। और इस राजनीति को दोबारा मुख्य धारा में लाने का श्रेय निश्चित तौर पर बिहार को मिलना ही चाहिए। राजनीतिक रूप से संवेदनशील बिहार इस अध्याय को भी देख रहा है और वह अपनी राय जरूर व्यक्त करेगा।

# घाटशिला उपचुनावः झामुमो और भाजपा ने बूथ से लेकर पंचायत तक को किया एक्टिव

**स्टार प्रचारकों का जमावड़ा घाटशिला उपचुनाव को बेहद रोमांचक बनायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** जैसे-जैसे घाटशिला उपचुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, राजनीतिक गहमागहमी बढ़ती जा रही है। झामुमो की ओर से परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन, चाइबासा की सांसद जोबा मांझी, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, पोटका के विधायक संजीव सरदार, बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती, साहिबगंज के विधायक मुहम्मद ताजुद्दीन, इचागढ़ की विधायक सविता महतो, मझगांव के विधायक नीरल पूर्ति, खरसावां के विधायक दशरथ गागराई पहले से ही घाटशिला, मुसाबनी, धालभूमगढ़ एवं गुडाबांधा प्रखंड क्षेत्र के गांव -टोला में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।
संभवतः छठ के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा की सदस्य महुआ माजी, पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सहित कुछ अन्य स्टार प्रचारकों का चुनावी दौरा का कार्यक्रम तय होगा। इसी तरह से भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद आदित्य साहू, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही, विधायक नवीन जायसवाल, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो सहित प्रदेश कमेटी के कई पूर्व एवं वर्तमान पदधारी घाटशिला में डेरा डाले हुए हैं। भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में से कई बड़े और प्रभावी नेता अगले कुछ दिनों में यहां दिखलायी पड़ेंगे। दोनों ही दलों के नेता अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने की योजना पर खुद भी काम कर रहे हैं और जिला, महानगर और पंचायत कमेटी को सक्रिय किये हुए हैं।




### भाजपा ने किया बूथ और पंचायत कमेटी को एक्टिवेट

भाजपा नेताओं के निर्देश पर जिला और मंडल स्तर के पदधारियों की बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख और शक्ति केंद्र के साथ ताबड़तोड़ बैठक जारी है और राज्य सरकार की नाकामियों को गिनवाकर, मतदाताओं को गोलबंद करने का प्रयास भी बदस्तूर जारी है। बता दें कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के चार प्रखंडों में कुल 3 सौ पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। भाजपा अपने सांगठनात्मक दृष्टिकोण से प्रत्येक बूथ पर अध्यक्ष सहित 20 सदस्यों की कमेटी बनाई हुई है। फिलहाल बूथ और पन्ना प्रमुखों को पार्टी नेताओं ने पूरी तरह से एक्टिवेट किया हुआ है।

### एक बूथ 40 यूथः झामुमो

इसी तरह, झामुमो का स्लोगन है एक बूथ 40 यूथ। झामुमो के बाहर से आये नेता रोजाना स्वयं क्षेत्र में घूम रहे हैं। दूसरी तरफ उनके प्रखंड और जिला लेवल के नेता बूथ और पंचायत कमेटी को एक्टिवेट करने में जोर लगा रहे हैं। बूथ लेवल कार्यकर्ताओं को सक्रिय और सतर्क रखने के लिए दोनों ही प्रमुख दल व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं। झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को विजयी बनाने की कमान संभालने वाले नेता, डेली डेवलपमेंट रिपोर्ट रोज शाम को होटल जेएन पैलेस में लेते हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सेना और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की कोल्हान में चुनवी पकड़ का सामंजस्य बैठाकर चलना पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को जीताने की जुगत में दिन-रात लगे हुए हैं।

### तू डाल-डाल तो मैं पात-पात

घाटशिला का उपचुनाव जीतने के लिए भाजपा और झामुमो नेताओं के बीच 'तू डाल-डाल, मैं पात पात' का खेल चल रहा है। भाजपा अपने कोर वोटर्स को सहेजने में लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन अपनी ताकत संथाल समाज के वोट में सेंध लगाने में झोक रहे हैं। संथालों के सामाजिक संगठन मांझी परगना महाल और ग्राम प्रधानों पर चंपाई सोरेन की विशेष दृष्टि है और अंदरखाने अपने इस अभियान में जुटे हुए हैं।

दूसरी ओर झामुमो प्रमुख मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनका पूरा कुनबा भलीभांति जानता और समझता है कि वर्षों तक कोल्हान में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तीर-कमान संभालने वाले चंपई सोरेन की क्षमता क्या है। इसलिए भले ही ऊपरी तौर पर झामुमो के बड़े नेता इसे नहीं स्वीकारते, लेकिन चाचा चंपई के चुनावी रणनीति गढ़ने की क्षमता को देखते हुए, घाटशिला के चुनावी जंग में फूल प्रूफ प्लान बनाकर काम कर रहे हैं । एक ओर झामुमो अपनी इस सीट को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है, तो वहीं भाजपा झामुमो से इसे छीनकर अपने पाले में लाने की जद्दोजहद में लगी है। घाटशिला सीट पर झामुमो का कब्जा इस दफा फिर से बरकरार रहा, तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ही जायेगा। अगर जीत भाजपा के हिस्से आती है तो झामुमो के लिए यह रेड सिग्नल होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 °c | 20.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.17 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.49 बजे | |



# छठ पूजा से पहले लाभुकों के खाते में आयेगी मंईयां योजना की दो किस्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हेमंत सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। जिन महिलाओं को 14वीं किस्त का भुगतान नहीं मिल पाया था, उन्हें इस महीने दो किस्तों का भुगतान एक साथ किया जायेगा। यानी प्रत्येक लाभुक महिला के खाते में 5,000 की राशि भेजी जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार, पिछली किस्त से वंचित सभी महिलाओं को 14वीं और 15वीं दोनों किस्तें एक साथ दी जायेंगी। इससे महिलाओं को योजना का पूरा लाभ और त्योहारों से पहले दोहरी राहत मिलेगी। वहीं, जिन महिलाओं को पिछली किस्त पहले ही मिल चुकी है, उन्हें नियमित 2,500 की 15वीं किस्त दी जा रही है।

**12 जिलों में भेजी गयी 15वीं किस्त :** जानकारी के अनुसार, मंईयां सम्मान योजना की 15वीं किस्त की राशि झारखंड के 12 जिलों की महिलाओं के खातों में भेजी जा चुकी है।
इनमें रांची, धनबाद, देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, लोहरदगा, गुमला, जामताड़ा, सिमडेगा, चतरा, पाकुड़ और गढ़वा जिले शामिल हैं।

इन जिलों में लाभुकों के आवेदन और दस्तावेजों का सत्यापन पहले पूरा हो चुका था, इसलिए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर भुगतान किया गया है। बाकी जिलों की महिलाओं को 20 से 25 अक्टूबर के बीच राशि भेजी जायेगी। हेमंत सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र महिलाओं को समय पर उनका हक मिले, ताकि वे त्योहारों के दौरान आर्थिक रूप से सशक्त महसूस कर सकें।

### ऐसे चेक करें अपने भुगतान का स्टेटस

- मंईयां सम्मान योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जायें।
- होमपेज पर लॉगिन विकल्प पर क्लिक करें।
- आवेदन संख्या या आधार संख्या और पासवर्ड दर्ज करें।
- आवेदन एवं भुगतान स्थिति सेक्शन में जायें।
- अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें और ओटीपी प्राप्त करें पर क्लिक करें।
- ओटीपी दर्ज करने के बाद आपकी भुगतान स्थिति और आवेदन विवरण स्क्रीन पर दिख जायेगा।

# राज्यपाल, सीएम, नेता प्रतिपक्ष ने भाईदूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेशवासियों को भाईदूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दी है। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि चित्रगुप्त पूजा के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। यह पर्व सत्य, न्याय और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

भगवान चित्रगुप्त की आराधना हमें यह संदेश देती है कि हम अपने कर्मों में सदैव इमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता बनाये रखें। भगवान चित्रगुप्त सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि बनाये रखें, यही कामना करता हूं।

वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि आप सभी को चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान चित्रगुप्त की कृपा से सभी के जीवन में सद्बुद्धि, न्यायप्रियता और ज्ञान का प्रकाश सदैव बना रहे, यही मंगलकामना है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने संदेश में कहा है कि 'भगवान चित्रगुप्त की कृपा से आप सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आये'। उन्होंने भाई-बहन के अटूट प्रेम और समर्पण के प्रतीप भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# पाकिस्तान से हथियार मंगा रहे गैंगस्टर, सीएम करायें उच्चस्तरीय जांच : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड में अपराधियों द्वारा पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार और गोलियां मंगाने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और पुलिस खुफिया एजेंसी की नाकामी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं पुलिस और खुफिया तंत्र की विफलता को उजागर करती हैं। मरांडी ने कहा कि हथियार पंजाब के मोगा से होते हुए भारत में प्रवेश कर रहे हैं और इन्हें रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में रंगदारी वसूली के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में व्यवसायी वर्ग लगातार डर और आतंक के माहौल में जी रहा है। धनबाद में छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक से खुलेआम रंगदारी वसूली हो रही है। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि या तो पुलिस को इस गिरोह की जानकारी नहीं थी या फिर कुछ पुलिस अधिकारी इस गिरोह को संरक्षण दे रहे हैं। मरांडी ने मुख्यमंत्री से इस गंभीर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

# झारखंड पुलिस लगातार अपराधियों को ठिकाने लगा रही : डॉ तनुज खत्री

**पाकिस्तान से हथियार आने की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की, बाबूलाल मरांडी भ्रम न फैलायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दिये गये बयानों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा नेता सिर्फ. राजनीतिक दिखावा कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि झारखंड पुलिस लगातार अपराधियों को ठिकाने लगाने और उन्हें न्याय के हवाले करने का काम कर रही है। डॉ. तनुज खत्री ने कहा कि हमारी पुलिस भाजपा सरकार जैसी हवाई फायरिंग नहीं करती, बल्कि हर कार्रवाई सटीक और प्रभावी होती है। अपराधी चाहे कितने भी शक्तिशाली हों, पुलिस उन्हें पकड़ कर कानून के हवाले कर न्याय तक पहुंचाती है। पुलिस की यही सतत कार्रवाई राज्य में कानून और व्यवस्था मजबूत कर रही है। उन्होंने आगे कहा पुलिस ने इस मामले में खुद खुलासा किया और अपराधियों पर कार्रवाई कर उन्हें निष्क्रिय किया। हेमंत सरकार के नेतृत्व में पुलिस ने लगातार कार्रवाई करके दिखा दिया है कि झारखंड में अपराधियों को बचने का कोई मौका नहीं मिलेगा और यदि पाकिस्तान से हथियार आ रहे हैं, तो उसकी जवाबदेही केंद्र सरकार की है, न कि झारखंड पुलिस की। डॉ. तनुज ने कहा कि मरांडी जी का बयान सिर्फ. राजनीतिक सस्ते प्रचार का प्रयास है, ताकि जनता का ध्यान विकास और सुरक्षा के कामों से हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीति स्पष्ट है। अपराधी चाहे सीमा पार से जुड़ा हो या राज्य के भीतर का, किसी को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस और जांच एजेंसियां पूरी निष्ठा और प्रभावी ढंग से अपना काम कर रही हैं।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृष** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **वृश्चिक** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### हवाई अड्डा के सोलर प्लांट में लगी आग

**दुमका।** एयरपोर्ट के सोलर प्लांट में गुरुवार की सुबह 9 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी। आग से करीब दो से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और किसी तरह से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि हवाई अड्डा परिसर में रोशनी के लिए सोलर प्लांट लगाया गया है। सुबह नौ बजे के करीब अचानक प्लांट के मुख्य केबिन में आग लग गयी। आग धीरे-धीरे बढ़ते हुए सोलर पैनल तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# चंपाई के धोखे का बदला लेगी घाटशिला की जनता : हफीजुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** गुरुवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के टुमांगडूंगरी और बनकाटी गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजेश महाकुड के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थाम लिया। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, राजू गिरी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि युवाओं का राजनीति के प्रति समर्पण आने वाले दिनों में घाटशिला विधानसभा के लिए एक स्वर्णिम काल लेकर आयेगा। मुख्य अतिथि मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि यह केवल एक सीट जीतने की लड़ाई नहीं, बल्कि विचारधारा और ईमानदारी की लड़ाई है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि भाजपा नेता जब सत्ता में थे, तब उन्होंने उन कमियों को दूर क्यों नहीं किया जिनकी चर्चा अब करते हैं। चंपाई सोरेन के धोखे का बदला जनता इस उपचुनाव में लेगी।उन्होंने ग्रामीणों से सवाल किया कि क्या राज्य में मंईयां सम्मान, कृषि ऋण माफी, सावित्रीबाई फुले किशोरी सम्मान, 200 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं? उन्होंने इन योजनाओं का श्रेय स्व. रामदास सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिया। राजू गिरी ने कहा कि नव-कार्यकर्ताओं के जुड़ने से झामुमो न केवल राज्य बल्कि विधानसभा स्तर पर भी और मजबूत होगा। वहीं हिदायतुल्ला खान ने भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि राज्य तभी विकसित होगा जब लोग जागरूक बनेंगे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने जय झारखंड, सोमेश सोरेन जिंदाबाद, स्व. गुरुजी अमर रहें, स्व. रामदास सोरेन अमर रहें के नारों से माहौल गूंजा।

# घाटशिला उपचुनाव में धन बल नहीं, बल्कि जन बल की जीत होगी : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि झामुमो हमेशा जनभावनाओं की राजनीति करते आया है और जनता के विश्वास की बदौलत ही बार-बार सत्ता में आया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी घाटशिला उपचुनाव में धन बल नहीं, बल्कि जनबल की जीत होगी।

मिथिलेश ठाकुर गुरुवार को खिरवाल धर्मशाला में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पार्टी ने चंपाई सोरेन को सम्मान, पद और जिम्मेदारी दी थी, लेकिन उन्होंने उसका मोल नहीं समझा। ठाकुर ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम साफ दिखा, जब वे बमुश्किल अपनी सीट बचा पाये।

उन्होंने दावा किया कि आने वाले घाटशिला उपचुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है। भाजपा धनबल के भरोसे चुनाव लड़ती है, लेकिन झारखंड की जनता जनबल के साथ है। इस उपचुनाव में भाजपा की जमानत जब्त होना तय है। प्रेस वार्ता में झामुमो और गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इनमें चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, झामुमो के जिला अध्यक्ष सोनाराम देवगम, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय शामिल थे।

# लोहरदगा में छठ महापर्व पर सामाजिक समरसता की मिसाल

- **छठ बाजार में श्रद्धा के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग बेचते हैं सूप-दउरा**
- **गंगा-जमुनी तहजीब लोहरदगा को मजबूत और अलग पहचान बनाती है**

सत्यकाम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सांप्रदायिकता के मामले पर बेहद संवेदनशील लोहरदगा का इतिहास पौराणिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से काफी वैभव और गौरवशाली रहा है। स्थानीय मान्यताएं, परंपराएं, तीज- त्योहार अलौकिक और अद्भुत हैं। स्थानीय शहरी और ग्रामीण स्तर पर भाई चारगी और साझा संस्कृति की बुनियाद पुरखों ने काफी मजबूती से बनायी है। जिसका परिणाम है कि जिले भर में मंदिर मस्जिद और इमामबाड़ा निकट के परिसर में स्थित हैं। इन धार्मिक स्थलों में त्यौहार के दौरान दोनों समुदाय के लोग श्रद्धा और सामाजिक समरसता का संचार करते हुए एक दूसरे के धार्मिक भावना और आस्था की रक्षा के लिए आगे खड़े रहते हैं। थाना रोड स्थित चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर में राधा कृष्ण मंदिर के सामने इमामबाड़ा मौजूद है। अमला टोली समेत गांव देहात के कई स्थानों के मंदिर-मस्जिद, इमामबाड़ा, देवी मंडप आदि पवित्र स्थलों की पवित्रता और सुरक्षा का ख्याल एक दूसरे धर्म के लोग दशकों से बखूबी निभाते आ रहे हैं। रामनवमी, ईद, दशहरा, होली, करमा, सरहुल, क्रिसमस आदि त्योहारों में लोग मिलजुल कर उत्साह के साथ त्योहार मानते हैं। यही गंगा-जमुना तहजीब लोहरदगा को मजबूत और अलग पहचान बनाती है। इस क्रम में वर्तमान में लोक आस्था, शुद्धता और पवित्रता का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा के लिए छठव्रतियों को सूप, दउरा, बेना (पंखा) नेचुआ, टोकरी, झाड़ू आदि की बिक्री के लिए जिले के विभिन्न स्थानों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पूरी शुद्धता व आस्था के साथ बाजारों में उपलब्ध किया जाता रहा है। इस संदर्भ में स्थानीय गुदरी बाजार स्थित सूप दउरा विक्रेता आदिल अंसारी ने बताया कि, मेरी मां शबनम खातून और दादा-दादी शमीमा खातून व उस्मान अंसारी व परदादा, दादी भी इस त्यौहार में सूप, दउरा आदि छठ पूजा सामानों पवित्रता से निर्माण कर कम मुनाफे में बेचते चले आ रहे हैं। सूप, दउरा विक्रेता रोशन, परवीन, पंमी, गुड्डू आदि ने बताया कि हमारी कई पीढ़ियां इस त्यौहार में कम मुनाफा लेकर श्रद्धा से सेवा भी आये हैं। छठ पूजा में प्रतिभागी बन पुण्य कमाने की लालसा भी रही है। कहा कि, यह सूर्य उपासना का पर्व समाज में एकता, स्वच्छता अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण संदेश देने वाला त्यौहार है।

छठ त्यौहार में भाई चारगी लोहरदगा को मजबूत बनाती है। महंगाई के इस दौर के बावजूद भी बांस का पंखा 50 रु, टोकरी 100 रु, झाड़ू 100 रु, सूप 200 रु, टोकरी 400/ 500 रुपये में छठ व्रतियों के लिए बेचने के लिए उपलब्ध है। वर्तमान में जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के बाजारों में सूप, दउरा समेत छठ त्यौहार के सामग्रियों का बाजार छठमय होता जा रहा है। छठ सामानों के निर्माण और बाजारों में उपलब्धता करने में मुस्लिम समुदाय के लोगों की बड़ी संख्या है।

# बिहार में बनेगी तेजस्वी के नेतृत्व में युवा सरकार : कैलाश यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजद के झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता कैलाश यादव ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री पद के लिए वीआइपी के मुकेश सहनी को घोषित करने पर बधाई दी है। उन्होंने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में युवा सरकार बनेगी जो नये बिहार का सपना सच करेगी।

यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी दोनों युवा चेहरे हैं।

बिहार की जनता महागठबंधन को वोट देकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगभग 20 वर्षों से भाजपा-जदयू गठबंधन की सरकार चल रही है। इसके बावजूद बिहार में एक सुई का कारखाना भी नहीं खुलवा सकी।

बिहार में सरकार ने पलायन, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा और विधि व्यवस्था सुरक्षा उद्योग, युवा, किसान और मजदूरों की जिंदगी बदहाल करने का काम किया है।

यादव ने कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में एक दूरदर्शी विजन के साथ युवा सरकार बनेगी।

बधाई देने वाले में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा सहित प्रदेश सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

# सीएस के औचक निरीक्षण से अवैध नर्सिंग होम में मचा हड़कंप, ताला लगाकर फरार हुए संचालक

**अवैध नर्सिंग होम संचालकों को नहीं है किसी से डर**
**सीएस के जाते ही फिर से खुल गये अवैध नर्सिंग होम**

पिंटू कुशवाहा दिनकर



सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार के निरीक्षण के दौरान बंद नर्सिंग होम।

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार गुरुवार को बड़कागांव में चलाये जा रहे कई अवैध नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया। दर्जनों अवैध नर्सिंग होम के संचालक ताला लगाकर फरार हो गये हैं। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार बड़कागांव में 8:00 बजे सुबह जैसे ही निरीक्षण करने पहुंचे वैसे ही स्वास्थ्य क्षेत्र में हड़कंप मच गयी। आनन फानन में अवैध नर्सिंग होम, एलोपैथिक, जांच घर और अल्ट्रासाउंड के संचालक अपने-अपने नर्सिंग होम में ताला लगाकर भाग निकले। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार 1:00 तक बड़कागांव में निरीक्षण करते रहे। अवैध नर्सिंग होम संचालकों के हिम्मत तो देखिए, सीएस के जाते ही कुछ ही मिनटों में ही ताला बंद किये गये नर्सिंग होम खोल कर बैठ गये।

निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने शांति सेवा सदन में जाकर जांच किया। जहां सभी प्रकार के कागजात और संसाधनों का अवलोकन किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने शांति सेवा सदन के संचालक विवेक सोनी को बेहतर काम करने की सलाह दी। इसके बाद रुक्मणी भवन स्थित बंधन नर्सिंग होम में सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार पहुंचे। यहां बताया गया कि पहले से ही बंधन नर्सिंग होम के संचालक राजेश कुमार साव को सिविल सर्जन का आने की सूचना मिल चुकी थी। इस कारण वह ताला बंद कर भाग निकला। इस दौरान सिविल सर्जन ने ताला खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन कोई स्रोत नहीं मिला। चिंता जाहिर की गयी थी कि अवैध नर्सिंग होम के संचालक ताला बंद करके चले गये हैं, अगर अंदर में कोई मरीज होंगे तो बहुत दिक्कत होती होगी। इस पर उन्होंने कहा कि जितने भी बंद पाये गये नर्सिंग होम हैं, वह सभी अवैध हैं। इस पर कार्रवाई होगी।

## सीएस के औचक निरीक्षण की पहले से मिली सूचना बनी चर्चा का विषय

बड़कागांव प्रखंड में औचक निरीक्षण की जानकारी अवैध नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड के संचालकों को कैसे पता चल जाता है। यह बड़कागांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर बार जब भी उच्च अधिकारी कार्रवाई के लिए बड़कागांव पहुंचते हैं, उससे पहले ही अवैध संचालक ताला लगाकर फरार हो जाते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं सूचना लीक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संभवतः स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी ही पहले से खबर दे देते हैं, जिसके कारण अवैध धंधे करने वाले बच निकलते हैं।

## यह नर्सिंग होम बंद पाये गये

हजारीबाग रोड स्थित रुक्मणी भवन में चल रहे बंधन नर्सिंग होम , आरोग्य नर्सिंग होम, इंडियन सिटी नर्सिंग होम, सेवन स्टार नर्सिंग होम में संचालक लगा कर फरार हो गये।

## दो दिन के अंदर कागजात और संसाधन सही करा लें : सीएस

सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि कुछ नर्सिंग होम खुले हुए थे, उन लोगों को कहा जा रहा है कि जो नर्सिंग होम सरकारी नियम के अनुसार कागज नहीं बनाए हैं व संसाधन नहीं है, वह पूरा कर लें। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बड़कागांव में दर्जनों अवैध अल्ट्रासाउंड एवं जांच घर, पैथोलॉजी जांच घर चलाये जा रहे हैं। उन पर कार्रवाई होगी।

## लिंग जांच करने वाले अवैध अल्ट्रासाउंड वालों पर होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि जांच घरों एवं पैथोलॉजी में पैथोलॉजिस्ट होना आवश्यक है। वहीं प्रखंड में दो जगह होना चाहिए। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अल्ट्रासाउंड वाले लिंग जांच भी करते हैं। इस पर बड़ी कार्रवाई होगी। मौके पर बड़कागांव के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## उदय मेडिकल के संचालक पर होगी मामला दर्ज : चिकित्सा प्रभारी



**बड़कागांव।** बड़कागांव के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि सिविल सर्जन के आदेश अनुसार बड़कागांव डेली मार्केट के उदय मेडिकल के संचालक शंकर महतो पर एफ आई आर दर्ज की जायेगी। उन्होंने बताया उदय मेडिकल के संचालक शंकर महतो बिना डॉक्टर के अपने लेटर पैड में एक मरीज को अल्ट्रासाउंड करवाने का लिखित निर्देश दिया। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि अल्ट्रासाउंड लिखने का अधिकृत संबंधित डॉक्टर ही हो सकते हैं। न कि एक आम आदमी। इस संबंध में उदय मेडिकल के संचालक शंकर महतो ने बताया कि मेरा अपना आदमी था इसीलिए अपने लेटर पैड में लिखकर अल्ट्रासाउंड करने का निर्देश दिया था। उक्त मेडिकल दवा एजेंसी है। लेकिन खुदरा में दवा बेचने का काम करते हैं। जो नियम संगत नहीं है।

# 10 लाख कीमत की अफीम के साथ 4 नशा कारोबारी गिरफ्तार

**रांची से अफीम का खेप लाकर लुधियाना भेजने के फिराक में थे तस्कर**
**अफीम 2.7 किग्रा, तीन मोटरसाइकिल, छः चक्का गाड़ी और चार मोबाइल बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में अवैध रूप से अफीम एवं अन्य नशीली पदार्थों की किये जा रहे खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एसपी द्वारा चलाये चलाये जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को सफलता मिली है। जिले के पेलावल ओपी अंतर्गत छड़वा डैम के पास से अवैध अफीम की बिक्री करने जा रहे 4 व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा है। ये सभी रांची से अफीम की खेप लाकर लुधियाना भेजने वाले थे। मगर इसकी सूचना एसपी अंजनी अंजन को मिल गयी। उन्होंने एडिशनल एसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा छड़वा डैम के पास छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान एक छः चक्का गाड़ी पीबी 10 एचजी 0296 छडवा काली मंदिर के पास आकर रुकी हुई है और गाडी के पास तीन अन्य मोटरसाईकिल आकर रुकी। तीनों मोटरसाईकिल एवं छः चक्का गाडी पर सवार लोग पुलिस को देख कर इधर उधर भागने लगे। भागने के क्रम में पुलिस पार्टी ने चारों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़ाये चारों व्यक्तियों ने बताया कि हम सभी अफीम का अवैध कारोबार करते है तथा इस अफीम पदार्थ को छः चक्का गाडी के माध्यम से लूधियाना पंजाब ले जाने वाले थे। घटनास्थल से 3 मोटरसाइकिल एवं एक छः चक्का गाड़ी को तलाशी लिया गया एवं तलाशी के कम में छः चक्का गाड़ी में 2.7 किग्रा अफीम पाया गया। इस सदंर्भ में कटकमसांडी (पेलावल) थाना काण्ड संख्या-219/25 दर्ज किया गया।

गिरफ्तार व्यक्तियों में संदीप कुमार, पिता स्व सुखदेव दांगी ग्राम-गिद्धौर, मो जाहिद आलम, पिता-रियाजुद्दीन ग्राम-गिद्धौर, थाना-गिद्धौर जिला-चतरा वर्तमान पता अल सतार पैलेस सेन्ट्रल स्ट्रीट हिंद पीडी रांची, मो सहजाद उर्फ सोनू, पिता मो सौकत ग्राम चतरा लाईन मोहल्ला रहमत चौक, थाना-चतरा जिला चतरा, वर्तमान पत्ता-मौलाना आजाद कॉलोनी इलाही नक्श मकान नं0-12 रांची और मंजीत सिंह, पिता गुरमेल सिंह, पता-कनेच, थाना-साहनेनाल, जिला-लुधियाना, पंजाब शामिल हैं।

छापामारी टीम में एडिशनल एसपी अमित कुमार, पेलावल पुनि शाहिद रजा, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय के अलावा पेलावल थाना के सशस्त्र बल और तकनिकी शाखा के पुलिसकर्मी शामिल थे।

## छठ की तैयारी के बीच दर्दनाक हादसा बाइक टकराने से किशोर की मौत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** खैरा पंचायत के नारायणपुर गांव में छठ की तैयारी के बीच गुरुवार को हुई दुर्घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। बद्री प्रसाद कुशवाहा का 15 वर्षीय पुत्र सागर कुमार अपने मित्र सावन कुमार (14) के साथ बाइक से घूमने निकला था। खैरा जंगल के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे सागर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सावन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। मृतक की मां, जो छठ व्रती थीं, अब अपने बेटे के अंतिम संस्कार में जुट गईं।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई 29 को मनायेगी सिल्वर जुबली



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक वसुंधरा गार्डन कोडरमा में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिव शंकर रजक ने की। बैठक में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का 25 वीं वर्षगांठ पर 29 अक्टूबर को वसुंधरा गार्डन में सिल्वर जुबली मनाने का निर्णय लिया गया। बता दें कि संघ का गठन हुए पूरे 25 वर्ष 29 अक्टूबर को हो रहा है। बैठक में जिला कार्यकारिणी में रिक्त पदों को भी भरा गया और 21 नवंबर को दिल्ली जाने के लिए भी विचार - विमर्श किया गया। जिला कमेटी में रिक्त जिला उपाध्यक्ष का पद शंकर दयाल के स्थान पर संजय कुमार सुमन, उप कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के स्थान पर रमेश चंद्र गुप्ता, संयुक्त सचिव का रिक्त पद रवि लाल के स्थान पर रामू दास का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरन सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। संचालन जिला संगठन सचिव सुभाष चंद्र ने किया। बैठक को जिला महासचिव रविकांत कुमार रवि ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर दास, उदय सिंह, संजीव मिश्र, माधव, सत्यदेव प्रसाद, गांधी प्रसाद, उपेंद्र वर्मा, प्रदीप धोबी, गुलाब राम, धानेश्वर राम, संजय सुमन, विनोद आदि उपस्थित थे।

## फादर एटी थॉमस का 28वां शहादत दिवस मना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** शांति निकेतन हाई स्कूल बाबूपारा के प्रांगण में फादर ए. टी. थॉमस का 28वीं शहादत दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास व संचालन शिक्षक राकेश कुमार दास और सरोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि गौतम सागर राणा, विशिष्ट अतिथि जोसेफ थैंक अचान, बेबी थॉमस, बादम मुखिया सुनीता देवी, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान मुखिया अतिथि पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने अपने हक और अधिकार के अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किये। साथ उन्होने कहा कि यदि हम एक जुट होकर बड़ा आंदोलन करेंगे, तो सरकार और कंपनी को झुका सकते हैं। मौके पर मूखिया बासुदेव यादव, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, पूर्व मुखिया दीपक दास, रामकुमार, इंद्रदेव राम, पंसस प्रभु राम ने सभा को संबोधित किया। मौके पर मुख्य रूप से संतोष दास, ऋतू राज दास, दिनेश दास, रवि, तरुण, बसंत दास, युगल दास, ऋतिक रावण, बीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## बड़कागांव के छठ घाटों और सड़कों पर लगा गंदगी का अंबार

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दीपावली पर्व के बाद अब लोग छठ पूजा की तैयारी में जुट गये हैं। विडंबना है कि प्रखंड के विभिन्न सड़कों एवं स्थानो में गंदगियों का अंबार है। छठ घाट जाने वाले सड़कों में कूड़े - कचरो का ढेर लगा हुआ है। जबकि छठ पूजा की शुरूआत 25 अक्टूबर सेशुरू होगी जो 28 अक्टूबर तक चलेगा। बड़कागांव थाना रोड जुगरा निवास के बगल में, राम जानकी मंदिर रोड, पीएम श्री मध्य विद्यालय के पास, सिरमा छावनिया रोड, बड़कागांव मध्य पंचायत के अंसारी मोहल्ला रोड, बरिया मोहल्ला, नटराज नगर रोड, इसके अलावा बड़कागांव के पीपल नदी छठ घाट, झरिवा नदी छठ घाट, सांढ शिबाडीह छठ घाट, बादमाही नदी छठ घाट, छवनिया नदी छठ घाट, आदि घाटों में गंदगी है। अब तक कोई सामाजिक संगठन सफाई करने के लिए आगे नहीं आया है। हालांकि एक सूर्य मंदिर छठ घाट में कुशवाहा समाज द्वारा सफाई की गयी है।

# कुआं में डूबने से महिला की मौत, पिता ने लगाया ससुराल वालों पर हत्या का आरोप, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** थाना क्षेत्र के फुरुका गांव निवासी पवन यादव की पत्नी सरिता देवी (उम्र 20 वर्ष) की मौत बुधवार की करीब चार बजे शाम कुआं में डूबने से हो गयी थी। मृतिका का मायके इचाक थाना क्षेत्र के चंपानगर नावाडीह गांव के कलवारा बांध है। घटना की सूचना पाकर इचाक पुलिस दल बल के साथ फुरूका गांव पहुंची। मृतका के मायके वाले भी पहुंचे। इसके बाद इचाक थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने आक्रोशित मायकेवालों को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया एवं बुधवार की देर रात को इचाक पुलिस मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। इसके बाद गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पति पवन यादव घटना के दिन घर पर नहीं था। पति के घर आने के बाद शव का अंतिम संस्कार फुरुका श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि दादा ससुर गोवर्धन यादव ने दी।

घटना के संबंध में मृतिका के पिता अशोक यादव ने इचाक थाना में आवेदन देकर बेटी सरिता की हत्या कर कुआं में डालने का आरोप ससुर जीबलाल यादव, सास, देवर समेत पांच लोगों पर लगाया है। थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने बताया कि अशोक यादव के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। मालूम हो कि मृतका सरिता की शादी करीब एक वर्ष पूर्व जीबलाल यादव के पुत्र पवन यादव के साथ हुई थी।

## कार के नीचे फंसा मिला मासूम का शव, गांव में छाया मातम

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र के जलौंध गांव में गुरुवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गयी, जब साढ़े तीन वर्षीय अनुभव कुमार का शव एक कार के नीचे मिला। ग्रामीणों ने बताया कि यह कार जलौंध निवासी अखिलेश कुमार मेहता, पिता चंदर महतो की है। पिता दीपक मेहता ने बताया कि बुधवार शाम बेटा खेलने निकला था और फिर वापस नहीं लौटा। देर रात तलाश के दौरान उसका शव पड़ोसी अखिलेश कुमार मेहता की कार के बोनट में फंसा मिला। आशंका है कि खेलते समय अनुभव कार की चपेट में आ गया। घटना का पता चलने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मासूम की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है और लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सांसद के सौजन्य से छठ घाटों की हो रही सफाई



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था और शुद्धता का महापर्व छठ की तैयारी प्रखंड क्षेत्र में भी हो रही है। गांव में गलियों और छठ घाटों की इस मौके पर सफाई की जाती है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से इस बार घाटों की साफ -सफाई कराई जा रही है। उन्होंने जेसीबी भेजकर प्रखंड क्षेत्र के कोल्हू, बेड़म, जेरूवाडीह, मायापुर, धरमपुर, डूमर, खंभवा, मंडपा में अब तक घाटों की सफाई करवा चुके हैं, शेष गांव के छठ घाटों की भी सफाई करवाई जा रही है।

प्रखंड क्षेत्र में सांसद महोदय ने सफाई कार्य की जवाबदेही अपने प्रतिनिधि सह प्रमुख संतोष मंडल और भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह को सौंपा है।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि जनता की आवाज है : विनोद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान की अध्यक्षता में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यभर में चलाये जा रहे जनजागरण अभियान का एक हिस्सा था, जिसका उद्देश्य जनता को वर्तमान सरकार की नीतियों और कार्यशैली के खिलाफ जागरूक करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा रहे। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है, जबकि सत्ता में बैठे लोग जनता की उम्मीदों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि जनता की आवाज है जो अब बदलाव चाहती है। विनोद कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। उन्होंने देश की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।

इस अवसर पर नरसिंह प्रजापति, शिवनंदन साहू, मनोज मोदी, विजय सिंह, अजय प्रजापति, जावेद मलिक, अमरदीप सिंह, अमर यादव, और बाबू खान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जनता अब बदलाव के मूड में है और आने वाले समय में कांग्रेस को पुनः सशक्त बनाने के लिए पूरी ताकत से कार्य करेगी। अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि देश में जनता अब ठगे जाने के एहसास से बाहर निकलना चाहती है और सत्य व विकास के मार्ग पर चलना चाहती है।

# 5 नवंबर को सहायक अध्यापक मंत्री का घेरेंगे आवास

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में सहायक अध्यापक संघ की जिला स्तरीय बैठक की गयी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिरेंद्र राय, संचालन जिला महासचिव दामोदर यादव एवं साकिब महमूद ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से 5 नवम्बर को झारखंड सरकार के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू के आवास पर पारा शिक्षकों के साथ वादा खिलाफी करने के कारण एक दिवसीय धरना पर चर्चा की गयी। जिला अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि झारखंड सरकार सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार समान कार्य का समान वेतन नहीं देती है तो 5 नवम्बर को मंत्री का आवास घेराव एवं 15 नवंबर को स्थापना दिवस में वादा खिलाफी रैली निकाल कर सरकार का विरोध करेंगे। जिला महासचिव दामोदर यादव ने सरकार से एक वेतनमान की मांग पर जोर दिया। मांग न मानने पर सरकार का विरोध रोड से लेकर विधानसभा तक हल्ला बोल लड़ाई लड़ी जायेगी। बैठक को सुभाष सिंह, शंभू यादव, सलीम अंसारी, नागेश्वर यादव, प्रेम कुमारी, रामू यादव, मो तनवीर आलम, प्रदीप गिरी, अजय यादव, बिरेन्द्र साव ने संबोधित किया। बैठक में अशोक पासवान, संजीत भारती, राजेन्द्र पासवान, अब्दुल समद, संजय यादव, अरविंद कुमार, रेणु कुमारी, अमिता कुमारी, संजू कुमारी, खालिद हुसैन, अशोक दास, मुखलाल यादव, हीरालाल तुरी, कैलाश राम, पिंटू कुमार के साथ सभी प्रखंडों से दर्जनों सहायक अध्यापक, अध्यापिका उपस्थित थे।

# नगर परिषद इलाके के 17 तालाबों में होगा छठ महापर्व

**साफ - सफाई जोरों पर जारी**
**दर्जनों मजदूर, ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें लगी हैं सफाई में**

सतीश कुमार


छठ महापर्व को लेकर तैयार इंदरवा तालाब।

**कोडरमा।** सूर्योपासना का महापर्व छठ की तैयारी में श्रद्धालु जुटे हुए हैं। नहाय - खाय संग चार दिनी छठ पर्व शुरू हो जायेगा। इधर नगर परिषद झुमरी तिलैया नप इलाके की तालाबों को साफ - सफाई में जुटा हुआ है। इसमें अब तेजी आई है। तालाबों,पहुंच पथ की सफाई में दर्जनों मजदूर,ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें लगाई गई है। हालांकि पूर्ण सफाई में 26 अक्टूबर तक समय लग सकता है। नगर परिषद छठ घाटों में ब्लीचिंग पाउडर,चुना और पानी फिटकरी भी डाल रहा है,ताकि पानी साफ हो और कम से कम गंदगी का सामना करना पड़े। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक नप क्षेत्र में कुल 17 तालाबों में छठ पर्व होगी,जहां वर्ती भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे। छठ पर्व को लेकर कुछ तालाब पूरी तरह तैयार है,तो कुछ में अब भी गंदगी पसरा हुआ है।

## इन तालाबों में होगा छठ पर्व

झुमरी तिलैया शहर के करीब डेढ़ दर्जन तालाबों में छठ महापर्व होगी। इनमें इंदरवा छठ तालाब, भेलवा आहर तिलैया बस्ती, बुढ़िया साख तालाब केडिया फैक्ट्री के निकट, राजा तालाब तिलैया बस्ती, कोरियाडीह आहर नवादा बस्ती, महतो आहर गुमो, सतपुलिया गुमो, चित्रगुप्त नगर वियर स्थल, भास्कर तालाब श्मशान घाट के निकट, मड्डुआटांड़ तालाब, धनी सिंह तालाब विद्यापुरी, जयमंगल सिंह तालाब विद्यापुरी, झलपो तालाब, मोरियावां तालाब, खैरा नदी गुमो, कचहरा घाट गुमो और इंद्रपुरी तालाब शामिल है।

## क्या कहते हैं सफाई निरीक्षक

नप के सफाई निरीक्षक राजू राम ने छठ पर्व में सफाई को लेकर पूछे जाने पर बताते हैं कि प्रशासक अंकित गुप्ता के निर्देश पर छठ घाट की सफाई के लिए करीब 40 मजदूरों को लगाया गया है। जबकि छठ घाट की पहुंच पथ की सफाई के लिए अतिरिक्त 18 मजदूरों को लगाया गया है,ताकि वर्ती और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने बताया कि सफाई में तेजी लाने को लेकर दो ट्रैक्टर और दो जेसीबी मशीनों को भी लगाया गया है। सफाई निरीक्षक के अनुसार 25-26 अक्टूबर तक सफाई कार्य को अंतिम रूप दे दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी पूजा, काली पूजा, गोवर्धन पूजा की प्रतिमा और पूजन सामग्री के डाले जाने से तालाबों में पड़ा है, जिसे साफ किया जा रहा है।

## चित्रगुप्त पूजा में शामिल हुए श्रद्धालु, आदर्शों को जीवन में अपनाने का किया आह्वान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही) ।** हजारीबाग स्थित ऐतिहासिक श्री चित्रगुप्त मंदिर, छठ तालाब में गुरुवार को चित्रगुप्त पूजा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने प्रत्येक प्राणियों का लेखा-जोखा रखने वाले ईश्वर ₹श्री चित्रगुप्त भगवान ₹की विधिवत पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। पूजा की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडितों द्वारा की गई। इस दौरान भजन-कीर्तन और आरती के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सैकड़ो पुरुषों-महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। सदस्यों ने चित्रगुप्त भगवान के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया और शिक्षा एवं एकता का संदेश दिया। पूजा में मुख्य रूप से अध्यक्ष राज प्रकाश अधिवक्ता, उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा, सचिव शेखर लाल और निशांत सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी बप्पी करण और आशीष सिन्हा, पंकज सिन्हा, मिथलेश सिन्हा उर्फ मन्ने बाबू, दीपक नाथ सहाय, बॉबी सिन्हा, अनुज सिन्हा, सुभम प्रकाश, अमित सिन्हा, प्रबल प्रताप, मुरारी सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

## सोहराय प्राचीन सभ्यता-संस्कृति से जुड़ा पारंपरिक पर्व: सुधीर मंगलेश



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरुकंला नावाडीह में सोहराय परब के शुभ अवसर पर बरदखूंटा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस जिला प्रवक्ता और मीडिया चैयरमेन सुधीर मंगलेश विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता मानिक पटेल उपप्रमुख प्रतिनिधि सह बीस सूत्री सदस्य भरत महतो पूर्व विधायक प्रतिनिधि महेंद्र ओहदार बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो ने फीता काट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथि मंगलेश ने कहा कि पारंपरिक सोहराय पर्व को मना रहे हैं। जो हमारी संस्कृति, एकता, प्रेम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व न सिर्फ पशुधन के प्रति सम्मान का अवसर है, बल्कि यह हमें मेहनत, साझेदारी और सामूहिक आनंद का संदेश भी देता है। हमारी लोक संस्कृति की यह सुंदर परंपरा नगाड़ा, ढोल, मांदर और नृत्य की थाप के साथ समाज को जोड़ने, भाईचारे को मजबूत करने और पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती है। आप सबका उत्साह, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक चेतना ही हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बनाये रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इस विरासत को पहुंचायें। मौके पर रामगढ़ 20 सूत्री सदस्य हीरालाल महतो, संजय सिंघानिया, खेमन महतो, छोटन कुमार, हेमलाल महतो, अमित कुमार, राजकुमार महतो, तिरथनाथ महतो, मनोज महतो समेत कई लोग मौजूद रहे।

## गोला में हर्षोल्लास से हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा



**गोला (आजाद सिपाही)।** बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश महापरिवार के द्वारा वार्षिक चित्रगुप्त पूजा धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि चित्रगुप्त पूजा प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन चित्रांश महापरिवार के लोग कलम तथा दावात के आराध्य देव श्री चित्रगुप्त जी महाराज की की पूजा सामूहिक तौर पर करते है। पूजन प्रातः 9:30 से आरंभ होने के पश्चात 12:30 बजे हवन एवं आरती हुई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। पूजन कार्य को पुरोहित गुरु बाबा के देखरेख में यजमान संजय बक्शी के द्वारा सम्पन्न किया गया। संध्या में चित्रगुप्त महाराज को भोग अर्पण करने के उपरांत प्रीति भोज का आयोजन हुआ। मौके पर अजीत कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार सिन्हा, कुंवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, धीरेन्द्र नारायण बक्शी, शशिभूषण बक्शी, सहदेव प्रसाद बक्शी,अरुण बक्शी, सुजीत सिन्हा, रजनीश आनंद, सुमन कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, प्रीतम सिन्हा, राजू बक्शी, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा सहित चित्रांश महापरिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

## चित्रांश परिवार ने धूमधाम से की चित्रगुप्त पूजा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र के जनता नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में गुरुवार को चित्रांश परिवार के सदस्यों द्वारा भगवान चित्रगुप्त पूजा बड़ी ही श्रद्धा और धूमधाम से संपन्न की गयी। पूजा में संजय अंबष्ट विजय वर्मा निरंजन लाल अनुज कुमार सिन्हा धीरज श्रीवास्तव जयंत लाल समेत चित्रांश परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। पूजा-अर्चना के दौरान भक्तों ने भगवान चित्रगुप्त से समाज के उत्थान एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## सोहाद में कायस्थ परिवारों ने की चित्रगुप्त पूजा

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोहाद गांव में गुरुवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को कायस्थ परिवार द्वारा चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधि विधान से भगवान चित्रगुप्त की पूजा एवं आराधना की गयी तथा क्षेत्र के अमन चैन के लिए प्रार्थना किया गया। इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शाश्वत मुन्द्रांक बिक्रेता विक्रम कुमार, अशोक कुमार सिन्हा, रौशन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से संपन्न चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता आज



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बिजुलिया रोड स्थित विश्व के कर्मों का हिसाब किताब रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की पूजा गुरुवार को आचार्य सनोज पांडे ने पुरोहित रोहित वर्मा के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई। पूजा के बाद समाज के लोगों ने हवन किया। उसके बाद आरती भगवान चित्रगुप्त एवं जगत जननी जगदंबा की की गई। आरती के बाद पंचमेवा एवं अदरक गन से बने प्रसाद को श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज के रामगढ़ जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व का हिसाब किताब कर्मों का रखने वाले भगवान चित्रगुप्त दुनिया में रह रहे सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बनाए रखें, यही चित्रगुप्त भगवान से प्रार्थना करता हूं। इस संबंध में जानकारी देते हुए चित्रगुप्त पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान चित्रगुप्त अपने भक्तों पर असीम कृपा रखते हैं तभी तो गंगा पुत्र भीष्म को अच्छी मौत का वरदान और पापी राजा सुदास को बैकुंठ जाने का वरदान दिया। हवन के बाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में समाज के बच्चों के द्वारा चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी लोग शामिल होकर प्रसाद ले सकते हैं।

## घायल हाइवा चालक की मौत, निर्माण एजेंसी ने दिया मुआवजा का आश्वासन

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रोला गांव स्थित भारत माला प्रोजेक्ट के क्रशर में माल लोडिंग करने के क्रम में हाई वोल्टेज विद्युत करंट के चपेट में आकर गंभीर रूप रूप से जख्मी हाइवा चालक बोकारो जिले के पेटरबार थाना के नॉवाखाप चरगी गांव निवासी जगेश्वर महतो उम्र 45 वर्ष पिता निर्मल महतो की मौत हो गयी। इससे पूर्व घायल चालक रिम्स रांची में कई दिनों तक जीवन ओर मौत से जूझता रहा। मरणोपरांत निर्माण एजेंसी मीरा कंस्ट्रक्शन के द्वारा मृतक के स्वजनों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। आश्वासन के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। एक सप्ताह बीतने को चले बावजूद इसके मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। जिससे मृतक के स्वजन काफी चिंतित हैं। बताया जाता है कि घायल चालक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# मांडू में 30 टन कोयला लदा ट्रक जब्त, मालिक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडू।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के सूचना के आधार पर मांडू पुलिस ने अवैध कोयला लदे एक 12 चक्का ट्रक को जब्त करते हुए मालिक को गिरफ्तार करने में सफल रही। जब्त ट्रक में 30 मिट्रिक टन कोयला लोड बताया जाता हैं। जानकारी के अनुसार मांडू पुलिस को सूचना मिली थी कि रामगढ़ की ओर से एक 12 चक्का ट्रक अवैध कोयला लेकर आ रहा है। मांडू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीसमाइल के समीप एनएच 33 पर वाहन चेकिंग लगाया। और ट्रक संख्या जेएच 10वाई 0128 को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक ने ट्रक को लगभग 100 मीटर पहले ही रोक दिया और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम राकेश कुमार उम्र 42 वर्ष, ग्राम रामनगर कॉलोनी, नियर भोला बांध, थाना- चास, जिला- बोकारो बताया। जांच में ट्रक में लगभग 30 टन अवैध कोयला लदा पाया गया, जिसका कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तलाशी के दौरान ट्रक से एक रेजिन कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। इस संबंध में मांडू पुलिस ने थाना कांड संख्या 231/25 धारा 317(5)/ 3(5) बीएनएस अधिनियम, 30(2) कोल माइंस एक्ट एवं 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर मालिक को जेल भेज दिया। छापामारी दल में थाना प्रभारी सदानंद कुमार, एएसआइ सुरेंद्र यादव शस्त्र बल के साथ शामिल थे।

# अलग-अलग स्थानों पर चेन की छिनतई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** एक बार फिर छिनतई गिरोह का आतंक शहर में बढ़ गया है। एक के बाद एक छिनतई की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि एसडीपीओ आवास के सामने इस तरह की घटना को अंजाम देना पुलिस को खुला चुनौती है, बावजूद रामगढ़ थाना पुलिस छिनतई गिरोह को पकड़ने में असफल है। इससे पूर्व में भी छिनतई गिरोह ने कई घटना को अंजाम दिये थे।

**एसडीपीओ आवास और चाइल्ड वर्ल्ड स्कूल के पास घटी घटना :** जानकारी के अनुसार पहली घटना रांची रोड स्थित चाइल्ड वर्ल्ड स्कूल के सामने घटी। इस संबंध में भुक्तभोगी गोपी नगर रांची रोड निवासी बबीता गुप्ता पति लक्ष्मण नारायण साहू ने रामगढ़ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि गुरुवार को करीब 10 बजे गोपी नगर से वसंत विहार कॉलोनी अपनी बेटी के साथ जा रही थी। इसी बीच जैसे ही चाइल्ड वर्ल्ड स्कूल के पास पहुंची तो बाइक संख्या जेएच 01 एफके 2090 पर सवार दो युवक सामने आये और गले से सोने का चेन छीन कर फरार हो गये। हालांकि जब मैं चैन को पकड़ी तो चैन का आधा हिस्सा टूट कर मेरे हाथ में रह गया।

वही, दूसरी घटना ब्लॉक स्थित एसडीपीओ आवास के सामने घाटी। इस संबंध में भुक्तभोगी कैलाश चंद्र शर्मा ने रामगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि अपनी पत्नी अंजना देवी के साथ डॉ सांत्वना शरण चाइल्ड केयर सेंटर अपनी बहू को देखने जा रही थे। इसी बीच एसडीपीओ आवास के सामने बाइक संख्या जेएच 01 एफके 2090 पर सवार उनके पास पहुंचे और मेरी पत्नी के गले में झपटा मार कर सोने का चेन छीनकर फरार हो गया। इधर, पुलिस घटना के बाद छानबीन में जुट गयी है।

### एक ही बाइक नंबर से हो रही चेन छिनतई

शहर में एक ही दिन में घटी दो घटनाओं ने लोगों को सांसत में डाल दिया है। सबसे बड़ी बात है कि गिरोह के सदस्य एक ही बाइक नम्बर के मोटरसाइकिल से शहर में आतंक मचा रहा है। लेकिन पुलिस पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में पुलिस व्यवस्था कितना मजबूत है।

## शहीद कॉमरेड चिंतामणि यादव का शहादत दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के तिलहेत पंचायत के अंतर्गत सेलवार गांव में गुरुवार को शहीद कॉमरेड चिंतामणि यादव की 22 वीं शहादत दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता माले जिला सचिव मनोज कुमार प्रजापति एवं संचालन विपिन कुमार साडील ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक कॉमरेड राजकुमार यादव तथा विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद सदस्य पांकी खुशबू कुमारी मौजूद थे। अतिथियों द्वारा शहीद चिंतामणि यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस मौके पर बिहार के भोजपुरी गायक विकास लहरी द्वारा क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत की गयी। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि चतरा जिले में बड़े पैमाने पर गरीबों के हक की लड़ाई लड़ने वाले लोगों को हत्या की गयी है। सहदेव यादव, चंद्रिका यादव, संतू दास, चिंतामणि यादव जैसे दर्जनों साथियों ने शहादत दिया है। उन्होंने कहा कि इन सभी की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगा। चतरा जिला में भाकपा (माले) लगातार जन सवालों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाती रही है। आने वाले समय में भाकपा (माले) जल, जंगल जमीन एवं भूमाफियों से मुक्ति दिलायेगा। वक्ताओं ने शहीद चिंतामणि यादव के रास्ते पर चलने एवं गरीबों की हक की लडाई को लड़ने की शपथ लेने की जरूरत बताया।

## समाजसेवी ने छठ व्रतियों के बीच संपूर्ण पूजन सामग्री बांटी



**लगातार दस वर्षों का यह सफर आगे भी जारी रहेगा : अमित साहू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** युवा समाजसेवी अमित साहू ने लगातार दसवें वर्ष छठ व्रतियों माताओं एवं बहनों के बीच निशुल्क पूजन सामग्री का वितरण करते आ रहे है। इस वर्ष भी श्री साहू ने छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरण किया है। उन्होंने बताया कि लोक आस्था के इस महा पर्व पर लगातार दस वर्षों से यह निशुल्क पूजन सामग्री बांटने का कार्यक्रम निरंतर रूप से जारी है और आगे भी जारी रहेगा। अमित साहू ने बताया कि जो भी माताओं एवं बहनों आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं है और छठ महापर्व करना चाहते हैं। वह संपूर्ण निशुल्क पूजन सामग्री प्राप्त करके पूरे भव्यता के साथ अपने परिवार के सानिध्य में छठ महापर्व मनायेंगे। श्री साहू ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यों से आत्म संतुष्टि की प्राप्ति होती है। मौके पर पवन महतो, मुकेश अंबष्ट, कुमार अक्षत, मनजीत कुमार, मनोज पाठक, इंदु देवी, सरोज साहू, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पतरातू में दो दुकानों में चोरी

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत पतरातू मेन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र और पास ही स्थित उधरा खुदरा चिकन सेंटर में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने बैंक ऑफ इंडिया सीएसपी केंद्र से लगभग 3 हजार रुपये नगद आर एक दीवाल घड़ी, जबकि उधरा खुदरा चिकन सेंटर से लगभग 5 हजार रुपये नकद और दुकान में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए।

Before, The Notary Public, Ranchi
AFFIDAVIT
I, NUSRAT PRAVIN W/o- MD. MOAZZAM KHAN, R/o- Vill- Bhut Nagar Dakra (Churi West) Post- Dakra, P.s- Khalari, Dist- Ranchi,Jharkhand-829210 do hereby declare:-
1. I have changed my name from NUSRAT PRAVIN to RIFAT PARWEEN.
2. That it is my true and correct statement.
Sl. No-735, Date- 22.10.2025

## विधायक ने छोटकीडुंडी में मेला का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** गांधी मैदान, छोटकीडुंडी में महापर्व छठ और सोहराय के मौके पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो, विशिष्ट अतिथि सीसीएल करमा पीओ रामेश्वर मुंडा, मुखिया रामसेवक महतो, पंसस रीना कुमारी, वन समिति अध्यक्ष वीरु महतो, जेएलकेएम नेता बिहारी महतो, रूपा महतो, लीलावती देवी, रवि कुमार, पंकज कुमार शामिल रहे। मेला का विधिवत उद्घाटन विधायक निर्मल महतो ने फीता काटकर किया। साथ ही, सोहराय और महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। तत्पश्चात भूमि म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले गायक इग्नेश, नितेश, सुमन गुप्ता समेत अन्य कलाकारो ने सोहराय और छठ पर्व से जुड़ी भजनों की प्रस्तुति की। जिसमें भारी संख्या में आसपास के शामिल ग्रामीणों ने लुत्फ उठाया। मौके पर करमा उतरी पंचायत के पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो, पंसस संजय कुमार, आयोजक समिति अध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव रविन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार महतो, सदस्य मनोज कुमार, दिनेश कुमार, प्रकाश कुमार, अजय, रमेश कमल महतो समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

## भगवान चित्रगुप्त को वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा किया समर्पित



आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** लेखनि-कटनि हस्त चित्रगुप्त! नमोऽस्तुते श्लोक के साथ टंडवा के विभिन्न क्षेत्रों के चित्रांश परिवार ने लेखनि को गति प्रदान करने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा भक्ति भाव से की और वार्षिक आय व्यय का लेखा-जोखा भगवान को समर्पित किया। इस दौरान टंडवा के खद्धैया, वृंदा, कसियाडीह, टंडवा में सामूहिक रुप से पूजा अर्चना की। इस पूजा की सबसे बडी महत्ता है कि हर चित्रांश परिवार सालाना आय-व्यय की वार्षिक लेखा-जोखा का व्यौरा भगवान के चरणों में समर्पित करते हैं जो कि अद्वितीय रुप से की जाती है। टंडवा मे विनय सिन्हा, रविंद्र बक्शी, चंद्रशेखर प्रसाद, तरुण कुमार,वरुण कुमार, प्रिंस बक्शी,तुषार सिन्हा, राजीव रंजन आदि शामिल हुए । साथ हीं सभी घरों में बहनो ने अन्नकूट कर भाईदूज की पूजा की और सूती के रक्षा सूत्र भाई की कलाई पर बांध उनके दीर्घायु रहने की कामना की।

## श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पहले दिन गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार गुरजोत सिंह सैनी अगुवाई कर रहे थे। प्रभात फेरी शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर किला मंदिर, लोहार टोला, चट्टी बाजार, फॉरेस्ट गली होते हुए जायसवाल कॉलोनी माता स्थित महेंद्र कौर अरोड़ा के आवास पहुंची। यहां सरदार दलजिंदर सिंह, रंजू अरोड़ा के परिवार ने साध-संगत का स्वागत किया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से माता गुरु शरण कौर कालरा ने माता महेंद्र कौर अरोड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फैरी के दौरान 'गुरुनानक की वाडियाई, कल तारण गुरुनानक आया, नाम मिले ता जीवा नानक नाम मिले ता जीवा' जैसे साध-संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

प्रभातफेरी में प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, विंकल कालरा, तेजेंद्र सिंह सोनी, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, प्रीतम सिंह कालरा, हरपाल सिंह अरोड़ा, राजा कालरा, जसविंदर सिंह सलूजा, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, इंद्रजीत सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, गुरदीप सिंह सैनी, राजू कालरा, हरेंद्र छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, यश छाबड़ा, राजू छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, सूमी जौली, जसमीत कौर सोनी, गुरबक्श कौर सैनी, रंजू अरोड़ा, रोमी छाबड़ा, मनप्रीत कौर सैनी, नवल कौर मल्होत्रा, बबली सोनी सहित सिख समाज के कई महिला-पुरुष शामिल थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा
ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-95-96-25, दिनांक 21.10.2025, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा द्वारा निम्नवर्णित विवरण के अनुसार डिपो बैलस्ट, प्लेटफॉर्म और विविध कार्यों के लिए 02 (दो) अदद ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्यों का विवरण निम्नानुसार हैं: (1) सं. ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-95-25, दिनांक 21.10.2025, चन्द्रकोणा रोड- चन्द्रकोणा रोड में अप लूप लाइन और पैसेंजर प्लेटफॉर्म के प्रावधान द्वारा डाउन मेन कम अप लूप की सुविधा को हटाया जाना। निविदा लागत: रु.12,36,05,997.57, (2) सं. ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-96-25, दिनांक 21.10.2025, बोकारो डिपो में 50 मिमी माप में मशीन खंडित बैलस्ट की ढेर में आपूर्ति एवं डिलीवरी तथा किसी भी प्रकार के रेलवे वैगनों में इसकी लदाई। निविदा लागत: रु. 4,00,54,176/-, ई-निविदाओं की अंतिम तिथि और समय 19.11.2025 को 15.00 बजे है। उक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। (PR-757)

पूर्व तट रेलवे
(1) ई-निविदा सं. 40-SBP-TRD-OT-2025-26, दिनांक : 14.10.2025
कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल में बेलसोंडा-महासमुन्द के बीच RV-30 के स्थान पर NH-353 में रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य से संबंधित TRD से जुड़े कार्य।
अनुमानित लागत : ₹ 39,62,351.79, EMD : ₹ 79,300/-
(2) ई-निविदा सं. 41-SBP-TRD-OT-2025-26, दिनांक : 14.10.2025
कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल में अंतिम क्लैंप किनारे पर बड़े स्पैन वायर के टूटने से बचने के लिए बड़े स्पैन वायर के अंत में अतिरिक्त कैटेनरी पीस एवं PG क्लैंप प्रदान करके एंटी स्लिपिंग व्यवस्था का प्रावधान।
अनुमानित लागत : ₹ 44,78,252.55, EMD : ₹ 89,600/-
(3) ई-निविदा सं. 42-SBP-TRD-OT-2025-26, दिनांक : 15.10.2025
कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल में झारसुगुड़ा रोड-टिटिलागढ़, सिंगापुर रोड-लखौली, लांजीगढ़ रोड-भवानीपाटणा एवं बलांगीर-चम्पापुर के मौजूदा पर्यवेक्षी नियन्त्रण एवं डेटा अधिग्रहण प्रणाली (SCADA) में साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन के लिए प्रावधान।
अनुमानित लागत : ₹ 7,58,39,205.27, EMD : ₹ 5,29,200/-
(4) ई-निविदा सं. 43-SBP-TRD-OT-2025-26, दिनांक : 15.10.2025
कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल में सम्बलपुर-अनुगुल सेक्शन में मौजूदा पर्यवेक्षी नियन्त्रण एवं डेटा अधिग्रहण प्रणाली (SCADA) में साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन का प्रावधान।
अनुमानित लागत : ₹ 1,45,03,110.00, EMD : ₹ 2,22,500/-
पूरा होने की अवधि : 12 महीने (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु) एवं 08 महीने (क्रम सं. 3 एवं 4 हेतु)।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : 06.11.2025 को 1530 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार / बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर
PR-706/Q/25-26

AFFIDAVIT
As per Affidavit Ref. No. 10405 date 18.10.2025. I, SAMSER ANSARI, S/O MOHAMMAD MUSTAFA ANSARI, aged about 26 years, by faith Islam, by occupation - Majdoori, by Nationality - Indian, Resident of Villa- Jainagar, Post - Patratu, P.S. - Patratu, Dist - Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as under: -1. That my original and correct name SAMSER ANSARI which has been mentioned in UID card bearing UID No. 7351 2003 3659 and Pan Card bearing Pan no. - DKDPA4375L. 2. That my name SAMSER MUSTAFA ANSARI which has been mentioned in my Bank of India branch Patratu bearing account no. 481518210002501. 3. That my name SAMSER ANSARI and SAMSER MUSTAFA ANSARI both names are same and single person. 4. That my name SAMSER ANSARI in place of SAMSER MUSTAFA ANSARI which has mentioned in Bank of India branch Patratu bearing account no. - 481518210002501. 5. That this affidavit is required for authority concern."

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई: निविदा सूचना सं. एस. जीं 664-19-संकेत-2025-26
भारत के राष्ट्रपति की और से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
1. कार्य का नाम: सिग्नलिंग कार्य विभिन्न स्वीकृत इंजीनियरिंग कार्यो के संबंध में टीआरआर एस टीआरआर पी टीटीआर एफएस स्लीपर सीटीआर टीबीएसआर टीबीआर टीएफआर टीआरआर एफएस सीएस सीएमएससी टीबीआर टर्नआउट सीटीआर पी टीटीआर टीडब्ल्यूएस सीएमएससी एलएचएस डीएचएन का प्रावधान, घिसे हुए गर्डरों का प्रतिस्थापन इंजीनियरिंग मुख्य अनुमान संख्या 15 16 12 11 13 14 17 18 09 08 10 19 01 02 टीआर डीएचएन 2025 26 12 2025-26 193 297 2024 25 50 2025 26 38 34 37 29 30 35 36 32 33 टीआर डीएचएन 2024 25 और सिग्नलिंग उप-संस्था संख्या 49 50 45 46 47 48 52 54 38 37 39 53 04 05 33 एसएनटी डीएचएन 2025 26 122 124 121 118 110 109 119 120 117 116 111 112 एसएंडटी डीएचएन 2024 25 और सिग्नलिंग मुख्य प्रतिष्ठान संख्या 10 एसएनटी डीएचएन 2025 26 डेटा लॉगर का उन्नयन, प्रतिस्थापन और विफलता विश्लेषण टर्मिनल का प्रावधान धनबाद मंडल में हेतु । 2. कार्य का आकलित मूल्य :₹7,73,52,937.68 (लगभग) 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹5,36,800/-, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 10.11.2025 (12:30 बजे), 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो । ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा ।
उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्ताबेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे ।
द्रष्टव्य:- प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे ।
वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/ पूमरे/धनबाद
पीआर/1190/डीएचएन-जीएस/एस एण्ड टी/टी/25-26/60

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
06

# इसलिए पाकिस्तान से चिढ़ते हैं बलूच

लंदन में कुछ समय पहले बलूच लिबरेशन फ्रंट के एक ग्रुप से मुलाकात हुई। उनसे बलूचिस्तान के जमीनी हालात जानकर आश्चर्य भी हुआ और अफसोस भी। संयुक्त राष्ट्र या किसी भी दूसरे मंच पर बलूचों के उत्पीड़न और शोषण की चर्चा नहीं हो रही है। इस पूरे मुद्दे को समझने के लिए हमें अतीत में जाना होगा। बलूचिस्तान आज पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जो अपने क्षेत्रफल, प्राकृतिक संसाधनों और रणनीतिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह देश के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है और इसका क्षेत्र पाकिस्तान के कुल भूभाग का करीब 44% है। इसकी सीमाएं ईरान और अफगानिस्तान से लगती हैं, जिससे इसका सामरिक महत्व और बढ़ जाता है। बलूचिस्तान के शासक खान ऑफ कलात, अहमद यार खान ने 1946 में कहा था, 'हम पहले से स्वतंत्र हैं और स्वतंत्र रहना चाहते हैं। हम पाकिस्तान या भारत का हिस्सा नहीं बनना चाहते।' दूसरी ओर, मोहम्मद अली जिन्ना बलूचिस्तान के रणनीतिक महत्व को समझते थे और इसे पाकिस्तान में शामिल करना चाहते थे। 1947 में सरदार कलात ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र प्रांत घोषित कर जिन्ना को हैरान कर दिया। लेकिन 27 मार्च 1948 को जनता की मर्जी के खिलाफ पाकिस्तान ने इसे जबरदस्ती अपने में मिला लिया। तब कलात खान ने कहा था, 'मैंने दबाव में आकर विलय किया है।' इसने बलूचों की स्वतंत्रता की भावना को और मजबूत किया। पाकिस्तान ने कहा था कि रक्षा, विदेश और संचार को छोड़कर तमाम अधिकार राज्य के पास रहेंगे, लेकिन यह वादा केवल कागज पर ही रह गया। पाकिस्तान में विलय के बाद से ही बलूचों का विरोध शुरू हो गया। 1948, 1958, 1960 में आंदोलन चला। 1973-1977 के बीच एक बड़ा विद्रोह हुआ। फिर 2000 के दशक की शुरूआत से जारी संघर्ष अब भी चल रहा है। आज के विद्रोही अक्सर सरकारी इमारतें, गैस पाइपलाइन और अन्य सरकारी सुविधाओं को निशाना बनाते हैं। कभी-कभी प्रांत में रहने वाली गैर बलूची जनता भी प्रभावित होती है। बलूचिस्तान राजनीतिक हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित पाकिस्तानी प्रांतों में से एक है। केवल राजधानी क्वेटा में ही पिछले साल की तुलना में आतंकी हमले 39% बढ़े हैं। भले ही पाकिस्तानी सेना और सरकार बलूच आंदोलन को समय-समय पर कुचल देती है, लेकिन यह फिर उभर आता है। इस प्रांत के खनिज संसाधनों का दोहन जारी है। चीन के बाद अमेरिका की भी इस प्रांत पर नजर है। बलूचिस्तान की भौगोलिक स्थिति और संसाधन अमेरिका के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। आने वाले 30-40 वर्षों में चीन के प्राकृतिक संसाधन और अरब जगत का तेल कम होने की संभावना है। तब अमेरिका को मध्य एशिया, ईरान और अफगानिस्तान पर अधिक निर्भर रहना पड़ेगा। हालांकि, बलूचिस्तान में चीन के हस्तक्षेप के कारण अमेरिका के लिए प्रभावशाली स्थिति बनाना मुश्किल हो गया है। ग्वादर बंदरगाह और बलूचिस्तान की तटीय रेखा पर चीन का नियंत्रण अमेरिका के लिए चिंता का मुख्य कारण है।

**बलूचिस्तान आज पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जो अपने क्षेत्रफल, प्राकृतिक संसाधनों और रणनीतिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह देश के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है और इसका क्षेत्र पाकिस्तान के कुल भूभाग का करीब 44% है।**

अभिमत
आजाद सिपाही


**अपने प्रोसेसर आर्किटेक्चर विकसित किये हैं, डिजाइन प्रतिभा को संवारा है और अनुसंधान अवसंरचना को मजबूत किया है। इन प्रयासों ने देश को वैश्विक चिप डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने की मजबूत नींव प्रदान की है। इस प्रगति पर आगे बढ़ते हुए, भारत अब 7 नैनोमीटर प्रोसेसर के विकास के साथ एक बड़ा कदम उठा रहा है, जो उन्नत नोड सेमीकंडक्टर डिजाइन में देश की एंट्री को चिह्नित करता है। 18 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा की गयी इस पहल की घोषणा भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है और यह आत्मनिर्भर, अगली पीढ़ी की तकनीकी नवाचार के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराती है।**

# इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय: अगली पीढ़ी की तकनीक को सशक्त बनाता भारत

पीआइबी

पिछले एक दशक में भारत ने स्वदेशी सेमीकंडक्टर क्षमताओं में लगातार प्रगति की है। अपने प्रोसेसर आर्किटेक्चर विकसित किये हैं, डिजाइन प्रतिभा को संवारा है और अनुसंधान अवसंरचना को मजबूत किया है। इन प्रयासों ने देश को वैश्विक चिप डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने की मजबूत नींव प्रदान की है।

इस प्रगति पर आगे बढ़ते हुए, भारत अब 7 नैनोमीटर प्रोसेसर के विकास के साथ एक बड़ा कदम उठा रहा है, जो उन्नत नोड सेमीकंडक्टर डिजाइन में देश की एंट्री को चिह्नित करता है। 18 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा की गयी इस पहल की घोषणा भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है और यह आत्मनिर्भर, अगली पीढ़ी की तकनीकी नवाचार के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराती है।



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और आईएसएम के सेमीकंडक्टर पहल से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होने और हजारों उच्च-कुशल नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। 24 चिप डिजाइन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है और 87 कंपनियां अब उन्नत डिजाइन टूल्स का उपयोग कर रही हैं। इस पहल का लक्ष्य दुनिया के लिए भारत में चिप्स का निर्माण करना है। स्वदेशी 7 एनएम प्रोसेसर पहल केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक दृढ़ संकल्प को परिभाषित कर रहा है।

## कार्यान्वयन रूपरेखा

7 एनएम प्रोसेसर का विकास भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आइआइटी मद्रास) द्वारा किया जा रहा है, जो अपने शक्ति पहल के माध्यम से भारत के प्रोसेसर डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख संस्था है। 2013 में शुरू किया गया शक्ति, एक ओपन-सोर्स इंस्ट्रक्शन सेट आर्किटेक्चर पर आधारित है, जो किसी को भी इसे स्वतंत्र रूप से अपनाने और उपयोग करने की अनुमति देता है।

**स्वदेशी-7 एनएम प्रोसेसर के माध्यम से नवाचार को मिल रही गति**

भारत वर्तमान में आरआइएससी-वी आर्किटेक्चर अपना रहा है, इसके तहत एक ओपन-सोर्स आर्किटेक्चर और विभिन्न प्रकार के उपकरणों के लिए माइक्रोप्रोसेसरों की एक फैमली विकसित की जा रही है। शक्ति परियोजना के तहत एक मध्यम-श्रेणी का ओपन-सोर्स प्रोसेसर विकसित किया गया है, ताकि कोई भी स्टार्टअप इसे आगे बढ़ा सके।

यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन कार्य करती है, जो सेमीकंडक्टर अनुसंधान एवं विकास, चिप डिजाइन और नवाचार अवसंरचना में राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करता है।

यह पहल इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के अनुरूप है, जो सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण की एंड-टू-एंड क्षमता स्थापित करने और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए समर्पित कार्यक्रम है।

यह रूपरेखा अकादमिक संस्थानों, उद्योग और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करती है, ताकि अनुसंधान अवसंरचना को मजबूत किया जा सके और प्रतिभा क्षमता का विस्तार हो सके।

### भारत की 7 एनएम छलांग क्यों है महत्वपूर्ण

उच्च प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता के लिए डिजाइन किया गया 7 एनएम प्रोसेसर वित्तीय सेवाओं, संचार, रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में सर्वर अनुप्रयोगों को लक्षित करता है। यह सेमीकंडक्टर डिजाइन में उच्च ट्रांजिस्टर घनत्व और बेहतर कम्प्यूटिंग दक्षता के साथ एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करता है।

यह भारत की भविष्य की सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन (फैब) एकीकरण के लिए तैयारी को मजबूत करता है, जो इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत घरेलू निर्माण क्षमताएं स्थापित करने के राष्ट्रीय प्रयासों के अनुरूप है।

यह डिजिटल इंडिया पहल के प्रमुख फोकस क्षेत्र - 5जी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सुपरकंप्यूटिंग जैसी उभरती तकनीकों के लिए रीढ़ का कार्य करता है। यह आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत तकनीकी आत्मनिर्भरता के भारत के रणनीतिक लक्ष्य को सुदृढ़ करता है और महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए आयातित चिप्स पर निर्भरता को कम करता है।

### वैश्विक सेमीकंडक्टर परिदृश्य में भारत

76,000 करोड़ रुपये के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आइएसएम) के तहत अब तक 6 राज्यों में 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाले 10 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी जा चुकी है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की डिजाइन लिनक्ड इन्सेंटिव योजना के तहत 288 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को समर्थन प्रदान किया गया है।

स्वदेशी 7 एनएम प्रोसेसर डिजाइन पहल भारत को उन्नत नोड अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में प्रवेश कराती है, जिससे भारत उन उभरते देशों की पंक्ति में शामिल हो गया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे अग्रणी देशों द्वारा विकसित अत्याधुनिक तकनीकी नोड्स पर अनुसंधान और डिजाइन को आगे बढ़ा रहे हैं।

ये सभी पहल मिलकर भारत की स्थिति को वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखलाओं में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में मजबूत करती हैं और एंड-टू-एंड सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के निर्माण की उसकी दृष्टि को आगे बढ़ाती हैं।

## भविष्य की रूपरेखा:

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से उप-7 एनएम नोड्स की दिशा में निरंतर प्रगति। भारत में उन्नत चिप डिजाइन, परीक्षण और पैकेजिंग सुविधाएं स्थापित करना।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और आईएसएम के सेमीकंडक्टर पहल से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होने और हजारों उच्च-कुशल नौकरियों के सृजन की उम्मीद है।

24 चिप डिजाइन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है और 87 कंपनियां अब उन्नत डिजाइन टूल्स का उपयोग कर रही हैं। इस पहल का लक्ष्य दुनिया के लिए भारत में चिप्स का निर्माण करना है। स्वदेशी 7 एनएम प्रोसेसर पहल केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक दृढ़ संकल्प को परिभाषित कर रहा है। नवाचार, अकादमिक और उद्योग के संगम से भारत एक आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रख रहा है। लगातार अनुसंधान एवं विकास और रणनीतिक निवेश के माध्यम से, देश वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

## कोल्हान की खबरें

# बिष्टुपुर में ब्लिंकिट के आउटलेट को बंद करने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला प्रशासन ने ब्लिंकिट को 30 दिनों के भीतर अपना बिष्टुपुर आउटलेट खाली करने का आदेश दिया है। कंपनी की पार्किंग व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों और स्टोर कर्मचारियों के बीच हुई तीखी झड़प के बाद जनता में फिर से आक्रोश भड़क गया है। बता दें कि सप्ताह की शुरुआत में आउटलेट के बाहर तनाव तब बढ़ गया, जब स्थानीय लोगों ने ब्लिंकिट के कर्मचारियों पर एक महिला के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। उस महिला ने डिलीवरी बाइक के कारण पार्किंग में लगातार हो रही अव्यवस्था की शिकायत की थी। यह विवाद बढ़ गया, जिससे भीड़ जमा हो गयी और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बिष्टुपुर डार्क स्टोर को बंद करने का निर्णय कंपनी के संचालन से जुड़ी यातायात बाधा और अव्यवस्था की बार-बार मिल रही शिकायतों के बाद लिया गया। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, ऐसे स्टोर जनता की सुविधा की कीमत पर संचालित नहीं किये जा सकते। आउटलेट को बंद करने का यह आदेश सोनारी में इसी तरह की अशांति के बाद आया है, जहां हाल ही में एक अन्य ब्लिंकिट स्टोर के बाहर पार्किंग विवाद हिंसक हो गया था, जिसके परिणामस्वरूप पथराव, संपत्ति को नुकसान और देर रात पुलिस की कार्रवाई हुई थी। अधिकारियों ने अब ब्लिंकिट और अन्य क्विक-कॉमर्स फर्मों को नयी चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्हें भीड़भाड़ वाले आवासीय क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और सभी परिचालन स्थलों पर उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन यातायात की भीड़भाड़ और सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए हाइपर लोकल डिलीवरी हब के लिए नये शहरव्यापी दिशा-निर्देशों का मसौदा भी तैयार कर रहा है।

# कांग्रेस नेताओं ने छठ पूजा के लिए घाटों की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल घाटों की साफ सफाई का जायजा लिया। गुरुवार को उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बारीडीह बगुनहातू, बाबूडीह, पांडेय और गांधी घाट समेत प्रमुख छठ घाटों की साफ सफाई में पायी गयी कमियों की जानकारी जेएनएसी अधिकारियों को दी और शीघ्र सुधार कार्य शुरू करने की मांग की। निरीक्षण के दल का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत सिंह बेदी, देवेश राज, सचिन कुमार सहित कई कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है, सिर्फ झूठ बोलने में आगे घाटशिला में झामुमो की एकतरफा जीत होगी : संजीव सरदार

## झामुमो प्रत्याशी के समर्थन में विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला में आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक सह पोटका विधायक संजीव सरदार ने धालभूमगढ़ प्रखंड के मुदाहसोली एवं छोड़िया गाँव में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक संजीव सरदार ने कहा महागठबंधन की सरकार में सीएम हेमंत सोरेन ने सदैव जनहित और विकास को प्राथमिकता दी है।विधायक ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना



साधते हुए कहा भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है, वह सिर्फ उद्योगपतियों के लिए काम करती है। उनका काम जनता को गुमराह करना और झूठ बोलना है।

घाटशिला में झामुमो की एकतरफा जीत तय है। श्री सरासर ने कहा घाटशिला की जनता अबुआ सरकार के कार्यों पर भरोसा रखती है और एक बार फिर विकास के पक्ष में मतदान करेगी। संजीव सरदार ने जनता से अपील की वे एकजुट होकर झामुमो के तीर-कमान के निशान पर ही मुहर लगायें। मौके पर झामुमो के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य गणेश चौधरी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों से संगठन को मजबूत करने और झामुमो प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रखंड अध्यक्ष शुभांकर सिंह, महिला नेत्री देवला हांसदा, समेत कई झामुमो कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्तन कैंसर जागरूकता महीना : हर कहानी अनोखी, हर यात्रा अहम : डॉ संघमित्रा जेना

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अक्टूबर माह को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर टीएमएच की सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट सह इंचार्ज डॉ. संघमित्रा जेना ने कहा यह समय है साहस, जागरूकता और सामूहिक संघर्ष को सलाम करने की। इस वर्ष की थीम हर कहानी अनोखी है, हर यात्रा अहम है। इससे स्तन कैंसर से जूझ रही प्रत्येक महिला के संघर्ष और उम्मीद की कहानी को दशार्ती है। डॉ. जेना ने कहा नियमित स्वयं-स्तन जांच से कैंसर



की शुरूआती पहचान संभव है, जो जीवन रक्षक साबित हो सकती है।उन्होंने बताया अब लंपेक्टॉमी व रेडिएशन थेरेपी जैसी आधुनिक तकनीकें न केवल कैंसरग्रस्त ऊतक को हटाती हैं बल्कि स्तन को संरक्षित भी रखती हैं, जिससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है। टीएमएच में मैमोग्राफी, ब्रेस्ट अल्ट्रासाउंड और जेनेटिक काउंसलिंग जैसी उन्नत जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। विशेषज्ञों की टीम प्रत्येक मरीज के लिए व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार करती है, जिसमें कीमोथेरपी, रेडिएशन और टार्गेटेड थेरपी शामिल हैं। डॉ. जेना ने कहा हर मरीज की यात्रा साहस और उम्मीद की मिसाल है। उन्होंने महिलाओं से अपील की वे नियमित जांच कराएं, जागरूक रहें और समय पर उपचार लें, क्योंकि स्तन कैंसर से लड़ाई में पहला कदम जागरूकता सबसे बड़ी ताकत है।

# हर्षोल्लास के साथ मना भाई दूज, बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र के लिए की कामना



मनोहरपुर (आजाद सिपाही)। मनोहरपुर प्रखंड में दीपावली के बाद भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया।गुरुवार को बहनों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही घर-घर में पूजा की तैयारी रही। बहनों ने आरती उतारकर भाइयों को मिठाई खिलाई, वहीं भाइयों ने उपहार देकर स्नेह जताया। ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों तक पूरे दिन भाई-बहन के प्रेम और मिलन का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। लोगों ने कहा यह पर्व पारिवारिक रिश्तों में प्रेम, विश्वास और एकता की भावना को मजबूत करती है।

# दुरंतो एक्सप्रेस पर पथराव, आरपीएफ की लापरवाही पर हो सकती है कार्रवाई



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मनोहरपुर स्टेशन पर बुधवार देर रात दुरंतो एक्सप्रेस पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे कोच ए-4 की खिड़की का शीशा टूट गया और एक यात्री हल्के रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी ट्रेन के टीटी ने कंट्रोल रूम को दी, जिसके बाद आरपीएफ हरकत में आयी। हालांकि पथराव के समय ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवानों को इसकी भनक तक नहीं लगी। अब रेलवे प्रशासन जांच कर रही है, घटना के वक्त आरपीएफ ड्यूटी पर थी या नहीं। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। पुलिस को अब तक हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिला।

# गोविंदपुर में पटाखा जलाने से 11 वर्षीय मासूम झुलसी, एमजीएम में चल रहा इलाज

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। छोटा गोविंदपुर में गुरुवार सुबह पटाखों की बारूद जलाने के दौरान 11 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार के लोग उसे तुरंत एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में मासूम के चेहरे, हाथ और पैर झुलस गया, लेकिन उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।घटना परसुडीह थाना क्षेत्र की है। जब मासूम अपने दोस्तों के साथ फूटने वाले पटाखों को इकट्ठा कर उनमें आग लगा रहा था। इसी दौरान बारूद फटने से वह झुलस गया।पुलिस और प्रशासन ने बार-बार पटाखों की बारूद जलाने को खतरनाक बताया है। लेकिन इसके बावजूद ऐसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में प्रज्ञा केंद्र संचालकों से एसडीएम ने किया संवाद

# बिना कारण आवेदन रिजेक्ट करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई: एसडीएम

कहा- प्रशासन और नागरिकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं प्रज्ञा केंद्र

- राइट टू सर्विस एक्ट को अधिक प्रभावी बनाने में प्रज्ञा केंद्र बनें मददगार



प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ संवाद करते एसडीएम संजय कुमार।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने गुरुवार को 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम के तहत प्रज्ञा केंद्र संचालकों एवं सीएससी ऑपरेटरों के साथ संवाद किया। इस दौरान संचालकों ने अपने दैनिक कार्यों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और सरकारी कर्मियों के स्तर से आने वाली समन्वयात्मक समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा। एसडीएम ने सभी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और ई-गवर्नेंस सेवाओं को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए कई सुझाव भी दिए। कहा कि डिजिटल सेवाओं के माध्यम से आमजन तक सुविधाएं सहज रूप से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर दोनों जिसा सीएससी मैनेजर मनीष कुमार एवं कौशल किशोर के अलावा विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग तीन दर्जन से अधिक प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

**श्रमाधान योजना में गड़बड़ी से प्रज्ञा केंद्र संचालक नाहक हो रहे बदनाम :** नवादा मोड़ पर स्थित राज किरण प्रज्ञा केंद्र के संचालक गौतम कश्यप एवं 20 से अधिक अन्य प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने एसडीएम का ध्यान आकृष्ट कराया कि मजदूरों के कल्याण के लिए चल रही श्रमाधान योजना के क्रियान्वयन में काफी गड़बड़ी है, जिसके चलते प्रज्ञा केंद्र संचालकों की झूठी बदनामी हो रही है, जबकि उनका इसमें कोई योगदान नहीं है। आरोप लगाया कि कुछ बिचौलिए आवेदन करने के नाम पर मजदूरों से 300 से 500 रुपये तक ले रहे हैं। इतना ही नहीं उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से आने वाले पांच हजार रुपये में से भी कुछ बिचौलिए आधी राशि वापस मांग ले रहे हैं। आम मजदूरों को लगता है कि वे बिचौलिए प्रज्ञा केंद्र संचालक हैं, जबकि उन लोगों का प्रज्ञा केंद्र से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में उन लोगों की जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। एसडीएम ने मामले को अति गंभीर मानते हुए मौके पर ही श्रम अधीक्षक को फोन कर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

### राशि का मुखिया कर रहे दुरुपयोग

पंचायत भवन में कार्यरत कुछ प्रज्ञा केंद्र संचालकों (वीएलई) ने बताया कि हर महीने रखरखाव के नाम पर प्रत्येक मुखिया को 15000 रुपये मिलते हैं, लेकिन उस राशि को मुखिया खर्च ही नहीं करते हैं। यहां तक कि साफ सफाई भी उन्हें खुद अपने हाथ से करनी पड़ रही है। महुलिया पंचायत के वीएलई ने तो यहां तक आरोप लगाया कि उनके प्रज्ञा केंद्र में गेट तक नहीं है, जबकि हर महीने राशि आती है। फिर भी मुखिया गेट नहीं लगवा रहे हैं। इस पर एसडीएम ने पंचायती राज पदाधिकारी को मामला अग्रसारित कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उधर, गढ़वा मेन रोड के सीएससी संचालक प्रतीक राज सोनी ने बताया कि नागरिकों द्वारा उनके यहां ऑनलाइन फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन करने के कारण उनके बैंक अकाउंट को संदिग्ध मानते हुए सीज कर दिया गया है। कुछ ऐसी ही समस्या अन्य संचालकों ने रखीं, जिस पर एसडीएम ने कहा कि उन्हें इस संबंध में बैंकिंग नियमों की गहरी जानकारी नहीं है। एलडीएम से इस संबंध में समन्वयात्मक सहयोग के लिए कहेंगे।

### कई कार्यालयों के कंप्यूटर ऑपरेटरों की भूमिका भी संदिग्ध

प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने कहा कि वे नागरिकों के आवेदन अपलोड कर करते हैं लेकिन उनकी प्रोसेसिंग लंबे समय तक संबंधित कार्यालय में काम करने वाले ऑपरेटर की मनमानी के चलते लटकी रहती है। जबकि जनता बार-बार उनके यहां पूछने आती है। जब नागरिक खुद उन कंप्यूटर ऑपरेटर के पास जाकर मिलते हैं तब जाकर उनका काम होता है। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। साथ ही मांग की कि लंबे समय से एक ही कार्यालय में जमे कंप्यूटर ऑपरेटर को स्थानांतरित किया जाए। इस पर एसडीएम में कहा कि वे मामले को वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लायेंगे।

### फर्जी प्रज्ञा केंद्र संचालकों पर कार्रवाई की मांग

बैठक में पहुंचे प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने एसडीएम को बताया कि कई लोग बिना आधिकारिक आईडी लिए ही अपने यहां प्रज्ञा केंद्र का बोर्ड लगाकर बैठ गए हैं। ऐसे ज्यादातर लोग गलत कार्यों में संलिप्त हैं। जब ये लोग किसी से धोखाधड़ी करते हैं तो बदनामी प्रज्ञाकेंद्र संचालकों की होती है। इसलिए ऐसे लोगों पर उचित कार्रवाई की जाए। इस पर एसडीएम ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### मनमानी करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

कई प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बताया कि उनके यहां से जो नागरिक सभी डाक्यूमेंट्स के साथ विभिन्न सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं उसमें से कुछ कार्यालय के कर्मी-पदाधिकारी पात्र लाभुकों के भी आवेदन बिना तर्क-कारण के रद्द कर देते हैं। जिससे लोगों और प्रज्ञा केंद्र संचालक को परेशान होते हैं। डंडई प्रखंड के रारो के प्रज्ञा केंद्र संचालक दशरथ कुमार सिंह बताया कि उनके यहां से आवेदन करने वाले कई जाति, आवासीय प्रमाण पत्र के आवेदनों को 'ओके' लिखकर रद्द कर दिया जा रहा है। इसी प्रकार कई अन्य संचालकों ने भी एसडीएम के समक्ष शिकायतें की। इस पर एसडीएम ने कहा कि ऐसे मामलों के स्क्रीनशॉट उन्हें उपलब्ध करवायें, इस प्रकार के अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा तो करेंगे ही झारखंड राइट टू सर्विस एक्ट 2011 के तहत अर्थ दंड भी लगवाएंगे।

### रेट चार्ट के अनुसार ही सुविधा शुल्क लें

एसडीएम ने सभी संचालकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई बातों को वे खुद या अपने वरीय पदाधिकारियों को प्रेषित कर समाधान का रास्ता ढूंढेंगे। साथ ही सभी से अपील भी कि वे अपने-अपने केंद्रों पर सभी सेवाओं से संबंधित सुविधा शुल्क का रेट कार्ड प्रदर्शित करें और रेट कार्ड के अनुरूप ही नागरिकों से सुविधा शुल्क वसूल करें। वहीं, डंडई प्रखंड के पचौर निवासी राहुल गुप्ता, कंचनपुर के श्री राम ओझा, ओबरा गढ़वा के प्रदीप पाल, मेराल चामा के पप्पू यादव, जरही के शंकर चौधरी, मोहित चौधरी, नगर परिषद क्षेत्र के अरुण कुमार, विकास सोनी, अचला के कमलेश चौबे, छतरपुर के राकेश कुमार, कांडी के सुबोध कुमार वर्मा, करुआ कला के आनंद शर्मा आदि कई संचालकों ने विभिन्न विषयों को एसडीएम के समक्ष रखा, जिन पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एसडीएम में भरोसा दिया।

## लाइब्रेरी पहुंच कर एसडीएम ने बढ़ाया छात्राओं का मनोबल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाइदूज के अवसर पर गुरुवार को एसडीएम संजय कुमार ने स्थानीय अनुमंडलीय पुस्तकालय (लाइब्रेरी) का दौरा कर वहां अध्ययनरत प्रतियोगी छात्राओं से भाई-बहन के लहजे में आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें करियर के प्रति सजग रहने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। एसडीएम ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे निरंतर ईमानदारी से मेहनत करें और अपने सपनों को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करें। एसडीएम ने पुस्तकालय में उपस्थित 30 से अधिक छात्राओं को भाई दूज के सांकेतिक उपहार स्वरूप पेन और नोटबुक आदि भेंट की। साथ ही उन्होंने छात्राओं से पुस्तकालय से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। पूछा कि उन्हें किन-किन विषयों की पुस्तकों की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि छात्राओं द्वारा तैयार की गई सूची के आधार पर एक-दो दिनों के भीतर आवश्यक पुस्तकें पुस्तकालय में उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान छात्राओं ने एसडीएम को अपने बीच अभिभावक की भूमिका में पाकर खुशी जाहिर की। एसडीएम ने छात्राओं से कहा कि आज भाईदूज का दिन है, इसलिए वे अपने छोटी-छोटी बहनों के बीच उनके बड़े भाई और अभिभावक के रूप में आये हैं। कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि गढ़वा की बेटियां लगातार शिक्षा के माध्यम से समाज का गौरव बढ़ा रही हैं।

## कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में नगर उंटरी प्रखंड के पाल्हे कला गांव के निमियाडीह टोला पर वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत गुरुवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर उंटारी प्रखण्ड अध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने और कार्यक्रम का संचालन नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष संतोष प्रकाश ने किया। नगर के पालहे कलां गांव के निमियाडीह टोला में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को हमारे नेता राहुल गांधी जी ने देशव्यापी स्तर पर छेड़ा है। यह अभियान लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए देश स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गढ़वा जिला कांग्रेस की टीम इस दिन आदिवासी के बीच पहुंची है। कहा कि लोगों का सहयोग एवं समर्थन पाकर हम अभिभूत हैं। जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि इस अभियान को गढ़वा जिले के प्रत्येक पंचायत गांव एवं वार्ड में नेतृत्व के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि एक मात्र नेता राहुल गांधी राष्ट्र संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका यह कदम आम जनता के बीच काफी सराहनीय है। धन्यवाद ज्ञापन ओम प्रकाश चौबे ने किया। इस मौके पर महेंद्र उरांव, मोसाहिद हुसैन, सुरज कुमार, देव नाथ पासवान, विजय उरांव, दिनेश उरांव, सुनील उरांव भगवती देवी,यशोदा देवी, सुघरी देवी, शारदा देवी, मनमतिया देवी आदि उपस्थित रहे।

## मझिआंव में छठ घाट पर होगी गंगा आरती, भक्ति जागरण का होगा आयोजन




**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मझिआंव में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में छठ पूजा मेला घाट समिति की ओर से गुरुवार को प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी ने बताया कि इस वर्ष भी मझिआंव मेला छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। यह आरती वाराणसी से पधारे प्रसिद्ध आचार्य आशुतोष दुबे जी एवं उनकी टीम द्वारा संपन्न कराई जाएगी। यह आयोजन संध्या सात बजे से मेला छठ घाट पर आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से छठ घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है और जनता का अपार सहयोग एवं श्रद्धा इस परंपरा को और भी भव्य बनाती जा रही है। इस अवसर पर मेला छठ घाट पूजा समिति के अध्यक्ष चंदन कमलापुरी ने बताया कि छठ पर्व को लेकर संपूर्ण तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। घाटों की साफ-सफाई, समतलीकरण और प्रकाश की व्यवस्था युद्धस्तर पर कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे श्रद्धा एवं उल्लास के साथ पूजा अर्चना कर सकें। इसके साथ ही छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के मनोरंजन एवं आध्यात्मिक आनंद के लिए रात्रि में भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय एवं बाहर से आए कलाकार मां निरंजन के गुणगान करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान धनंजय सोनी, विवेक सोनी, टुकु कमलापुरी, गबू चंद्रवंशी,रमेश जयसवाल उपेंद्र कुमार, ऋतिक कुमार सहित कई श्रद्धालु एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

## छठ महापर्व को लेकर समिति एवं प्रशासन सक्रिय, घाटों की हो रही साफ सफाई

**रमना (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखंड के विभिन्न छठ घाट समिति सदस्य सक्रिय हो गए है। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ पूजा समिति द्वारा युद्ध स्तर पर साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। कमेटी के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समुचित टेंट,लाइट के साथ अस्थाई सूर्य भगवान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह रात्रि में बाहरी कलाकरो के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं, गम्हारिया गांव स्थित सनराइज क्लब के तत्वधान में सुंदरबांध छठ घाट मार्ग का सुचारू रूप से काम प्रारंभ करते हुए साफ सफाई शुरू कर दी। कमेटी के अध्यक्ष अजय प्रसाद यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से आस्था का महापर्व छठ पर मनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जिसमें समुचित लाइट व्यवस्था, डेकोरेशन, टेंट और भक्ति जागरण आदि कार्यक्रम शामिल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई सदस्य लगे हुए है। वहीं, भागोडीह में भी छठ महापर्व को लेकर सड़क की मरमती और साफ सफाई शुरू हो गयी है। प्रखंड मुख्यालय टेढ़की पुल समीप छठ पूजा सफल आयोजन को लेकर सचिव महेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष बबलू गुप्ता, संरक्षक टूटू सिंह, संजय प्रसाद,अजित सोनी, शक्ति सिंह, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, प्रभात कुमार, शुभम कुमार, रोहित वर्मा, अरविंद कुमार, राजाराम प्रसाद, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, अंकित कुमार, पंकज कुमार सहित मीडिया प्रभारी दिनेश गुप्ता सहित अन्य लोग सराहनीय भूमिका निभा रहे है।

## मुखिया ने कराया विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई




**रंका (आजाद सिपाही)।** छठ पूजा महापर्व को लेकर रंका प्रखंड अंतर्गत रंकाकला पंचायत के मुखिया रणजीत सोनी ने गुरुवार को विभिन्न छठ घाटों एवं नालियों की साफ-सफाई जेसीबी मशीन से करायी। मुखिया रणजीत सोनी ने आजाद सिपाही को बताया कि रंका बाजार नदी पुल के पास छठ घाट, बड़ा तालाब छठ घाट सहित पांच-छह छठ घाटों की सफाई कराई है, ताकि छठव्रतियों को कोई परेशानी नहीं हो। जबकि रंका सब्जी बाजार से पुरानी अस्पताल जाने वाली नदी पुल के पास पानी से बह कर जमी हुई कुड़ा कर्कट की ढेर को भी साफ सफाई कराई गई है। मुखिया द्वारा कराए गए सफाई कार्य की प्रशंसा पंचायत के लोग कर रहे हैं।

## 20 सदस्यीय गढ़वा जिला टेबल टेनिस की टीम जमशेदपुर रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर में शुक्रवार से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय तृतीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने गढ़वा जिला के 20 सदस्यीय टीम रवाना हुई। इसमें अमल कुमार ठाकुर, अनुप कुमार, अमन कुमार पाल, अनिल कुमार मेहता, उज्जवल कुमार, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, आयुष राज, दिव्यांशु धर दुबे, अंजली कुमारी, वर्षा रानी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय एवं पलक भारती शामिल है। जबकि टीम का मैनेजर संघ के कार्यकारी सदस्य संजय कुमार सिंह और कोच संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है। इस मौके पर अभिभावक अमित कुमार एवं जितेंद्र पाल के अलावा डीएफओ एबीन बेनी अब्राहम,अंशुमान राजहंस, डॉ कुमार निशांत सिंह, संगठन के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केसरी, उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, धनंजय सिंह, अशोक कुमार दुबे, सिस्टर रौशन, सुशील प्रसाद केसरी, संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, मोजिबुद्दीन खान, चंद्र भूषण सिन्हा, जायंट्स के कमलेश गुप्ता, रविंद्र जयसवाल, राजमोहन पाल, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल, अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, अभय कुमार आदि ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामाएं दीं।

## सरदार पटेल की जयंती मनाने को लेकर बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुर्मी समाज के लोगों ने गुरुवार को लोहिया समता उच्च विद्यालय में बैठक की। जिसमें उपस्थित कुर्मी महासभा गढ़वा के जिला महा सचिव गोरख चौधरी ने बताया कि 31 अक्टूबर को खरौंधी प्रखंड के चौरिया में पटेल चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित है। वहां इस वर्ष भी भव्य रूप से उनकी 150वीं जयंती मनाई जानी है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेन्द्र कुमार सिन्हा शामिल होंगे। इनके साथ ही जिले के कई वरीय पदाधिकारी भी शामिल होंगें। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से अपने समाज के लोग शामिल होंगे। इसे सफल बनाने को लेकर तन मन से सहयोग करने की अपील की गयी। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में सभी बुद्धिजीवी वर्ग को आमंत्रित करने की जिम्मेवारी सौंपी गयी। इस दौरान पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के के बाद सभा का भी आयोजन होगा, जहां सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। इस मौके पर धनंजय पटेल, मदन पटेल, अनिल पटेल, दीनानाथ पटेल, रविंदर चौधरी, आशीष पटेल, शिव चौधरी, बुलू पटेल, विजय पटेल, रवि चौधरी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## हादसे में एनएच निर्माण में लगी एमजीसीपीएल के गार्ड की मौत, बेटा गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव के बस स्टैंड के समीप गुरुवार को सड़क हादसे में एनएच 39 निर्माण कार्य में लगी एमजीसीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाइट गार्ड की मौत हो गयी। जबकि उसका गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सुरेंद्र मेहता (40) के रूप में हुई है। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार इस दिन सुरेंद्र अपने बेटे के साथ मोपेड (लूना बाइक) पर सवार होकर सब्जी खरीदकर मेराल के नेनुआ मोड़ अपनी बेटी के घर जा रहा था। सभी अकालवनी गांव के समीप सड़ पार करने के दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में सुरेंद्र मेहता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर मेराल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। साथ ही शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## भवनाथपुर में धूमधाम से मना भैया दूज का त्योहार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और स्नेह का प्रतीक पर्व भैया दूज प्रखंड क्षेत्र में बड़ी धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों के दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए व्रत रखा और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही बहनों ने घर के बाहर साफ-सफाई कर गाय के गोबर से गोधन चक्र बनाया और उसमें गूंग भटकइया सहित पूजन सामग्री सजाई। इसके बाद मोहल्ले की बुजुर्ग महिलाओं की देखरेख में परंपरागत ढंग से बहनों ने मूसल से गोधन कूटा और लोकगीत 'गोधन भइया चलले अहेरिया, खिलिच बहिना दे ली आशिष, जिउसहू मोरा भइया, जिय भइया भैया दूज गाकर भाइयों की सलामती की प्रार्थना की।पूजन के उपरांत बहनों ने अपनी जीभ से गोधन चक्र पर रखे गूंग भटकइया के कांटे को छूकर भगवान गोवर्धन से भाई की रक्षा की गुहार लगाई। इसके बाद विवाहित और कुंवारी बहनों ने घर आकर भाइयों की आरती उतारी, तिलक लगाया और मिठाई एवं प्रसाद खिलाया।

## चार लोगों के खिलाफ थाने में नामजद मामला दर्ज

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर ऊंटरी थाना अंतर्गत चेचरिया निवासी मनोज कुमार चौरसिया ने थाने में आवेदन देकर अनिल दास सहित चार लोगों पर नामजद मामला दर्ज कराया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि मनोज चौरसिया ने थाने में शिकायत दर्ज क रायी है। जिसमें बताया कि बुधवार की रात 10 बजे वह अपनी दुकान घर पर थे। तभी अचानक बगल गांव के अनिल दास, श्रवण दस, अभय दास और सुनील दास चारों के पिता दिनेश दास एक गाड़ी से आए और गाली गलौज करने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया। इसी बीच शोर शराबा सुनकर घर से बेटी और पत्नी निकली तो वे लोग और आक्रोशित हो गये और हाथापाई करने लगे। इस दौरान उन्हों हल्की चोट भी लगी है। अंत में वे लोग भागने के क्रम में दुकान में रखे पेट्रोल को उन लोगों पर छिड़क दिया और भाग गये। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। प्रथम दृष्टया में मामला पैसों के लेन देन को लेकर वादी के बेटा के साथ विवाद होना लग रहा है।

## बारिश में ढहा आशियाना, तिरपाल के नीचे गुजर रही जिंदगी

### प्रधानमंत्री और अबुआ आवास योजना से भी वंचित, प्रशासन से लगायी मदद की गुहार

श्यामबच्चन यादव



**सगमा/गढ़वा।** सगमा प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव निवासी रामसागर चंद्रवंशी का खपरैल का मकान विगत तीन अक्टूबर को हुई जोरदार बारिश में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। अचानक मकान की दीवार और छत गिरने से पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गयी, लेकिन परिवार अब बेघर हो चुका है। रामसागर चंद्रवंशी ने बताया कि उनके घर का एक हिस्सा पिछले वर्ष की बारिश में ही गिर गया था। उस समय उन्होंने उम्मीद जताई थी कि सरकार से आवास का लाभ मिल जाएगा, लेकिन अबकी बार बचा हुआ हिस्सा भी तीन अक्टूबर की तेज बारिश में ढह गया। बताया कि परिवार के सभी सदस्य घर के बचे हुए हिस्से में तिरपाल डालकर रहने को मजबूर हैं। बच्चों और बुजुर्गों को बारिश और ठंड से बचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रामसागर ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत में आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना का लाभ मांगा, लेकिन अब तक किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका है। उनका कहना है कि उन्होंने मुखिया और शिविरों में आवेदन दिए, फिर भी कोई पहल नहीं हुई। हम गरीब लोग हैं, तिरपाल के नीचे जीवन काट रहे हैं। सरकार अगर एक आवास दे दे तो परिवार को बड़ी राहत मिलेगी। इस संबंध में बीरबल के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का जियो ट्रैकिंग कार्य पूरा हो चुका है। रामसागर चंद्रवंशी सहित जिन-जिन लोगों के घर टूटे हैं, उन्हें जल्द ही आवास योजना का लाभ मिलेगा। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि बारिश में रामसागर जैसे कई परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण उन्हें राहत नहीं मिल पाई है। अब देखना यह है कि सरकार की आवास योजना कब तक इन बेघरों तक पहुंचती है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
08

## बिजली चोरी मामले में चार पर प्राथमिकी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी, अरु और सेन्हा पंचायत में बिजली विभाग द्वारा बिजली उर्जा चोरी रोकथाम को लेकर विद्युत सहायक अभियंता अज्जू कच्छप के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान बिजली चोरी करते अरु पंचायत के अरु ग्राम निवासी मनीष कुमार गिरि, सेन्हा गोकुल नगर निवासी रंजीत कुमार साहू , बसंत राम और बुटी पंचायत अंतर्गत कंडरा निवासी श्रवण प्रसाद जायसवाल को अपने निजी कार्यो में अवैध बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसे सहायक विद्युत अभियंता अज्जू कच्छप द्वारा सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देकर अवैध रूप से बिजली चोरी करने वाले चार नामदज आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वही सेन्हा थाना में चारों के विरुद्ध अलग अलग कांड संख्या दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 195,117 के तहत बिजली चोरी करने के मामले में सेन्हा थाना पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गयी है।

# पांडेपुरा में चाकूबाजी, चार घायल, पांच गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पांडेपुरा गांव में मंगलवार की रात चाकूबाजी और मारपीट की घटना में एक ही परिवार के चार से अधिक लोग घायल हो गये। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।



पीड़िता निकीता कुमारी ने थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे कुछ लोगों के घर के बाहर आने की आहट हुई। जब दरवाजा खोला गया तो उज्जवल कुमार, अनुज कुमार (दोनों पिता राजेश्वर प्रसाद), दिनेश यादव, रितेश कुमार (दोनों पिता विसंबर यादव), प्रिंस ठाकुर, सोहन प्रसाद (पिता तेजू साव) और अरुण प्रसाद समेत कई लोग चाकू और धारदार हथियार लेकर घर में घुस गये। आवेदन में कहा गया कि आरोपी रंगदारी की मांग करने लगे और विरोध करने पर घरवालों पर हमला बोल दिया। इस दौरान उज्जवल कुमार ने निकीता कुमारी से छेड़खानी की कोशिश की। विरोध करने पर पीड़िता के पति रंजीत कुमार, सास पूनम देवी, ससुर जीतन प्रसाद, देवर अरविंद कुमार और दीपक कुमार को चाकू और फाइटर से मारकर घायल कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गये। घटना के बाद पीड़िता ने एसपी से मिलकर पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी। इधर, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। सदर थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता ने बताया कि थाना कांड संख्या 187/25 के नामजद अभियुक्त उज्जवल गुप्ता, राहुल प्रसाद, रितेश लोहरा और रितेश यादव को जेल भेजा गया है। वहीं, थाना कांड संख्या 188/25 के अभियुक्त रंजीत कुमार को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कांड संख्या 187/25 में पांच अन्य नामजद अभियुक्त अब भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## खेल-खेल में बच्चों ने खाया कीटनाशक हालत गंभीर

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप ग्राम में गुरुवार सुबह खेल-खेल में दो मासूम बच्चों ने गलती से कीटनाशक खा लिया, जिससे दोनों की हालत गंभीर हो गयी। घटना में 6 वर्षीय अनुप उरांव पिता धानेश्वर उरांव एवं 5 वर्षीय निलेश उरांव पिता मुन्ना उरांव शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बच्चे अपने दोस्तों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान किसी दोस्त ने अपने घर से धान में छींटने के लिए रखी गयी कीटनाशक दवा ला दी और खेल-खेल में दोनों को खिला दिया। दवा खाते ही दोनों मासूम अचेत होकर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया राजीव भगत मौके पर पहुंचे और बिना देर किये अपने निजी वाहन से दोनों बच्चों को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गये। वहां चिकित्सक डॉ अशोक कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों की गंभीर स्थिति देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया।

# जतरा झारखंड की लोक आत्मा और परंपरा का प्रतीक : प्रतुल शाहदेव

> चंदवा लोहरसी में आयोजित सोहराई जतरा मेला का उद्घाटन प्रतुल शाह देव ने किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव सोहराई जतरा समिति, लोहरसी में आयोजित पारंपरिक सोहराई जतरा मेला में शामिल हुए। उन्होंने मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुखिया जतरू मुंडा भी उपस्थित थे। प्रतुल ने मेला परिसर में स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं और पारंपरिक कलाकारों से मुलाकात की तथा झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नमन किया।



प्रतुल शाह देव ने कहा कि 'जतरा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह झारखंड की आत्मा है – जहां लोक संस्कृति, आस्था और समुदाय की एकता एक सूत्र में पिरोई हुई है। यहां की मिट्टी में रची-बसी यह परंपरा हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है।'

उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज ने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की जो परंपरा विकसित की है, वह आज के आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सबको प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान प्रतुल शाह देव ने स्थानीय कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि झारखंड की लोकसंस्कृति हमारी पहचान है, इसे नयी पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर जमीरा के मुखिया जतरू मुंडा, सोहराय जतरा समिति लोहरसी के अध्यक्ष पूरन महतो , सचिव पिंटू गिरी, लाल अजीत नाथ शाह देव, राजकुमार भगत ,चंद्रदेव उरांव ,सोनू भगत, रामचंद्र भगत, रति भगत, चारबा उराव, अनिल उरांव, कृष्णा मुंडा, आदि उपस्थित थे।

# ट्रक मालिकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ओनर एसोसिएशन के संचालन समिति के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत से उनके आवास में मुलाकात कर माइंस क्षेत्रों में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपकर उसका निदान करने की मांग किये।



प्रतिनिधि मंडल में जालिम माइंस, सेरंगदाग माइंस, भैंसबथान माइंस, चिरुड़ीह माइंस, अम्तिपानी माइंस, कुजाम माइंस और गुरूदारी माइंस में चलने वाले ट्रक मालिक शामिल हुए। संचालन समिति के सदस्यों ने सांसद से इन सारी समस्याओं के निराकरण हेतु पहल करने का आग्रह किये। ट्रक मालिको ने हिंडालको कंपनी के अन्याय पूर्ण शोषित रवैये की घोर निंदा की। ट्रक मालिकों ने सर्वप्रथम हिंडालको कंपनी के भेदपूर्ण रवैया की जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी आम ओनरों के साथ ट्रिप देने में भेदभाव प्रक्रिया अपनाती है। गुरदरी माइंस की जमीन का मामला गुमला उपायुक्त के पास लंबित है जिसके कारण परमिशन नहीं हो पाया है, अगर जमीन का परमिशन हो जाती है तो ट्रक मालिकों के ट्रिप में बढ़ोतरी होगी साथ ही साथ ट्रक मालिकों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो पायेगा। चिरुड़ीह माइंस में हो रहे हैं धांधली के संबंध में एवं साथ ही टोकन और ट्रिप का जो समस्या है उसके बारे में भी सांसद को अवगत कराया गया। हिंडालको कंपनी के द्वारा बहुत जल्द सेरेंगदाग माइंस खोली जा रही है संचालन समिति के सदस्यों ने जालिम माइंस में चलने वाली गाड़ियों के समायोजन के संबंध में चर्चा की एवं जालिम माइंस की स्थिति को देखते हुए सेरेंगदाग माइंस में इन गाड़ियों को समायोजन करने का आग्रह किया। संचालन समिति के सदस्यों ने एनकेसीपीएल के द्वारा अवैध रूप से काटी जा रही रकम एवं लोहरदगा जिले में एनकेसीपीएल का कार्यालय नहीं रहने के कारण ट्रक मालिकों को हो रही परेशानियों के संबंध में भी अवगत कराया गया। ट्रक मालिकों की समस्याओं को संसद ने गंभीरता से सुने और कहा कि वह एक जनप्रतिनिधि है जो भी अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास आयेगा उनका निराकरण करना उनका दायित्व है ट्रक मालिकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा उसे न्याय मिलेगा। सांसद ने कहा कि बहुत जल्द एक सामूहिक मीटिंग किया जायेगा जिसमें वह स्वयं उपस्थित रहेंगे साथ ही हिंडालको कंपनी के वरीय पदाधिकारी गण संचालन समिति के पदाधिकारी गण एवं आम ट्रक मालिक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे और सभी की उपस्थिति में इन समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। बैठक में इरशाद अहमद, इस्लाम अंसारी पंकज सिंह, अनवर अंसारी, समसुल अंसारी, राणा प्रताप सिंह, काजू कुरैशी, सोनम राज गोलू, खुर्शीद अंसारी, सोनू विश्वकर्मा, बबलू, असीम, बरकत अंसारी, साजिद खान, मिनाज कुरैशी, मुन्ना खान, रफीक मियां, छोटू, अमजद, विष्णु जी, संजू जी, अबू सुफियान, मुस्लिम अंसारी, दाऊद आलम, फिरोज अंसारी, आसिफ खान, तनवीर अंसारी, जफर इकबाल, गुड्डू कुरैशी, आदिल अहमद सहित अनेकों ट्रक मालिक उपस्थित थे।

# विशुनपुर में घर से तीन लाख रुपये की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनायें नहीं रूक रही है। पिछले मंगलवार की रात्रि मोंगर गांव में आकाश कुमार के घर का ताला तोड़कर तीन लाख रुपये की चोरी कर ली थी। उसी रात प्रखंड कार्यालय के समीप एक चाय की दुकान में भी चोरों ने चोरी की। अब बुधवार की रात्रि चारों ने सदर थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव में मिथलेश कुमार पांडेय के घर में ताला तोड़कर चोरी कर ली। इस चोरी में चोरों को करीब तीन लाख रुपये की सपंति हाथ लगी है। भुक्तभोगी मिथलेश पांडेय ने बताया कि वे घर में ताला लगा कर अपने दूसरे घर में सोने गये थे। सुबह में ग्रिल का ताला टूटा देखकर उन्हे चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि घर के बक्सा में रखे सोना, चांदी तथा बरतन चोरो के हाथ लगे है। इस संबंध में अज्ञात चोरो के विरूध प्राथमिकि दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। पुलिस चोरों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। ज्ञात हो कि सदर थाना क्षेत्र में चोरी की घटना में वृद्धि हुई है। चोरो ने एक महीने अंदर मोंगर निवासी स्व चंचल प्रसाद, बिहारी प्रजापति तथा हरखा ग्राम निवासी विशुनदेव राम के घर में चोरी की घटना का अंजाम दे चुके है।



## यौन शोषण के आरोप में युवक गिरफ्तार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड क्षेत्र की एक 19 वर्षीय युवती को शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कैरो थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के अगले दिन पुलिस ने आरोपी धीरज साहू को उनके घर से गिरफ्तार किया। युवती ने अपने आवेदन में बताया कि कुडू थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू निवासी 19 वर्षीय धीरज साहू से उसका परिचय स्कूल में हुआ था और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गया। इसी बीच धीरज ने उसे बहलाकर 9 सितंबर को बेंगलुरु ले जाकर एक किराये के कमरे में रखा और वहां उसके साथ संबंध बनाया। बेंगलुरु में एक दिन उसने युवती की मांग में सिंदूर भी भरा। कुछ दिन वहां रहने के बाद धीरज ने कहा कि वह घर चलकर सामाजिक रीति-रिवाज के साथ विवाह करेगा। इस भरोसे पर युवती उसके साथ घर लौट आयी। लेकिन 19 अक्टूबर को घर पहुंचने के बाद धीरज और उसके परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कैरो थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता ने धीरज साहू, उसके दो बड़े भाइयों और मां के खिलाफ लिखित आवेदन दिया, जिसके आधार पर कैरो थाना कांड संख्या 61/25, धारा 64, 81, 351 के तहत मामला दर्ज किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार शाम आरोपी धीरज साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

## दो अलग-अलग मामलों के अभियुक्त गिरफ्तार



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पहला मामला कुडू थाना कांड संख्या 94/23, धारा 419/420 भादवि से संबंधित है, जिसमें प्राथमिकी अभियुक्त थाना क्षेत्र के लावागाई निवासी आशीष कुमार उर्फ आशीष महतो को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरा मामला कुडू थाना कांड संख्या 112/24, धारा 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट से जुड़ा है, जिसमें प्राथमिकी अभियुक्त मुमताज पावरिया, निवासी कुदरत नगर, बाण टोली, थाना चंदवा, जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेजा गया है।

# महावीर मंदिर पूजा समिति ने गेहूं और सूप का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आस्था का पर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर महावीर मंदिर पूजा समिति रेलवे ब्रिज ब्लॉक मोड द्वारा श्रद्धालुओं के बीच निशुल्क गेहूं और सूप का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को छठ महापर्व में समान रूप से सहभागी बनाना था। समिति के सदस्यों ने अपने श्रम, सहयोग और समर्पण से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया। जरूरतमंद परिवारों के बीच लाल गेहूं और सूप के वितरण से सबके चेहरे पर खुशी झलक उठी। इससे यह संदेश मिला कि समाज में एकता, प्रेम और सहयोग की भावना ही सबसे बड़ी पूजा है। छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का पर्व है, जिसमें शुद्धता, श्रद्धा और सेवा की भावना का विशेष महत्व होता है। समिति ने इस अवसर पर जो सामाजिक जिम्मेदारी निभायी, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। ऐसे कार्य समाज में परस्पर सहयोग और भाई बंधु की भावना को मजबूत करते हैं। सभी लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की और समिति ने यह भी संकल्प लिया कि आगे भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मौके पर प्रदीप साहू, दयाशंकर सिंह, सिद्धार्थ कुमार रिशु, पवन सहदेव, ऋतिक कुमार, संजय मधुर, निकेश तिवारी, धीरज सिंह, चंदन बैठा, रूपेश साहू ,बलिराम गोप, रामचंद्र साहू ,सत्यम नाथ शाहदेव, संतोष बडाईक, अखिलेश कुमार, राजा कुमार, जयकुमार साहू, बबलू कुमार, सीटू भैया, रवि कुमार, संजय मधुर, भारत साहू, अमित कुमार, राहुल कुमार, उत्तम कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद थे।



# सेरेंगहातु तोड़ार छठ घाट का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त डॉ ताराचंद एवं पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के साथ एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित अन्य अधिकारियों ने सेरेंगहातु तोड़ार छठ घाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाट की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु हर संभव तैयारी की गयी है। समिति के मुख्य संरक्षक जागेश्वर साहू ने कहा कि छठव्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पार्किंग और आवागमन की विशेष व्यवस्था की गयी है। सचिव आदित्य कुमार साहू ने बताया कि जलस्तर अधिक होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से घाट के चारों ओर रिबन बैरिकेडिंग की जा रही है तथा गोताखोरों की भी व्यवस्था की गयी है। वहीं संरक्षक दिनेश साहू ने कहा कि छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है, इसके सफल आयोजन के लिए समिति एकजुट होकर कार्य कर रही है। प्रशासन का सहयोग सराहनीय है। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू, संरक्षक मोनज साहू, महेश साहू, सदस्य राजू साहू, विनय प्रजापति, बलकेश्वर साहू, काली साहू, राजेश सिंगल, रघु साहू, टिंकू साहू, नीरज साहू, आदर्श साहू, सावन यादव, बिट्टू कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## लोहरदगा पुलिस ने दूसरे दिन भी छठ घाटों पर चलाया स्वच्छता और सुरक्षा अभियान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर लोहरदगा पुलिस द्वारा लगातार दूसरे दिन भी जिले के विभिन्न नदी घाटों और प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया। आज का विशेष अभियान सिठियों नदी घाट एवं पुल क्षेत्र में चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान घाटों एवं पुल के आसपास फैले कचरे, प्लास्टिक और मलबे की सफाई की गई ताकि श्रद्धालुओं को सूर्य उपासना और पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर सादिक अनवर रिजवी, पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ने आम नागरिकों से अपील की कि वे छठ महापर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल आस्था और सूर्य उपासना का पर्व नहीं, बल्कि यह समाज में एकता, स्वच्छता और अनुशासन का संदेश देने वाला त्योहार है। स्वच्छता अभियान में सादिक अनवर रिजवी, पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा के साथ वेदांत शंकर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, किस्को, समीर तिर्की, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), लोहरदगा, श्रद्धा केरकेट्टा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लोहरदगा, सार्जेंट मेजर शेरु कुमार रंजन, सार्जेंट विवेक कुमार, सार्जेंट मुकेश कुमारतथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## छठ महापर्व की तैयारी तेज, छिपादोहर छठ घाट पर साफ-सफाई अंतिम चरण में

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर छिपादोहर छठ घाट पर तैयारियां जोरों पर हैं। घाट की साफ-सफाई का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। बुधवार को बरवाडीह इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह एवं छिपादोहर थाना प्रभारी ने घाट का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छठ पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा घाट की सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने मौजूद कर्मियों को सभी तैयारियाँ निर्धारित समय में पूरी करने का निर्देश दिया। छठ पूजा समिति द्वारा इस बार घाट को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट से लेकर पूरी सड़क तक लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है, ताकि किसी को आने-जाने में असुविधा न हो। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गिरि ने बताया कि प्रशासन और पूजा समिति के संयुक्त प्रयास से इस बार छठ पर्व को लेकर क्षेत्र में साफ-सफाई, सुरक्षा और रोशनी की व्यवस्था पहले से बेहतर की जा रही है। श्रद्धालु उत्साह और श्रद्धा के साथ आगामी छठ पूजा की तैयारियों में जुटे हैं। पूजा के सफल संचालन में पूजा समिति के उपाध्यक्ष सुमित कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, दीपक कुमार, विनोद प्रसाद, दीपू प्रसाद, प्रेम प्रसाद, मुरारी लाल, हर्ष कुमार,अमित कुमार,कौशल कुमार, शिवानंद प्रसाद समेत कई लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# भाइयों की यमराज से भय मुक्ति और दीर्घायु के लिए की पूजा अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बहन-भाइयों का पवित्र त्योहार भैया दूज जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की दीघार्यु के लिए उन्हें शाप दिया, फिर मंगल कामना कीं। वहीं गोबर से बने गोधन को कूटा और प्रसाद स्वरूप गोबर की गोलियां बांटी। सुबह घर की साफ-सफाई के बाद दरवाजे पर गोबर से गोधन बनाया गया। गोबर का एक वर्ग बनाकर उसके बीच में गोधन की एक बड़ी मूर्ति बनाई गई। साथ में यम व उनकी पत्नी, गोवर्धन पर्वत, गाय, सांप-बिच्छू आदि बनाये गये। बच्चों ने भटकोइया, भड़भाड़, कुकुरमुत्ता, बेर के कांटे सहित तमाम कांट-कूस इकट्ठा किये। घर में भाइयों के लिए अमरपिठवा बना। साथ ही खीर-पूड़ी बनाई गई। तीन-चार घरों के बीच में एक जगह गोधन बनाया गया था। उन घरों की महिलाएं एक जगह इकट्ठा हुई। बिना कुछ खाये-पीये बहनें पूर्वाह्न 08 बजे के आसपास दरवाजे पर गोधन के पास पहुंचीं और कांटा तोड़-तोड़ कर भाइयों को श्राप देने लगीं। इसके बाद गोबर से बने गोधन के सीने पर ईट रखकर मूसल टिकाकर वर्ग के इस पार से उस पार कूदीं। गोधन कूटने के बाद उसके सिर के गोबर की कई गोलियां बनाकर सभी को प्रसाद स्वरूप बांटा। ये गोबर की गोलियां बखार में (जहां अन्न रखा जाता है) रखी जातीं हैं। मान्यता है कि बखार में इन गोलियों को रखने से वर्ष भर अन्न की कमी नहीं होती है। गोधन कूटने के दौरान मंगल गीत गाये गये। पर्व के महात्म्य से संबंधित कथा सुनी गयी।



इधर भैया दूज के मौके पर स्थानीय मिशन चौक, बरवाटोली, चंद्रशेखर आजाद चौक, हटिया गार्डन, तिवारी दुरा, राणा चौक, शास्त्री चौक, वीर शिवाजी चौक, न्यू रोड, दुगार्बाड़ी, गांधी चौक समेत विभिन्न गली मोहल्लों में महिलाओं और युवतियों ने भाइयों की यमराज से भय मुक्ति और दीर्घायु के लिए पूजा अर्चना किया। चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर पूजा स्थल का निर्माण गोबर और मिट्टी से किया गया। पूजा स्थलों में बहनों ने यमराज की पूजा अर्चना कर भाइयों की लंबी आयु और मुसीबतों से बचने की कामना की। गोबर से बने यम की मूर्ति को बहनों ने कुटा।

## जनप्रतिनिधियों ने लिया छठ घाट का जायजा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। छठ पूजा की तैयारियां बरवाडीह में जोरों पर है। घाटों की सफाई, लाइटिंग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी क्रम में भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि दीपक राज एवं ओमप्रकाश गुप्ता के साथ समाजसेवी ओमप्रकाश मेहता ने गुरुवार को स्थानीय छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मनोज प्रसाद ने कहा कि छठ केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर स्वच्छता और श्रद्धा का भाव बनाये रखना हर नागरिक का दायित्व है। घाटों की सफाई और रोशनी की व्यवस्था से श्रद्धालुओं को बेहतर माहौल मिलना चाहिए।

# छठ आस्था और पवित्रता से जुड़ा पर्व : अरुणा शंकर


**प्रथम महापौर ने सैकड़ों छठ व्रतियों को बांटा सूप और साड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छठ व्रत हेतु घाटों की सफाई को लेकर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर खुद कई घाटों की सफाई देखने निकली और कहा कि हिंदुओं का यह महापर्व हम सबों की आस्था और पवित्रता से जुड़ा है इसलिए कई संगठन अपने-अपने स्तर से घाटों की सफाई में लगे है, निगम भी अपने स्तर से घाटों की सफाई कर रहा है।

प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने स्तर से चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब, बैरवा छठ घाट,बाल समाज छठ घाट, मांधाता छठ घाट, चैनपुर पूरब मोहल्ला की लगभग सफाई करा दी है। शाहपुर के घाट बचे हैं जिन्हें आज कर दिया जायेगा। इसके बाद निगम क्षेत्र में किसी घाट की सफाई की आवश्यकता हो तो समय रहते मुझे सूचित करें, मैं जेसीबी भेज कर सफाई करवा दूंगी।





## प्रशासन छठ घाटों पर गोताखोरों को करे तैनात ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे : अरुणा शंकर

प्रथम महापौर ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि नदी में पानी काफी ज्यादा है बच्चे पानी में खेलते हैं, महिलायें अर्घ्य देने को उतरती हैं स्लीप करने की संभावना है। पप्पू कल घाट, कोयल रिवरफ्रंट और अमानत में विशेष गोताखोरों को तैनात रखने की आवश्यकता है ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे। प्रथम महापौर ने सभी नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि बालू कटाव के चलते नदी का तट गहरा हो गया है अपने बच्चों की सुरक्षा का अवश्य ध्यान रखेंगे।

प्रथम महापौर ने अमानत घाट की सफाई को देखते हुए लायंस क्लब की सराहना की और कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब ने (अमानत) जहां सबसे ज्यादा भीड़ होता है वहां सफाई का कमान संभाल रखा है। प्रथम महापौर ने कोयल रिवर फ्रंट का भी दौरा किया और कहा कि वहां की सफाई व्यवस्था स्थानीय कोयल रिवर फ्रंट व्यावसायिक संगठन के नेतृत्व में निगम कर रहा है, जिसे पूजा से पहले पूर्ण रूप से पूर्व की भांति प्रेशर पंप से धो कर साफ कर दिया जायेगा। प्रथम महापौर ने पंपुकल घाट को भी देखा और कहा- इसे और सफाई की आवश्यकता है।

प्रथम महापौर ने कहा कि मैं स्वयं एक-एक घाट जाकर देखूंगी। गुरुवार को प्रथम महापौर ने बायपास रोड गौशाला, निमिया, सिगरा और कचरवा मैं सैकड़ो छठ व्रतियों को सूप और साड़ी का वितरण कर आशीर्वाद लिया।

## विधायक आलोक चौरसिया ने छठ व्रतियों के बीच सूप व गेहूं का किया वितरण



चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर महान क्लब की ओर से चैनपुर बाजार में विधायक आलोक चौरसिया और पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह द्वारा सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच सूप और गेहूं का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि छठ लोक आस्था का महापर्व है। ऐसे में छठ व्रतियों के बीच सूप और गेहूं पूजन सामग्री वितरण करने का मौका मिला है साथ ही कहा कि छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। लोग हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाएं। वहीं मनोज सिंह ने कहा कि छठ चहिंदुओं का महान पर्व है। इस पर्व में जात-पात एवं अमीर-गरीब का भेदभाव खत्म हो जाता है। आस्था और श्रद्धा के साथ सभी लोग सूर्योपासना करते हैं। इसमें सहयोग करने वाले भी व्रत के पुण्य के भागी बनते हैं।

# हुसैनाबाद के निवर्तमान नगर अध्यक्ष और एसडीपीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



छठ घाट का निरीक्षण करते निवर्तमान नगर अध्यक्ष, एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

**हुसैनाबाद ।** छठ महापर्व को लेकर प्रशासन आवश्यक तैयारियों में जुटी हुई है। छठ घाटों की साफ-सफाई कार्य तेजी से जारी है। इसी क्रम में हुसैनाबाद नगर पंचायत के निर्वतमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, एसडीपीओ एस मो0 याकूब, थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने गुरुवार को छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शहर के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेपी चौक के भगवान भास्कर सूर्य मंदिर छठ घाट, नहर मोड़ स्थित जमुहारी माई छठ घाट, ब्लॉक रोड़ स्थित पंच सरोवर मंदिर छठ घाट का निरीक्षण किया। छठ व्रतियों के सुविधा के लिए विशेष साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी छठ घाटों को साफ सफाई कार्य अच्छे तरीके से सुनिश्चित करें। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शहर के सभी छठ घाटों पर व्रतियों के सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। एसडीपीओ मो याकूब ने कहा कि छठ पूजा पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। उन्होंने बताया कि घाटों पर महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की जायेगी।

मौके पर नगर पंचायत के पूर्व पार्षद अजय प्रसाद गुप्ता,चौकीदार मोहम्मद हुसैन, सुपरवाइजर संजीत कुमार, अवधेश कुमार, सफाई कर्मी माला देवी, रीता कुंवर, अर्जुन राम, गीता देवी, विशाल कुमार, रोशन कुमार, रामधनी राम, शिवनाथ राम आदि मौजूद थे।

## अजय नदी में आयोजित छठ पूजा का उद्घाटन करेंगे डॉ सुनील खवाड़े

देवघर (आजाद सिपाही)। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े करेंगे नावाडीह छठ पूजा समिति का उद्घाटन। पूजा शुरू होने से पहले खुद से जाकर डॉ सुनील खवाड़े ने पूरे छठ घाट का निरीक्षण किया और आने वाले श्रद्धालुओं के लिए होने वाले सुविधाओं का जायजा भी लिया, और व्यवस्था से पूरी तरह से संतुष्ट हुए। इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, सचिव मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष भोला सिंह सहित रंजन जयकर, आशीष रवानी, सूरज गुप्ता, गौरव गुप्ता, सुरेश मोदी, अनिल गुप्ता, केशव सोनी, अभिषेक झा, लखन झा, दासों सिंह, रुद्र नारायण सिंह, मुकुंद सोनी, सिद्धार्थ सिंह, वीर सिंह, कुश सिंह, कुकी, अभिषेक सिंह, बिट्टू सिंह, वीणा सिंह, सूरज सिंह, अनिकेत सिंह, प्रिंस कुमार, मृत्युंजय सिंह, भूषण सोनी, सौरभ झा, जीतो दास, अंकुश सिंह, वीर सिंह, गौरव झा सहित सभी सभी सदस्य मौजूद थे।

## मुखिया ने छठ घाटों की करायी साफ सफाई



छठ घाट की सफाई करते स्थानीय लोग और जानकारी लेते मुखिया रंजीत यादव।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर/ मोहनपुर।** आस्था एवं पवित्रता का महापर्व छठ पूजा की तैयारीयां शुरू हो गयी है। बंका पंचायत के मुखिया रंजीत यादव ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर छठ घाट की सफाई की। नदी व तालाब घाट की स्थिति काफी दयनीय थी। नदी के चारों ओर गंदगी और जंगल व घास से भरा था। इस छठ घाट की परेशानी को लेकर पंचायत के मुखिया को अवगत कराया गया। इसके बाद जेसीबी मशीन व स्थानीय लोगों की मदद से तालाब वह नदी की साफ सफाई करने का काम शुरू कर दिया गया है। छठ घाट के किनारे कूड़ा करकट, उगी झाड़ी, घास की साफ सफाई की जारी है। साथ ही जाल गिरा कर नदी व तालाब से गंदगी को हटाने का काम किया जा रहा है। मिट्टी काटकर सीढ़ीनुमा घाट बनाया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि घाट पर पर्याप्त रोशनी की वह पूरी व्यवस्था की गयी है। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी तरह का इंतजाम किया जायेगा।

## भाजपा नेता ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने गुरुवार को विश्रामपुर शिव छठ घाट व राज घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ महापर्व को लेकर घाटों पर चल रहे तैयारी का जायजा लिया। पूजा कमेटी के पदाधिकारियों-सदस्यों से तैयारी के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली और कई सुझाव भी दिया। उन्होंने पूजा समिति को भव्य आयोजन में हर संभव मदद देने का भरोसा भी दिया। मौके पर समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,निवर्तमान पार्षद सुनिल कुमार चौधरी, इदरीस हवारी, ललन सोनी, विजय पेंटर, संजय ठाकुर, धीरन तिवारी, उखमजी यादव, रामचंद्र साव, संजय साह, दामोदर यादव, चंद्रदेव चौधरी, सत्यनारायण सोनी, रंजीत ठाकुर सहित छठ पूजा समिति के कई लोग मौजूद थे।

## युवा जागृति सेवा मंच ने चलाया सफाई अभियान



सफाई अभियान चलाया शामिल लोग

विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत गुरहा कला पंचायत के मल्लाह टोली मे युवा जागृति सेवा मंच द्वारा गुरुवार को महापर्व छठ पूजा को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गॉव के हर गली मुहल्ला व छठ घाट तक के रास्ता की सफाई की गयी। मंच संस्थापक बचन देव चौधरी ने बताया कि छठ घाट की साफ सफाई पहले ही की जा चुकी है। पहली बार सूर्य भगवान की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना होगी। मौके से मंच के अध्यक्ष मुकेश मल्होत्रा, उपाध्यक्ष पप्पू कुमार चौधरी, महासचिव उमेश चौधरी, सचिव कमेश चौधरी, कोषाध्यक्ष छोटू चौधरी, उप कोषाध्यक्ष छोटेलाल चौधरी, मिडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह, संरक्षक गोविन्द चौधरी, विनय राम, राज कुमार चौधरी, रंजीत कुमार, प्रमोद चौधरी, व्यवस्थापाक सोनू चौधरी, जितेंद्र, राकेश, सुभाष, श्रीकांत, रंजीत, मंतोष, अविनाश, राकेश, राहुल, अर्जुन चौधरी, मुकेश चौधरी सहित मंच के सभी पदाधिकारी-सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

## गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनायी गयी



चैनपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। नगर निगम सहित प्रखंड क्षेत्र में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनायी गयी। युवतियों और महिलाओं ने व्रत रखकर गाय के गोबर से गोधन-गोधनी के साथ ही सूर्य, चंद्रमा, गौ माता और चौकीदार की आकृतियां बनाईं। उन्हें तिलक लगाकर विभिन्न प्रकार के व्यंजन चढ़ाये गये और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गयी। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाये और गोधन को कूटकर उसे छलांग लगाकर पार करने की परंपरा भी निभायी। पूजा के बाद अन्नकूट का प्रसाद लोगों में वितरित किया गया। गोवर्धन पूजा के साथ ही भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर कलावा बांधा और उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर अपना प्रेम व्यक्त किया।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव का अभिमान तोड़ने के लिए ब्रजवासियों से गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा था। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने भीषण वर्षा की, तब श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सात दिनों तक ब्रजवासियों को शरण दी थी। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा और प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट उत्सव मनाने का आदेश दिया। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा।

## झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से गिरकर युवक घायल

विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से उतरने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज गढ़वा जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना बुधवार रात एक बजे की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पांडू थाना क्षेत्र के महुगांवा गांव निवासी कमलेश कुमार पांडेय स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से आ रहे थे। गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) पर उतरने के दौरान प्लेटफॉर्म पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन पूरी तरह रुकी नहीं थी। चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में यह घटना घटी। रेलवे सुरक्षा बल ने घायलावस्था में उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# अति सुदूरवर्ती गांव कौड़िया का बबलू बना डॉक्टर, गांव में खुशी की लहर

**ग्रामीणों ने समारोह आयोजित कर बबलू को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के अति सुदूरवर्ती गांव कौड़िया के बबलू कुमार के डॉक्टर बनने का सपना पूरा हो गया। एमबीबीएस इंट्रेन्स एक्जामिनेशन के ओवर-ऑल रैंक मैरिट लिस्ट में नाम आने के बाद बबलू ने बड़ोदरा से मास्टर ऑफ डिग्री की भी उपाधि हासिल कर ली। बबलू कौड़िया गांव निवासी राम प्रसाद राम उर्फ ललन राम का पुत्र है। बबलू के दादा मानकी राम, पिता ललन राम व माता बसंती देवी का सपना था कि बेटा डॉक्टर बन कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो की सेवा करें। बबलू अपने दादा और माता-पिता के सपने को साकार करने में जुट गया। हालांकि बबलू एक पैर से दिव्यांग है। लेकिन सपने को पूरा करने के जनून में दिव्यांगता को उसने कभी आड़े नहीं आने दिया। बबलू की सफलता से उसके मां-बाप सहित पूरे परिवार के सदस्यों के चेहरे पे मुस्कान छाई हुई है। पूरा विश्रामपुर प्रखंड बबलू की सफलता पर गौरवान्वित है। डॉक्टर बनने के बाद जब बबलू गुरुवार को अपने घर पहुंचा, तो ग्रामीणों ने बैंड बाजे के साथ उसकी अगुआई की और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही समारोह आयोजित कर बबलू को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश महासचिव सिराज खान व संचालन प्रखंड अध्यक्ष देव प्रसाद राम ने किया। मौके पर ललित राम, प्रवीण कुमार, श्याम सुंदर राम, संजय राम, चंद्रभूषण कुमार, डॉ वीरेंद्र कुमार, बैजनाथ राम, सगुनी राम, बिफन राम, महेंद्र राम, सुरेश राम, रविंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# धनंजय बने काजरात छठ पूजा समिति के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**काजरात करस्बार नदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक**

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद प्रखंड के बेलबीघा पंचायत के काजरात कररबार नदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। इस दौरान छठ पूजा व छठव्रतियों की सुविधा को लेकर विमर्श किया गया. शांतिपूर्ण संचालन के लिये कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से धनंजय राम को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि गोविंद पासवान उपाध्यक्ष, ललन मेहता सचिव, नंद किशोर मेहता उप सचिव, अजित प्रजापति कोषाध्यक्ष, मिथिलेश प्रजापति उप कोषाध्यक्ष, रामाकांत यादव संचालक, कृष्णा यादव को मीडिया प्रभारी बनाया गया। संरक्षक मंडल में अखिलेश यादव, निरंजन कुमार सिंह, विनय यादव, बिगन प्रजापति, राम लखन यादव, रामजन्म प्रजापति, उदय प्रजापति को शामिल किया गया।

इसी तरह राकेश यादव, लालदीप प्रजापति, प्रकाश मेहता, सिंटू मेहता, अरुण पासवान, मुन्ना यादव, रितेश यादव, अंशु प्रजापति, पप्पू चौधरी, राकेश राम, रोहित प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, लवकुश यादव, शिवनंदन प्रजापति, मुकेश प्रजापति, राजू गुप्ता, संजय राम, जितेंद्र सोनी, नागेश्वर भगत, दीपक भगत को कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया। अध्यक्ष धनंजय राम ने बताया कि छठ पूजा की विशेष तैयारी की जा रही है।

समिति के लोग इस महोत्सव को धूमधाम से मनाने में सक्रिय भागीदारी निभायेंगे। सूर्य मंदिर परिसर और छठ घाट और पहुंच मार्ग की सफाई करायी जायेगी। साथ ही छठव्रतियों की सुविधा को लेकर को लाइट, टेंट, साउंड, चेंजिंग रुम आदि की समुचित व्यवस्था की जायेगी।

# उंटारी के जमडीहा में नवनिर्मित सूर्य मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**कोयल व बांकी नदी के संगम तट से मंत्र पूजित जल भरकर मंदिर परिसर में लाकर स्थापित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड़ (पलामू)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के करकटा पंचायत के जमडीहा गांव में नवनिर्मित भगवान भास्कर का भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुरू पांच दिनी धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा से हो गया है। कलश यात्रा में गांव सहित आसपास के कई गांव से सैकड़ो श्रद्धालु भक्त नव परिधान में कलश यात्रा में शामिल थे। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पार्षद मनोज कुमार सिंह ने अन्य गणमान्य लोगों के साथ कलश यात्रियों को कलश प्रदान कर यात्रा का शुभारंभ किया। यज्ञ कमेटी की ओर से सभी गणमान्य लोगों को माला देकर सम्मानित किया गया। जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री सर्वेश्वराचार्य जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ गुरुवार को कलश यात्रा से प्रारंभ होकर 27 अक्टूबर तक चलेगा। उसीदिन प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत वृहद भंडारे के साथ इस पांच दिनी धार्मिक अनुष्ठान की पूणार्हुति होगी।

प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या काल में यज्ञाचार्य श्री श्वेश्वराचार्य जी महाराज का प्रवचन होगा। जिसमें यज्ञ कमेटी के लोगों ने आसपास के श्रद्धालुओं को शामिल होकर प्रवचन श्रवण करने का अनुरोध किया है। मंदिर परिसर सेबाजे गाजे के साथ निकली कलश यात्रामें शामिल महिला पुरुष , युवक युवतियां के अलावे नन्हें मुन्ने कई बच्चे भी शामिल थे। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालू भगवान भाष्कर व जयश्रीराम सहित अन्य कई देवी देवताओं का जयकारा लगा रहे थे जिससे गांव सहित आसपास के गांव का माहौल भी भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा में पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, पूर्व प्रमुख मुकेश मेहता, पूर्व मूखिया उपेंद्र कुशवाहा, चंदन सिंह सहित कई गणमान्य व सनातन धर्मावलंबी शामिल थे।

# सारठ में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सारठ प्रखंड के चित्रांश पथ लाल टोला स्थित विजय कुमार सिन्हा के आवास पर आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज की पूजा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। यह पूजा पिछले 32 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है और चित्रांश समाज की आस्था, एकता और परंपरा का प्रतीक बन चुकी है।

पूजन कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से कुल पुरोहित मृत्युंजय झा द्वारा की गयी। जजमान विजय कुमार सिन्हा ने आरती कर पूजा का शुभारंभ किया। चित्रगुप्त महाराज को गुड़ से बने लड्डू, कल्पित सुरा और विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख सदस्य- प्रदीप कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, एडवोकेट रूपेश कुमार, हर्ष कुमार सिन्हा, स्कंद कुमार सिन्हा, दुर्गा प्रसाद, निलेश कुमार सिन्हा, शुभांगी सिन्हा, स्वाति सिन्हा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मधुपुर में चित्रगुप्त महापरिवार का 54वां सामूहिक पूजन संपन्न



मधुपुर (आजाद सिपाही)। चित्रगुप्त महापरिवार, मधुपुर की ओर से चित्रगुप्त कॉलोनी स्थित मंदिर प्रांगण में कायस्थ समाज के सदस्यों ने सामूहिक रूप से भगवान चित्रगुप्त की पूजा विधि-विधानपूर्वक संपन्न की। पुरोहित लोकनाथ पांडेय ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराई और समाज के सदस्यों से कागज पर श्लोक लेखन कराया। परंपरा अनुसार पूजा के दिन सभी सदस्यों ने कलम का उपयोग नहीं किया और अपने आय-व्यय का लेखा-जोखा भगवान चित्रगुप्त को अर्पित किया। पूजन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा अगले दिन प्रातः प्रतिमा विसर्जन होगा। यह पूजा मधुपुर में वर्ष 1971 से लगातार की जा रही है और इस वर्ष महापरिवार ने 54वां वर्षगांठ मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रंजन कुमार, सचिव जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार सिन्हा, मुख्य यजमान प्रदीप सिन्हा सहित समाज के सभी सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधूपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 मां राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर समिति, काया बुटीक, लायंस क्लब ऑफ मधुपुर, अमृत क्लासेस तथा लक्ष्मी प्लाई के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शेखपुरा दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की सृजनात्मकता को प्रोत्साहन देना, भारतीय संस्कृति की गरिमा को उजागर करना तथा दीपोत्सव के उल्लास को और अधिक सजीव बनाना था। कार्यक्रम में नगर की अनेक महिला प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी कला एवं कल्पनाशक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे डिजाइनों से सजे मंदिर परिसर ने दीपोत्सव की आभा को और अधिक प्रखर बना दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में लायन रजनी पाठक (प्रोप्राइटर, काया बुटीक), सुलेखा मिश्रा एवं पिंकी कुमारी शामिल थीं। इस अवसर पर लायन रजनी पाठक ने कहा कि महिलाओं की सृजनात्मकता हमारे समाज की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि परंपरा और आधुनिकता के समन्वय का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 21 ग्रुप ने भाग लिया। **प्रथम पुरस्कारः** राज एंड ग्रुप **द्वितीय पुरस्कारः** इशिका एंड ग्रुप तृतीय पुरस्कारः राधिका एंड ग्रुप को मिला। इस कार्यक्रम में समाजसेवी और भाजपा नेता पप्पू यादव, लायन प्रेम पाठक (अध्यक्ष, लायंस क्लब ऑफ मधुपुर), लायन विजय आनंद लच्छीरामका (सचिव), लायन रामानुज मिश्रा (कोषाध्यक्ष), लायन राजेश तिवारी (सह सचिव), अमृत क्लासेस के निदेशक अमृत मिश्रा, तथा मंदिर समिति के सदस्य मिंटू घोष, शान्तु रवानी, टुनटुन साव, प्रतीक, सुनील, रूपेश, रितेश, मनीष, बबलू, गौरव, सुमित, मानिक, पंकज, प्रदीप, सूरज सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। अंत में लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लायंस परिवार के सामूहिक प्रयास और एकता से ही ऐसे सार्थक आयोजन संभव हो पाते हैं। हमारा उद्देश्य सदैव समाज में रचनात्मकता, संस्कृति और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ बनाना है।

## भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक 'भैया दूज' धूमधाम से हुआ संपन्न



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, स्नेह और अटूट विश्वास का महापर्व भैया दूज अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी उनकी रक्षा का वचन दिया। इसे लेकर सुबह से ही क्षेत्र के हर घर में पर्व चहल पहल और उत्साह का मौहाल देखने को मिलाष बहनें स्नान के बाद नए वस्त्र धारण कर पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। शुभ मुहूर्त में उन्होंने विधि-विधान से भाई दूज की रस्में पूरी कीं। इस दौरान घरों में लोकगीतों की गूंज सुनाई दी, जो पर्व के माहौल को और भी भक्तिमय बना रही थी। इस पर्व की विशिष्ट परंपराओं के अनुसार, बहनों ने गोबर से 'गोधन' की आकृति बनाकर उसकी पूजा की। इसके बाद, उन्होंने अपने भाई को श्रद्धापूर्वक पीढ़ा (लकड़ी का आसन) पर बिठाया और उनके मस्तक पर रोली, चंदन और अक्षत का तिलक लगाया। इसके बाद बहनों ने भाइयों को बजरी, मिठाई और पकवान खिलाए और उपहार भेंट किए। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों को आशीर्वाद दिया और प्रेमपूर्वक उपहार देकर उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया।

## बसिया के सुकुरड़ा गांव में डाइर मेला का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुकुरड़ा गांव में इस साल भी डाइर मेला आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग ने किया। उन्होंने कहा कि डाइर मेला हमारी सभ्यता-संस्कृति की पहचान है। ऐसे आयोजनों से हम लोगों की आपसी भाईचारा बढ़ता है। हमें ऐसे आयोजन लगातार करते रहना चाहिए। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। मौके पर आर्या पंचायत के जंसिता बागे, उपमुखिया किरण सोरेंग, समिति के अध्यक्ष अनुरंजन मिंज, सचिव निरंजन सिंह, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, रामजतन सिंह, मनराज सिंह, भीष्म सिंह और बिसु सिंह आदि उपस्थित थे।

## सांप के काटने से घायल किशोर की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के कुलबुरु गांव में चामू सुरीन (18) नामक किशोर की सांप के काटने से मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार चामू झोराटोली गांव में दीपावाली पर बुधवार की रात नाच-गान कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहां से लौटने के क्रम में वह शराब के नशे में झाड़ी के पास सो गया। वहीं एक जहरीले सांप ने उसके हाथ में काट लिया। कुछ देर बाद जब ग्रामीणों ने उसे देखा तो तुरंत परिजनों को सूचना दी गई। परिजन आनन-फानन में उसे बसिया रेफरल अस्पताल ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। गुरुवार की सुबह 11 बजे इलाज के दौरान उसने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया।

## भारतीय युवा संघ के पंडाल में मां काली और रक्त बीज युद्ध का हुआ स्वचालित मंचन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के महावीर चौक स्थित पटेल पार्क के पास भारतीय युवा संघ की ओर से मां काली की पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। इस दौरान पंडाल में मां काली एवं रक्त बीज युद्ध का स्वचालित चित्रण किया गया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बुधवार की रात 11 बजे तक कार्यक्रम का मंचन हुआ। पूजा कमेटी के अध्यक्ष उज्जवल केशरी ने बताया कि 2004 में इस स्थान पर काली पूजा की शुरूआत हुई थी। वहीं, हिमांशु केसरी ने रक्तबीज की उत्पत्ति और मां द्वारा उसका वध किये जाने की विस्तृत जानकारी लोगों के बीच साझा की।

## धधकते अंगारों पर चले भक्त, तांत्रिक विधि से की गयी मां काली की पूजा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के डीएसपी रोड केदार बागान में मां महामाया संघ की ओर से आयोजित चार दिवसीय श्रीकाली पूजा के तीसरे दिन बुधवार की रात 11 बजे कन्या पूजा हुआ। इस मौके पर देर रात धधकते अंगारों पर चलकर भक्तों ने अग्निपरीक्षा दी। इसके बाद विशाल महा भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान तांत्रिक विधि से मां की आराधना में भक्त लिन नजर आए। गुमला मुख्यालय के अलावा दूर-दराज से भी हजारों भक्तों ने पहुंचकर मां काली की पूजा की। इस बीच ढोल, नगाड़ा, घंट-शंख की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। गुरुवार को हवन के बाद शोभा यात्रा निकालकर प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# चैनपुर सीएचसी में फिर लापरवाही, एंबुलेंस के अभाव में गयी अधेड़ की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/गुमला।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार एंबुलेंस की अनुपलब्धता के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना जारी थाना क्षेत्र के रौशनपुर की है, जहां अलबन तिर्की (55) नामक एक कथित रूप से विक्षिप्त प्रदीप खलखो ने कोड़ी से अलबन तिर्की के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। यह देख ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायल को तुरंत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे गुमला रेफर कर दिया, लेकिन एंबुलेंस न मिलने से हालात और बिगड़ गया। करीब ढाई घंटे तक घायल व्यक्ति अस्पताल में ही तड़पता रहा, पर 108 एंबुलेंस नहीं आई। हेल्पलाइन पर कॉल करने पर बताया गया कि नजदीकी कोई वाहन उपलब्ध नहीं है। अंततः घाघरा से एंबुलेंस आने में दो घंटे से अधिक का समय लग गया, तब तक अलबन की मौत हो चुकी थी।



### मौजूद रहे एसइएमओ, फिर भी नहीं मिली मदद

हैरान करने वाली बात यह रही कि घटना के समय एसइएमओ डॉ धनुराज सुब्रह्मरु खुद चैनपुर सीएचसी में मौजूद थे, क्योंकि वे पहले से जारी अवैध वसूली प्रकरण की जांच करने पहुंचे थे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने उन्हें भी दी, पर उन्होंने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब अस्पताल में वाहन खड़ा था, तो मरीज को उस गाड़ी से क्यों नहीं भेजा गया? मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मी और अधिकारी सिर्फ कागजी कार्यवाही में उलझे रहे, और मरीज की जान एंबुलेंस के इंतजार में चली गई।

**स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल :** बतातें चलें कि कुछ दिन पहले ही इसी अस्पताल में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली का मामला उजागर हुआ था। उस समय डीसी प्रेरणा दीक्षित ने सख्त कार्रवाई की थी। एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की संवेदनहीनता सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि प्रणालीगत विफलता का नतीजा है। एक ओर स्वास्थ्य विभाग जनसेवा और पारदर्शिता की बातें करता है, तो दूसरी ओर एंबुलेंस की देरी से एक घायल की जान चली जाती है और अधिकारी खामोश बने रहते हैं। रौशनपुर के ग्रामीणों ने एसइएमओ और स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि 'हर बार जांच होती है, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं होती। अब जवाब चाहिए, औपचारिक जांच नहीं।' लोगों ने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर एसईएमओ और संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में किसी और की जान प्रशासनिक लापरवाही की भेंट न चढ़े।

## पैसों के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक घायल चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं मिलने पर गुमला रेफर

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जनावल डीपाडीह गांव में पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में सुधीर महतो नामक एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे पहले चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर मौजूद नहीं होने के कारण, प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबत घायल सुधीर महतो की पत्नी सोनियारी देवी ने बताया कि उनके पति सुधीर महतो ने गांव की ही मांगरी देवी से 30 हजार रुपए उधार लिए थे। सोनियारी देवी के अनुसार, सुधीर महतो ने इसमें से 22 हजार रुपया दे चुका है। जबकि शेष आठ हजार रुपये बकाया है। आरोप है कि जब मंगरी देवी ने बाकी पैसों रकम देने की मांग की, तो सुधीर ने कहा कि उनके पास फिलहाल पैसे नहीं हैं और वह तीन हजार रुपए कुछ दिनों में दे देगा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि मंगरी देवी और उनके परिवार के लोगों ने गुस्से में आकर सुधीर महतो के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद सुधीर को स्थानीय लोगों की मदद से एक टेंपो की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टर नहीं थे। वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया और स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित पक्ष से मामले की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद जांच शुरू कर दी है।

### बदरी में स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मृति जतरा का आयोजन

# स्व. कार्तिक उरांव के आदर्श आदिवासी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के बदरी खेल मैदान में स्वर्गीय डॉ कार्तिक उरांव स्मृति जतरा का भव्य आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार के एसटी, एससी, ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर जतरा की औपचारिक शुरूआत की। इस मौके पर सैकड़ों खोड़हा दलों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य-गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। वहीं बदरी प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इस दौरान अपने संबोधन में मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि डॉ कार्तिक उरांव एक महान नेता ही नहीं, बल्कि शिक्षा, समाज सुधार और विकास के क्षेत्र में आदिवासी समाज के उत्थान के लिए समर्पित प्रेरणास्त्रोत थे। राज्य सरकार उनके आदर्शों पर चलकर समाज को सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। इस मौके पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ खाखा सुशील कुमार, थाना प्रभारी पुनीत मिंज सहित मानती उरांव, तेम्बू उरांव, लालदेव भगत, संजीव उरांव, विनोद उरांव, कमख्या भगत, कमल कुजूर, मारवाड़ी भगत, प्रदीप उरांव, हीरालाल उरांव, बबलू खान और सुखराम उरांव उपस्थित थे।




स्व कार्तिक उरांव स्मृति जतरा में शामिल मंत्री चमरा लिंडा।

## कायस्थ समाज ने धूमधाम से की भगवान चित्रगुप्त की पूजा




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर प्रखंड के सरहसताल चित्रगुप्त मंदिर एवं विभिन्न ग्रामों में कायस्थ समाज के लोगों ने धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा किया। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने अपने आराध्य देवता भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के समक्ष कलम और दावत रखकर उनकी विधिवत पूजा की। इसकी जानकारी देते हुए श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय चित्रांश समिति के सचिव प्रशांत सहाय ने बताया कि चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर ग्राम रक्सा, नरही, जोरमा, बीरबल, नगर ऊंटरी, चेचरिया, जंगीपुर ग्रामों में कायस्थ समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में विधिवत्त भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बताया कि अपने-अपने घरों के अलावा सरसताल ग्राम में स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थों ने धूमधाम से सामूहिक रूप से चित्रगुप्त पूजा की। इस अवसर पर राष्ट्र की उन्नति, सद्भावना, सभी को बल ओर बुद्धि देने की कामना की। इस मौके पर मुकेश कुमार सिन्हा, प्रशांत सहाय, पारस नाथ सिन्हा, प्रकाश रंजन श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, नवनीत कुमार, उज्जवल कुमार सिन्हा, गुड्डू सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, धृति सुंदरलाल, अरविंद श्रीवास्तव, पन्ना लाल श्रीवास्तव, उदय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## खाना देने में विलंब होने पर नाराज युवक ने पत्नी के दुपट्टे से ही फंदा लगाकर की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के चीपरी रानी टोली स्थित ढाड़ी डीपा टोला में बुधवार की शाम संजू उरांव ने घर से कुछ दूर स्थित महुआ के पेड़ में पत्नी की दुपट्टा के सहारे झूलकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता समेल उरांव ने बताया कि संजू उरांव नशे की हालत में था। उसकी पत्नी के साथ खाना खाने को लेकर कुछ कहासुनी हो गयी थी, जिसके बाद उसने घर से कुछ दूरी पर स्थित महुआ के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, पत्नी सुलेखा कुमारी ने बताया कि संजू नशे में घर पहुंचा और जल्दी खाना देने को कहा। इसी बात को लेकर उनके बीच कहा सुनी हो गयी। इसके बाद वह उसके लिए खाना निकाल ही रही थी, वह गुस्सा हो गया और घर से चला गया। मुझे लगा कि थोड़ी देर में वह वापस आ जाएगा, लेकिन काफी देर होने पर भी वह घर नहीं आया तो वह अपनी सास को लेकर उसे घर से बाहर ढूंढने निकली। तभी वह घर के कुछ दूरी पर उसका मोबाइल फोन की लाइट जलती दिखी। वहां पहुंच कर देखा, तो संजू दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर पेड़ पर लटका मिला। तुरंत इसकी सूचना मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक को दी गई। मुखिया गुरुवार की सुबह घटनास्थल पहुंचकर पुलिस को सूचित किया। खबर पाकर मौके पर प पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर, मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज को प्रभावित कर रहा है। हमें अपने बच्चों और युवाओं को नशे के खतरों के बारे में जागरूक करना होगा और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा। वहीं, संजू उरांव की आत्महत्या की खबर से गांव में शोक की लहर है। लोगों ने इस घटना की निंदा की है और संजू उरांव के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



## 73 साल की वृद्धा से लाखों के गहनों की छिनतई के आठ दिन बाद भी लुटेरे पुलिस पकड़ से दूर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा रोड स्थित कुम्हार मोड़ के पास 73 साल की वृद्ध महिला से लाखों रुपये के गहनों और नकदी की छिनतई की घटना को आठ दिन बीत जाने के बाद भी आरोपित दो लुटेरे अब भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। घटना 15 अक्टूबर की बतायी जा रही है। बतातें चलें कि वृद्धा किसी काम से कुम्हार मोड़ गयी थी। वहीं दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और पानी मांगने के बहाने महिला से बातचीत करने लगे। वृद्धा ने उन्हें पानी की बोतल खरीदकर दी। इसी बीच युवकों ने झांसा दिया कि उसके छोटे बेटे पर संकट है और उसे बचाने के लिए सारे गहने एक थैले में रख देने होंगे। महिला उनकी बातों में आ गई और हाथ के कंगन, कान के झुमके, गले की चेन, अंगूठी, एक स्मार्टफोन और तीन हजार रुपये नकद थैले में रख दिए। इसके बाद दोनों युवक वहां से गहनो-पैसों से भरा थैला लेकर फरार हो गए। उधर, घटना के बाद पीड़िता के पुत्र अभिषेक प्रसाद ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। वारदात के आठ दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक अपराधियों को पकड़ नहीं सकी है।

## घाघरा : किशोर से पेड़ पर रस्सी के सहारे झूलकर की आत्महत्या

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आरंगी गांव में संजू उरांव नामक एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर घाघरा पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार संजू उरांव बुधवार की रात अपने दादा दादी के साथ खाना खाने के बाद अपने रूम में सोने चला गया। दादी-दादा भी अपने रूम में सोने चले गए। इसी बीच घर से कुछ दूरी पर एक पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे पर लटका संजू उरांव का शव ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह देखा। इसकी सूचना पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र उरांव को दी गयी। इसके बाद जितेंद्र उरांव ने तुरंत इसकी सूचना घाघरा थाने को दी। पता चला है कि मृतक का पिता बाहर कमाने गया है, जबकि उसकी मां नहीं है। वह अपने दादा-दादी के साथ ही घर पर रहता था। पुलिस मामला दर्ज कर संजू के खुदकुशी किये जाने की घटना का पता लगाने में जुट गयी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## हवाई फायरिंग कर सीआरपी जवान को दी गयी अंतिम विदाई



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी नंदू राम के पुत्र सह सीआरपीएफ के जवान अंगद कुमार (40) की जम्मू कश्मीर में इलाज के दौरान निधन हो गया। जवान का शव बुधवार की देर शाम उनके पैतृक आवास करमडीह गांव लाया गया। शव देखते ही जवान के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम जमा हो गया। इस दौरान सभी की आंखें नम हो गई। वहीं परिजनों के बीच चीख पुकार मच गया। इधर, गुरुवार को शहिद जवान का अंतिम दाह संस्कार के लिए कोयल नदी के पानी टंकी घाट स्थित शमशान घाट पर लाया गया। इसके पूर्व सीआरपीएफ 172 बटालियन के असिस्टेंट कमांडर अमित किशोर के नेतृत्व में बटालियन के जवानों द्वारा शहीद के सम्मान में फ्लैग मार्च किया गया। उसके बाद कोयल नदी के पानी टंकी घाट स्थित स्मशान घाट पर दाह संस्कार से पूर्व शहीद जवान के शव के ऊपर तिरंगा से ढककर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सीआरपीएफ 172 बटालियन के जवानों ने तीन राउंड फायर कर शहीद जवान अंगद कुमार को नम आंखों से अंतिम सलामी दी। इस दौरान लगभग 2000 संख्या में शव यात्रा में शामिल लोगों की आंखें नम हो गई। विदित हो कि शहीद जवान अंगद कुमार जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ के 237 बटालियन में कार्यरत थे। उनकी अचानक तबीयत खराब होने पर जम्मू कश्मीर में इलाज चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। मृतक अपने पीछे मां, पिता, पत्नी एवं एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

## युवक ने किया 52 साल की महिला के साथ दुष्कर्म

### आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापामारी

**सदर अस्पताल में हुई पीड़िता की मेडिकल जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर से सटे एक गांव में 27 साल के एक युवक द्वारा 52 साल की अधेड़ महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंगलवार की दोपहर दो बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक आरोपित पीड़िता का पड़ोसी है। वह महिला को साइकिल पर बैठा कर उसकी बड़ी बेटी के गांव जोड़ा डांड ले जा रहा था। जोड़ाडांड गांव से पहले कुतरी गढ़ा के पास साइकिल छोड़ दिया और पगडंडी के रास्ते महिला के साथ उसके गांव जाने लगा। रास्ते में सुनसान जगह देखकर उसकी नियत बिगड़ गई और उसने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने जब इसका विरोध किया तो वह उसकी पिटाई करने लगा। इसके बाद जमीन पर पटक कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और साईकिल लेकर वहां से भाग गया। इसके बाद महिला किसी तरह बेटी के घर पहुंची और वहां से बुधवार की सुबह अपने घर लौटने के बाद घटना की जानकारी अपनी पोती को दी। पोती ने यह बात अपने माता-पिता को बताई। इसके बाद बुधवार की शाम चार बजे महिला को लेकर परिजन गुमला थाना पहुंचे और आरोपित युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। इधर, पुलिस ने सदर अस्पताल में महिला का मेडिकल जांच कराने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए संबंधित ठिकानों पर छापामारी कर रही है। सूत्रों की मानें तो आरोपी का मोबाइल फोन बंद आ रहा है। आरोपी शहर के लोहरदगा रोड में एक मुर्गा की दुकान में काम करता है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## बीएसएल टीबी मरीजों के बीच कर रही है एंटी किट का वितरण



बोकारो (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम को बोकारो के परिक्षेत्रीय गांवों में गति प्रदान करने के उद्देश्य के तहत बीएसएल के सीएसआर के तहत टीबी से पीड़ित मरीजों के लिए एंटी टीबी किट का निःशुल्क वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि टीबी उन्मूलन हेतु बीएसएल और पीरामल स्वास्थ्य के बीच संपन्न समझौता ज्ञापन (एमओए) किया गया है। जिसके तहत बोकारो के परिक्षेत्रीय यथा गांव जैना, टांड बालीडीह, रितुडीह, डुमरो, खुटरी, टांड मनोहरपुर, बांसगोड़ा, तेतुलिआ इत्यादि में एंटी टीबी किट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। इस विशेष अभियान में पीरामल स्वास्थ्य तथा जिला टीबी अधिकारी के माध्यम से चिन्हित परिक्षेत्रीय गांवों में 400 से अधिक टीबी मरीजों को बीएसएल के सीएसआर के तहत छह (6) माह की अवधि के लिए एंटी टीबी किट निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। हाइ प्रोटीन युक्त एंटी टीबी किट में विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री शामिल है जो टीबी मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए अहम मानी जाती है। उल्लेखनीय है कि बीएसएल के सीएसआर के तहत पीरामल स्वास्थ्य की टीम मोबाइल मेडिकल यूनिट इस्पात संजीवनी के जरिए परिक्षेत्रीय गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं सक्रिय रूप से मुहैया कराती रही है। आस-पास के समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास तथा सर्वांगीण विकास के लिए बीएसएल अपने सीएसआर के तहत लगातार अपनी भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है।

## मानगो के पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता मंतोष सोरेन का निधन, क्षेत्र में शोक

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो जिले के चास प्रखंड के मानगो पंचायत के पूर्व मुखिया सह बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंतोष सोरेन का आकस्मिक निधन हो गया। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें बुधवार को बोकारो इस्पात नगर के नया मोड स्थित वॉलमार्क हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जहां कुछ ही घंटों बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार बुधवार के दोपहर में मंतोष सोरेन की तबीयत अचानक बिगड़ गयी थी। जिसके बाद परिजनों ने तत्काल उन्हें वॉलमार्क हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इलाज के क्रम में कुछ ही घंटों बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। सोरेन के निधन की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। मृतक के भाई आनंद सोरेन ने पोस्टमार्टम वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ व मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराने की मांग की। मौके पर मौजूद कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## समाजसेवी दिलीप सिंह छठव्रतियों के बीच करेंगे गेहूं, कद्दू और फल का वितरण



धनबाद (आजाद सिपाही)। आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ के शुभ अवसर पर युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ को लेकर 24 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से सांध्य 5 बजे तक छठ व्रतियों के लिए गेहूं,कद्दू और फल का वितरण दिलीप सिंह के आवासीय कार्यालय गांधी रोड में निशुल्क किया जायेगा। युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह ने सभी छठ व्रतियों से अपील की है दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पधार कर गेहूं ,फल,कद्दू प्राप्त करें।दिलीप सिंह ने धनबाद जिले के तमाम छठ व्रतियों से अपील की है कि जिन भी छठ व्रतियों को छठ पूजा के लिए जो भी सहयोग चाहिए वो करने के लिए चौबीसों घंटों तैयार है।दिलीप सिंह से छठ व्रती 08757208737 पर कॉल कर संपर्क कर सकते हैं।श्री सिंह छठ पूजा के लिए उन्हें हर संभव मदद करने को तैयार है।

## वेद प्रकाश ओझा ने छठ घाट पर चलाया सफाई अभियान



झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)। आगामी छठ पर्व को देखते हुए स्थानीय छठ घाट वार्ड 54 की व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व वेद प्रकाश ओझा ने किया। सफाई कार्य के दौरान क्षेत्र के कई समाजसेवी और नागरिक उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से अरुण रंजन, रोहित सिंह, दीपक गिरी, संतोष सिंह, अंशु सिंह, शेखर सिन्हा, शशि राम, मदन प्रसाद, सोनू ठाकुर, उमेश ठाकुर और संतोष ठाकुर शामिल थे। साथ ही कई आम नागरिकों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभायी, जिनमें रमाकांत यादव, गणेश राय, चीकू पंडित और विकास तिवारी उर्फ निशू का विशेष योगदान रहा। सभी लोगों ने मिलकर घाट की सफाई कर यह संदेश दिया कि स्वच्छता ही छठ का पहला संकल्प है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

### महुदा आरपीएफ ऑडियो कांड

## तस्करी सौदेबाजी के वायरल ऑडियो से मचा बवाल, जांच पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**आरपीएफ की साख दांव पर, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो**

**पूर्व बियाडा अध्यक्ष एवं समाजसेवी विजय झा ने इस पूरे प्रकरण पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा अगर आरपीएफ अधिकारी ही कोयला तस्करों से सौदेबाजी में लिप्त हैं और वरिष्ठ अधिकारी मौन हैं, तो यह संस्थान की विश्वसनीयता पर गहरा धब्बा है। उन्होंने आगे कहा कि अगर शीर्ष अधिकारी इस नेटवर्क का हिस्सा नहीं हैं, तो उन्हें तत्काल दोषियों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी वायरल ऑडियो को तकनीकी साक्ष्य के रूप में मान्यता दी है ऐसे में देरी का कोई औचित्य नहीं।**

महुदा। महुदा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) से जुड़ा कथित वायरल ऑडियो कांड अब तूल पकड़ चुका है और विभाग की छवि पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। इस ऑडियो में आरपीएफ ओसी कुमार राजीव और कथित तस्कर मेराज आलम के बीच केस से नाम हटाने के एवज में पैसों और वस्तुओं की मांग की बातचीत सामने आयी थी। मामले के उजागर होते ही रेल सुरक्षा बल की साख पर बट्टा लग गया है।

**जांच अधिकारी बोले – जांच पूर्ण, पर मैं बयान देने के लिए अधिकृत नहीं :** इस चर्चित मामले की जांच का जिम्मा दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा डिवीजन के एएससी शिबूराम मांडी को सौंपा गया था। जब उनसे जांच की स्थिति पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि जांच पूर्ण हो चुकी है, पर मैं मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नहीं हूं। कृपया मेरे वरिष्ठ अधिकारी से जानकारी लें। हालांकि, ऑफ रिकॉर्ड बातचीत में उन्होंने यह स्वीकार किया कि कांड संख्या 4/2025 के तहत मेराज आलम के खिलाफ मामला दर्ज है। लेकिन कई अहम सवालों पर उन्होंने चुप्पी साध ली, जिससे पूरे मामले पर रहस्य का परदा और गहरा गया है।

**रेल मंत्रालय ने लिया तत्काल संज्ञान :** गौरतलब हो कि वायरल ऑडियो सामने आने के बाद एक स्थानीय युवक ने एक्स (पूर्व ट्विटर) के माध्यम से रेल मंत्री से शिकायत की थी। रेल मंत्रालय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच का जिम्मा आद्रा डीएसपी और बोकारो एएससी को सौंप दिया।

## विधायक राज सिन्हा ने छठ व्रतियों के बीच साड़ियों का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। लोकआस्था, परंपरा और संस्कृति के प्रतीक महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचेतक एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मईडाटांड मंडल क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए छठ व्रतियों के बीच साड़ियों का वितरण किया। विधायक सिन्हा के द्वारा गांधीनगर सब्जी बागान, हनुमान मन्दिर के पास, रिफ्यूजी कॉलोनी शंभु धर्मशाला के पास और पथराकुल्ही सहित अनेक स्थानों पे साड़ियों का वितरण किया। विधायक श्री राज सिन्हा ने बताया कि छठ पूजा सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, और आत्मसंयम का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रकृति, जल, सूर्य और परिवार के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। इसी भावना के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के मनईटांड़ सहित कई स्थानों पर जाकर छठ व्रतियों को साड़ी प्रदान की, ताकि उनके उत्सव में थोड़ी और खुशियां जुड़ सकें। उन्होंने आगे कहा कि छठी मइया से यही कामना करता हूं कि हर घर में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य बना रहे। यह पर्व सामाजिक एकता और लोक परंपरा की मजबूती का प्रतीक है। धनबाद की जनता की सेवा और सुख-समृद्धि मेरी प्राथमिकता है। विधायक श्री सिन्हा ने पूजा स्थलों का निरीक्षण भी किया और स्थानीय प्रशासन को साफ-सफाई, सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला व्रतियां, भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय आमलोग और श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विधायक श्री राज सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज के हर वर्ग के साथ खड़े होकर छठ के इस पावन अवसर को और भी खास बना रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित संजय कुशवाहा, दिलीप सिंह,मौसम सिंह ने कहा कि विधायक श्री सिन्हा के जनसंपर्क और लोक आस्था के प्रति समर्पण ने उन्हें आम जनता के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया है।

## झारखंड-बिहार के कई पहलवान गोवर्धन पूजा महोत्सव में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। गोवर्धन पूजा के दिन जहां बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र की कामना किया। वही यदुवंशी समाज ने गोवर्धन पूजा में भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर बड़े ही धूमधाम से इस को मनाया है बोकारो के सेक्टर 4 सूर्य मंदिर ग्राउंड में यदुवंशी समाज ने सभी दल सभी पार्टी के नेता एक मंच पर आकर कृष्ण गोवर्धन पूजा महोत्सव मनाया। उस पूजा में मवेशियों की पूजा की गयी और दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में बिहार, झारखंड के कई नामी ग्रामीण पहलवान शामिल हुए। मुख्य अतिथि के तौर पर बरही के विधायक मनोज यादव शामिल हुये। यदुवंशी समाज के द्वारा गोवर्धन पूजा पर दंगल के आयोजन को देखने के लिए भारी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ पहुंची थी। गोवर्धन पूजा के दिन जहां यदुवंशी समाज ने कृष्ण भगवान की पूजा, मनवेशियों की पूजा की। वही इस वर्ष के पूरे यदुवंशी समाज ने अपनी समाज की उन्नति और प्रगति को लेकर एक जुटता पर पूरी तरह से केंद्रित किया है । यदुवंशी समाज के आयोजन करता हूं की मानें तो यदुवंशी समाज कई दलों में बटे हुए थे लेकिन इस बार वह एक मंच पर आकर समाज उन्नति और विकास के गाथा लिखेंगे जिससे उनका परिवार और समाज दोनों प्रगति के राह पर होगा । बोकारो में यदुवंशी समाज के गोवर्धन पूजा के अतिथि के तौर पर आये बरही के विधायक ने दंगल में आये सभी पहलवानों पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बरही के विधायक की मानें तो वह जिस समाज से आते हैं उसकी इतिहास गौरवशाली है वही कई यदुवंशी समाज के प्रबुद्ध लोगों का मानना है भगवान कृष्ण जब भगवान थे और हम उनके संतान हैं तो हमें जाति के नाम पर ग्रंथ वेद बांटने का काम कर रही है।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़ा गुरुद्वारा ने छह लाख रुपये की सहायता राशि दी

आजाद सिपाही संवाददाता



झरिया/ धनबाद। पंजाब में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड़, धनबाद ने मानवता और सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। गुरुद्वारा कमेटी ने संगतों के सहयोग से 6 लाख की राशि एकत्र कर खालसा एंड इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट को सौंपी, जो वर्तमान में पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य में लगी हुई है। बड़ा गुरुद्वारा प्रबंधक के अध्यक्ष का बयानः गुरु नानक देव जी ने सिखाया है कृत करो, नाम जपो ,वंड छकना यानी दूसरों की सेवा करना ही सबसे उत्तम सेवा पंजाब में हमारे भाई-बहन कठिन समय से गुजर रहे हैं। हमारी यही कोशिश है कि उनकी पीड़ा को थोड़ा कम किया जा सके। धनबाद जिले की संगत ने सेवा भावना से यह योगदान दिया है बड़ा गुरुद्वारा के महासचिव ने कहा कि धनबाद की संगत ने जो सहयोग किया है वह सेवा ही सिख धर्म का मूल है। धनबाद की संगतों ने जो सहयोग किया है, वह न सिर्फ आर्थिक मदद है, इस बार पंजाब की धरती पर जो आपदा आयी है, उसमें हमारी यह छोटी सी कोशिश कई परिवारों तक राहत पहुंचाने में सहायक बनेगी। पूर्व उपाध्यक्ष बड़ा गुरुद्वारा सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि खालसा एड भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर में सेवा का प्रतीक है मानस की जात सभै एकै क पहचानबो को चरितार्थ करते हुए गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर चलकर सिखी का जो सिद्धांत है सेवा ही सिखी है यही संदेश हम समाज के युवाओं में को देते आ रहे हैं सेवा सिर्फ शब्द नहीं कर्म है।

## जामाडोबा में बिजली कटौती से पांच घंटा जलापूर्ति बाधित



आजाद सिपाही संवाददाता

जोड़ापोखर/ झरिया। जामाडोबा जल संयंत्र में डीवीसी की ओर से पाँच घंटे बिजली आपूर्ति कटौती करने से जल भंडारण प्रभावित हो गया है। छह लाख से अधिक की आबादी वाले झरिया शहर और इसके आसपास क्षेत्रों में गरुवार को सामान्य जलापूर्ति नहीं हुई। पानी नहीं मिलने से लोग काफी परेशान हुए। कोलियरी क्षेत्रों में भी जलापूर्ति नहीं हुई। जामाडोबा जल संयंत्र के कर्मचारियों ने कहा कि डीवीसी की ओर से सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही । इसके कारण जल संयंत्र के नौ व बारह एमजीडी फिल्टर प्लांट में जल भंडारण प्रभावित हुआ। झरिया जलमीनार को इस कारण कम जलापूर्ति की जा रही है। झरिया शहर व आसपास के क्षेत्रों में आंशिक रूप से जलापूर्ति हो रही है। संयंत्र से भौंरा व पाथरडीह क्षेत्र में भी लोगों को आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। झमाडा कार्यपालक अभियंता आशुतोष राणा ने कहा कि झरिया और आसपास के क्षेत्रों में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। बिजली आपूर्ति ठीक से बहाल होने पर जलापूर्ति समान रूप से की जायेगी।

## बोकारो डीसी-एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर जिले भर के नदी तालाबों की साफ सफाई अब लगभग पूरी हो चुकी है। जिले के उपायुक्त और एसपी ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर वहां की गयी व्यवस्था का जायजा लिया। जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि पूरे जिले में छठ घाट लगभग तैयार हो चुके है। जिसमें लोक उपक्रमों ने भी अपनी महती भूमिका निभायी है। उन्होंने छठ व्रतियों से कहा कि आप पूरी आस्था के साथ पर्व मनाये। प्रशासन और समाज आपके सहयोग के साथ खड़ा है, साथ ही उन्होंने सुरक्षा पर भी ध्यान देने की अपील की। मौके पर मौजूद एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि प्रत्येक छठ घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से छठ पर्व सम्पन्न कराने को लेकर तत्पर है।

## सीबीसी के पंजीकृत सांस्कृतिक दल ने चलाया जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के देख रेख में गीत एवं नाटक प्रभाग सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित विषयों पर सीबीसी के पंजीकृत सांस्कृतिक दल 'डिवाइन' के कलाकारों द्वारा ग्राम टोडरा, पंचायत भास्की, प्रखंड जरीडीह जिला बोकारो में स्वच्छता ही सेवा, 'एक पेड़ मां के नाम' तथा पोषण आदि जागरूकता से जुड़े विषयों पर नुक्कड़/नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप लीडर हलदर महतो के अलावा भारती कुमारी सुनीता देवी सुनिल कुमार प्रकाश नायक आदि कलाकारों का महत्ती भूमिका रही। डिवाइन के कला द्वारा 22 अक्टूबर को जिले के कसमार ब्लॉक के हिसिम पंचायत अंतर्गत डुमर कुदर गांव में यह जागरूकता अभियान चला गया।

## दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन ही सफलता का मूल आधारः मथुरा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता




बोकारो। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में बुधवार से आयोजित तीन दिवसीय 13वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ बोकारो के एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल परिसर में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सह मुख्य सचेतक झारखंड विधानसभा एवं झारखंड कबड्डी एसोसिएशन के संरक्षक मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त अजय नाथ झा, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह एवं बोकारो जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की सफलता की शुभकामनाएं दीं और दिशोम गुरु को श्रद्धापूर्वक नमन किया। मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि कबड्डी हमें संघर्ष और आत्मविश्वास की सीख देती है। कबड्डी ऐसा खेल है जिसमें महंगे संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन यह खेल जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी संघर्ष, रणनीति और आत्मसंयम का पाठ सिखाता है।

उन्होंने कहा कि कबड्डी हमें यह सिखाती है कि बिना किसी संसाधन के भी यदि इच्छाशक्ति और अनुशासन हो, तो सफलता निश्चित है। जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की पहल से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है। अपने संबोधन में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिला प्रशासन न केवल प्रशासनिक कार्यों में बल्कि खेलों के प्रोत्साहन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। हमारा लक्ष्य बोकारो जिले में प्रतिवर्ष 3 राष्ट्रीय और 5 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करना है। बताते चलें कि प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 43 टीमें (21 महिला एवं 22 पुरुष) शामिल हुईं। खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर खेल जगत की कई जानी-मानी हस्तियां उपस्थित थे। जिसमें इंटरनेशनल कोच एवं इंटरनेशनल ट्रेनर (लेवल-3) के जगमोहन, इंटरनेशनल कबड्डी रेफरी एवं पीकेएल सीजन-3 बेस्ट रेफरी अवार्ड विजेता राणा रणजीत सिंह, प्रो कबड्डी कोच (तमिल) आनंद यादव, कबड्डी एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, सचिव मुकेश कुमार सिंह, अध्यक्ष जगदीश कुमार, तथा कनवेनर आलोक कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## 5 से आरएसएस चलायेगी गृह संपर्क अभियान : पंकज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



कतरास। गुरुवार को सिजुआ स्थित नया श्याम बाजार, राम जानकी मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक बैठक हुई जिसमें संघ शताब्दी वर्ष के तय 7 तय कार्यक्रमों में आगामी कार्यक्रम 'गृह संपर्क योजना' को लेकर चर्चा हुई। जिसमें संघ के धनबाद विभाग सह कार्यवाह पंकज सिंह ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा अर्थात 5 नवंबर से संघ के कार्यकर्ता टोली बनाकर घर-घर संपर्क करेंगे और संपर्क का मध्यम संघ साहित्य एवं पत्रक रहेगा। पत्रक का शीर्षक रहेगा 'आओ बनाये समर्थ भारत पत्रक निःशुल्क घर-घर देना है। जिसमें संगठन और सेवा के 100 वर्ष, संघ स्थापना, व्यक्ति निर्माण की कार्यपद्धति, संघ कार्य का विस्तार, सेवा कार्य, पंच परिवर्तन का विषय सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध साथ ही पत्रक में समाज के बीच काम करने वाले सज्जन शक्ति एवं संगठनों से कुछ आह्वान किया गया है। जिस विषय को भी उसमें अंकित किया गया है। बैठक में मंदिर के संचालक राम रवानी, नगर कार्यवाह चंदन गुप्ता, सह कार्यवाह छोटू गुप्ता के अलावे चार बस्तियों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


# रांची और हटिया रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प : शुचि सिंह

## ■ 15 छोटे स्टेशन के भी लुक बदल रहे हैं ■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे में तैनात शुचि सिंह इस इलाके के लिए कुछ करना चाहती हैं। 2015 बैच की सिविल सेवा की अधिकारी जबसे वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर तैनात हुई हैं, बहुत कुछ बदल गया है। हटिया के रेलवे कार्यालय में अधिकांश लोग काम करते दिखे। शुचि सिंह खुद जूनियर अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उनमें काम करने का गजब का जज्बा है। कहती हैं कि रांची और हटिया रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो जायेगा। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री ने जो कुछ सोचा है वह यहां देखने को मिलेगा। यात्रियों को विशेष सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। दोनों स्टेशन के नव निर्माण पर करीब 700 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दोनों मॉडल स्टेशन बनेंगे। इन स्टेशनों में आधुनिकता की झलक देखने को मिलेगी। 2027 तक निर्माण करा लेने का लक्ष्य रखा गया है।


इसी तरह रांची के आसपास के 15 छोटे स्टेशन अमृत स्टेशन योजना से जुड़ रहे हैं। हर एक



स्टेशन पर 6 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें नामकुम, टाटीसिलवे, गंगाघाट, बानो, पिस्का, झालदा और मूरी स्टेशन भी शामिल हैं। गोविंदपुर स्टेशन का उद्घाटन हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अपनी सेवा की शुरुआत दिल्ली से की। फिर धनबाद में रहीं। उसके बाद समस्तीपुर फिर जबलपुर और अब मार्च 2025 से रांची में हैं।

एक सवाल के जवाब में कहती हैं कि भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी। सरकारी सेवा में यह बर्दाश्त नहीं होगा। बाद में वह रांची रेलवे स्टेशन जाकर यात्रियों की परेशानियों से रूबरू भी हुईं और छठ महापर्व के लिए की गयी तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने बिहार जाने वाली ट्रेनों में खुद जाकर यात्रियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवान यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में मदद कर रहे हैं। इससे यात्रियों को अपनी यात्रा के दौरान किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।




# रांची रेल मंडल छठ महापर्व पर चला रहा है 20 विशेष ट्रेनें

## 100 यात्रियों की क्षमता वाला होल्डिंग एरिया तैयार, सुरक्षा और सुविधा पर विशेष ध्यान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के रांची रेल मंडल की ओर से गुरुवार को पत्रकारों के लिए एक विशेष मीडिया टूर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छठ पूजा के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गयी।

रांची रेल मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक शुचि सिंह ने सभी यात्रियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षित, सहज और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः तत्पर है। उन्होंने बताया कि नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त रांची डिवीजन से बिहार के पटना, आरा तथा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई जिलों के लिए 20 विशेष ट्रेनें चलायी जा रही हैं। छठ पर्व के दौरान कुल 500 ट्रिप्स की योजना बनायी गयी है। साथ ही वरिष्ठ अधिकारी 247 स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात हैं, ताकि हर स्थिति में सुचारु संचालन बना रहे।

**होल्डिंग एरिया में बैठ रहे यात्री :** यात्रियों की अधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर में 100 यात्रियों की क्षमता वाला होल्डिंग एरिया बनाया गया है। यहां पेयजल, साफ-सफाई एवं



शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं, जिससे सभी यात्रियों को आरामदायक वातावरण मिल सके।

**विश्वस्तरीय सुविधाएं देना लक्ष्य :** शुचि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत @2047 के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना रांची रेल मंडल का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेल मंत्रालय निरंतर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर कार्यरत है।

**कैटरिंग कर्मियों को दिये गये आवश्यक उपकरण :** रांची रेल मंडल ने कैटरिंग कर्मचारियों को आवश्यक उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराए हैं, ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान भोजन संबंधी किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

**वार रूम में विशेष स्टाफ तैनात**
भीड़ प्रबंधन और अपराध-मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए रांची रेलवे स्टेशन में एक वार रूम स्थापित किया गया है। यहां से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सभी प्लेटफॉर्मों और पथों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती की गयी है।

**इन बातों का रखा जा रहा है विशेष ध्यान :** रांची रेलवे स्टेशन पर कतार-आधारित होल्डिंग व्यवस्था लागू की गयी है। प्रवेश और निकास द्वारों पर आरपीएफ द्वारा भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित किया जा रहा है। स्टेशन पर मेडिकल सुविधा के साथ-साथ रेल मदद ऐप के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।




# कर्नाटक में डेटा सेंटर ऑपरेटर ने वोटरों के नाम हटाये

● एसआइटी के अनुसार हर मतदाता पर 80 रुपये मिले, 6000 एप्लिकेशन थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा खुलासा हुआ है। इंडिया एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) ने वोटर्स लिस्ट में अनियमितताओं की जांच के दौरान पाया कि एक डेटा सेंटर ऑपरेटर को प्रत्येक मतदाता के नाम फर्जी तरीके से हटाने के लिए 80 रुपये मिले थे।

एसआइटी के अनुसार दिसंबर 2022 और फरवरी 2023 के बीच आलंद सीट पर 6,018 वोटरों के नाम हटाने के आवेदन आए थे। यानी डेटा सेंटर ऑपरेटर को कुल मिलाकर ?4.8 लाख का भुगतान किया गया।

एसआइटी ने कलबुर्गी जिला मुख्यालय में एक डेटा सेंटर की पहचान भी की है, जहां से वोटरों के नाम हटाने के एप्लिकेशन भेजे गए थे। जांच में यह भी पता चला कि जो 6,018 एप्लिकेशन आये थे, उनमें केवल 24 ही सही थे। क्योंकि वे आलंद में अब नहीं रहते। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 18 सितंबर को कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। उन्होंने आरोपों के समर्थन में आलंद के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई थी।

सीआइटी की साइबर क्राइम यूनिट मामले की जांच कर रही थी। 26 सितंबर को एसआइटी ने जांच अपने हाथ में ले ली थी। पिछले हफ्ते एसआइटी ने भाजपा नेता सुभाष गुट्टेदार से जुड़ी संपत्तियों पर छापे मारे। 2023 में सुभाष गुट्टेदार आलंद से कांग्रेस के बी आर पाटिल से हार गये थे।

आलंद से चार बार विधायक रहे भाजपा नेता गुट्टेदार ने दावा किया है कि मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले में उनका कोई लेना-देना नहीं है।

# बैंक अकाउंट में अब 4 नॉमिनी जोड़ पायेंगे, नया नियम 1 से लागू होगा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** बैंक कस्टमर अब अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ पायेंगे और ये भी तय कर पायेंगे कि किसे कितना हिस्सा मिलेगा और किसे पहले प्राथमिकता दी जायेगी। ग्राहक अपनी सुविधा के हिसाब से खाते में एक-एक करके या चारों नाम एक ही साथ जोड़ पायेंगे। सरकार ने बैंकिंग सिस्टम में क्लेम के एक समान और आसान निपटारे के लिए ये व्यवस्था शुरू की है। सेफ कस्टडी में रखी चीजों और सेफ्टी लॉकर्स के लिए सिर्फ एक्सेसिव नॉमिनेशन यानी एक के बाद एक नाम नॉमिनेट करने की इजाजत होगी। गुरुवार को वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैंकिंग लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2025 के नॉमिनेशन से जुड़े मुख्य नियम एक नवंबर से लागू होंगे। ये एक्ट 15 अप्रैल 2025 को नोटिफाई हुआ था। मंत्रालय ने कहा, ह्यग्राहक चार नॉमिनी बना सकते हैं और हर नॉमिनी का हिस्सा या प्रतिशत तय कर सकते हैं। इससे सभी नॉमिनी के बीच ट्रांसपैरेंट बंटवारा होगा। जो लोग डिपॉजिट, सेफ कस्टडी में सामान या लॉकर रखते हैं, वो चार नॉमिनी बना सकते हैं। अगर ऊपर वाला नॉमिनी नहीं रहा, तो अगला नॉमिनी काम करेगा। इससे निपटारा और उत्तराधिकार में क्लेरिटी रहेगी। अगले महीने से लागू हो रहे बैंकिंग कंपनियां (नॉमिनेशन) नियम 2025 में नॉमिनेशन बनाने, रद्द करने या एक से ज्यादा नॉमिनी तय करने के लिए प्रोसेस औरस फॉर्म होंगे जल्द जारी होंगे।




# तीनों सेनाओं के लिए 79,000 करोड़ के हथियार खरीदे जायेंगे

## रक्षा मंत्रालय ने मंजूरी दी, इसमें एडवांस नाग मिसाइल सिस्टम और सुपर रैपिड गन शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को करीब 79,000 करोड़ रुपये के एडवांस हथियार और सैन्य उपकरण खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में ये फैसला लिया गया।

इससे नाग मिसाइल खरीदी जायेंगी, जो दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह करने में सक्षम है। लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनाये जायेंगे, जिससे समुद्र से जमीन पर ऑपरेशन आसान हो सके। साथ ही एडवांस लाइटवेट टारपीडो की खरीद होगी, ताकि समंदर में पनडुब्बियों को ध्वस्त किया जा सके। इसके अलावा सुपर रैपिड गन खरीदी जायेंगी।

इसमें नेवी, इंडियन आर्मी और एयरफोर्स के लिए कई महत्वपूर्ण सिस्टम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य सेना की क्षमता और तैनाती को बढ़ाना है। इससे पहले 5 अगस्त को करीब 67,000 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी।

### थल सेना

थल सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम (Tracked) एमके-II, खरीदा जायेगा, जो ट्रैक्ड व्हीकल्स पर चलेगा। ये मिसाइल दुश्मन के



टैंक, बंकर और दूसरी मजबूत दीवारों का खात्मा करने में माहिर है। दूसरा है ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ELINT System (GBMES), जो 24 घंटे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगा। ये सिस्टम दुश्मन के रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल्स को पकड़कर सिक्योरिटी को मजबूत करेगा। हाई क्वालिटी मोबिलिटी वेहिकल, जो मैटेरियल हैंडलिंगि क्रेन के साथ होगा। ये गाड़ियां हर तरह के जंगली इलाकों में सामान पहुंचाने और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने में काम आयेंगी। इससे सेना को हर मौसम और जगह पर फायदा होगा।

### नेवी

नेवी के लिए लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनेगा, जो नेवी को समुद्र में बड़े ऑपरेशंस करने में मदद करेगा। ये शिप्स सेना को किनारे पर उतारने और एम्फीबियस ऑपरेशंस यानी समुद्र से जमीन पर करने में आसानी देंगे। साथ ही शांति मिशन, राहत कार्य और डिजास्टर मैनेजमेंट में भी सपोर्ट करेंगे। इसके अलावा, 30 नेवल सरफेस गन और एडवांस लाइटवेट टॉरपीडो भी मिलेंगे। इसे डीआरडीओ की नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लैब ने बनाया है, जो न्यूक्लियर और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है। इसके साथ ही इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76एमएम सुपर रैपिड गन माउंट के लिए स्मार्ट फायर कंट्रोल मशीन भी आयेगी। इससे नेवी की फायरिंग पावर और सटीकता बढ़ जायेगी। कोस्ट गार्ड को भी 30एमएम एनएसजी से फायदा होगा, जिससे समुद्र में पाइरेसी और दूसरी गतिविधियों पर काबू पाना आसान होगा।

### एयरफोर्स

एयरफोर्स के लिए कोलैबरेटिव लांग रेंज टारगेट सेचुरेशन और डिस्ट्रक्शन सिस्टम खरीदा जायेगा। ये सिस्टम बिना पायलट के प्लेन को टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, टारगेट डिटेक्शन और अटैक करने की ताकत देगा। यानी ये ऑटोनॉमस तरीके से दुश्मन पर हमला करेगा। इससे एयरफोर्स की स्ट्राइक पावर और बढ़ जायेगी।

रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ये नयी खरीदें सिर्फ सेनाओं की ताकत और तैयारी नहीं बढ़ायेंगी, बल्कि राहत, बचाव और शांति मिशनों में भी काम आयेंगी। इनमें से कई सिस्टम देश में ही बनाये गये हैं, जिससे देश की रक्षा तकनीक और उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

सरकार ने बताया कि ये फैसले हाल की सुरक्षा चुनौतियों और सैन्य अभियानों को देखते हुए लिये गये हैं, ताकि देश की रक्षा और तैनाती क्षमता और मजबूत हो सके।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**